3 राजधानी
12 सड़कों का होगा कायाकल्प

6 अभिमत
दुनियाभर में महंगाई की मार

9 राष्ट्रीय
बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से दिनदहाड़े 37 लाख की लूट

10 विदेश
अफगानिस्तान की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 199
नई दिल्ली, शनिवार, 28 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



पंत अगर 100 टेस्ट खेलते हैं तो रिकार्ड बना सकते हैं
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# क्रूज ड्रग केस में आर्यन खान को क्लीन चिट

● इस मामले में 22 दिन जेल में थे शाहरुख खान के बेटे

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई/नई दिल्ली



**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में शुक्रवार को क्लीन चिट दे दी। पिछले साल हुए इस मामले में गिरफ्तारी के बाद आर्यन को 22 दिन जेल में बिताने पड़े थे। एनसीबी के अधिकारियों ने कहा कि आर्यन खान और पांच अन्य को पर्याप्त सबूतों के अभाव के चलते आरोप पत्र में नामजद नहीं किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि एनसीबी के विशेष जांच दल (एसआईटी) को जांच में गंभीर अनियमितताएं और गलतियों के बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि आर्यन को गिरफ्तार करने वाली एनसीबी की टीम ने आरोपी की स्वास्थ्य जांच, छापेमारी की वीडियो रिकॉर्डिंग और व्हाट्सऐप चैट में मिले सबूतों की पुष्टि जैसे नियमों का पालन नहीं किया।

एनसीबी प्रमुख एसएन प्रधान ने दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि जांच में कुछ खामियां पाई गईं और अदालत में आरोपों को साबित करने के लिए आरोपी के व्हाट्सएप चैट में कोई पक्का सबूत नहीं था। एनसीबी ने शुक्रवार को मुंबई की एक अदालत में 14 आरोपियों के खिलाफ छह हजार पृष्ठ का आरोप पत्र दाखिल किया। हालांकि आर्यन खान समेत छह लोगों के खिलाफ सबूतों के अभाव के चलते आरोप नहीं लगाए गए। प्रधान ने कहा, आरोप पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख तक हमारी विशेष जांच टीम को जो कुछ भी मिला, उसके आधार पर हमने आरोप पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा, हमने सबूत के सिद्धांत के आधार पर जांच की। प्रधान ने कहा, हमें 14 लोगों के खिलाफ भौतिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य मिले और छह के खिलाफ सबूत अपर्याप्त थे। उन्होंने कहा, हमने शुरुआती जांच के दौरान मिले सभी तथ्यों पर विचार किया और (आर्यन के खिलाफ) कोई ठोस सबूत नहीं मिला। यह पूछे जाने पर कि क्या शाहरुख खान से पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा, कुछ संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की गई, लेकिन उनके नाम नहीं बताए जा सकते। आर्यन खान के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि सच्चाई की जीत हुई है। उन्होंने कहा, मैं राहत महसूस कर रहा हूं, और मेरे मुवक्किल शाहरुख खान भी राहत महसूस कर रहे होंगे। सच्चाई की जीत हुई है। आखिरकार, इस युवक (आर्यन खान) पर आरोप लगाने या उसे गिरफ्तार करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा कि एनसीबी ने अपनी गलती स्वीकार की और महसूस किया कि आर्यन खान के खिलाफ आगे बढ़ने का कोई कारण नहीं है।

आर्यन खान के वकील सतीश मानशिंदे ने मुंबई में कहा कि उनके मुवक्किल को गिरफ्तार किया जाना और तीन सप्ताह से अधिक समय जेल में रखा जाना अनुचित था, क्योंकि उनके पास से कोई मादक पदार्थ नहीं मिला था। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मानशिंदे ने कहा, आर्यन को गिरफ्तार कर हिरासत में रखा जाना अनुचित था, खासकर तब जब उनके पास कोई मादक पदार्थ नहीं मिला था। और उनके विरुद्ध किसी भी तरह का कोई सबूत नहीं था। इससे पहले मुंबई की एक अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने वाले एनसीबी (शेष पेज 8)

## केंद्र ने एनसीबी के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने वित्त मंत्रालय से स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ क्रूज जहाज से मादक द्रव्य की बरामदगी मामले की कथित तौर पर लचर जांच करने को लेकर कार्वाई करने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस मामले में पिछले साल फिल्म अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन की भी गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर फर्जी जाति प्रमाण-पत्र देने के मामले में भी वानखेड़े के खिलाफ उचित कार्वाई की जा रही है। अक्टूबर 2021 में क्रूज जहाज से मादक द्रव्य की बरामदगी मामले में शुक्रवार को आर्यन खान को स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने क्लीन चिट दे दी। वानखेड़े भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी हैं और उनके खिलाफ कार्वाई करने के लिए वित्त मंत्रालय नोडल प्राधिकरण है। सूत्रों ने कहा कि सरकार ने सक्षम प्राधिकारी से क्रूज जहाज से मादक द्रव्य की बरामदगी मामले में कथित लचर जांच के लिए वानखेड़े के खिलाफ उचित कार्वाई करने को कहा है। वानखेड़े तब एनसीबी के मुंबई क्षेत्रीय निदेशक थे और उन्होंने एक क्रूज जहाज पर मादक द्रव्यों को लेकर की गई छापेमारी के बाद प्रारंभिक जांच का जिम्मा संभाला था। आर्यन खान को इस मामले में पिछले साल तीन अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। बंबई उच्च न्यायालय ने 28 अप्रैल को आर्यन को जमानत देने के दौरान एनसीबी की दलील को खारिज करते हुए कहा था कि वह इतने गंभीर आरोपों पर सिर्फ व्हाट्सऐप संदेशों पर भरोसा नहीं कर सकती है। एनसीबी मुख्यालय द्वारा पिछले साल छह नवंबर को वानखेड़े को जांच से हटा दिया गया था और मामले को मुंबई से दिल्ली स्थित एसआईटी को स्थानांतरित कर दिया था, जिसका गठन उसके उप निदेशक (अभियान) संजय कुमार सिंह के तहत किया गया था। मुंबई की एक अदालत में आरोपपत्र दाखिल करने वाले एनसीबी के अधिकारियों ने कहा कि आर्यन और पांच अन्य के नाम पर्याप्त सबूतों की कमी के कारण नहीं हैं।

# भारत 2030 तक बन जाएगा ड्रोन हबः पीएम



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कृषि, खेल, रक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में तेजी से बढ़ेगा इस्तेमाल

● सरकारी कामकाज के निरीक्षण और योजनाओं को अंतिम सिरे तक पहुंचाने में मिलेगी मदद

● मोदी ने दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय भारत ड्रोन महोत्सव का किया उद्घाटन

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी का सुनहरा भविष्य है। उन्होंने कहा कि 'वे इसकी मदद से पूरे देश में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर लेते हैं।' मोदी कहा कि ये देश में दूर दराज के इलाकों में योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होंगे।

उन्होंने पूर्व की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उस समय टेक्नोलॉजी को समस्या का एक हिस्सा समझा जाता था तथा इस बात की कोशिश होती थी कि इसे गरीब विरोधी के तौर पर पेश किया जाए।' पीएम ने कहा कि 2030 तक भारत ड्रोन हब बनेगा। दो दिवसीय भारत ड्रोन महोत्सव 2022 का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि कृषि, खेल, रक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में (शेष पेज 8)

# आय से अधिक संपत्ति मामले में चौटाला को चार साल की सजा

सीबीआई ने 2005 में दर्ज किया था मामला




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को शुक्रवार को चार साल जेल की सजा सुनाई।

विशेष न्यायाधीश विकास ढल ने 1993 से 2006 तक आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में चौटाला पर 50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को उनकी चार संपत्तियों को जब्त करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने पिछले सप्ताह चौटाला को दोषी करार देते हुए कहा था कि आरोपी उक्त अवधि में ज्ञात आय के स्रोत से इतर हासिल अतिरिक्त संपत्ति का संतोषजनक हिसाब देने में असफल रहा। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चौटाला के खिलाफ 2005 में मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने 26 मार्च 2010 में दाखिल आरोप पत्र में आरोप लगाया था कि चौटाला ने 1993 से 2006 के बीच वैध आय से अधिक संपत्ति बनाई।

सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक चौटाला ने 24 जुलाई 1999 से पांच मार्च 2005 तक हरियाणा का मुख्यमंत्री रहते हुए परिवार और अन्य के साथ साठगांठ कर आय के ज्ञात स्रोत से अधिक चल एवं अचल संपत्ति अर्जित की। यह संपत्ति चौटाला और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर अर्जित की गई। सीबीआई के मुताबिक चौटाला ने आय से 6.09 करोड़ रुपए से अधिक संपत्ति अर्जित की जो उनके ज्ञात आय के स्रोत से 189.11 फीसदी अधिक थी।

# नदी में गिरा वाहन, सात सैनिकों की मौत



**भाषा।** नई दिल्ली

**थल** सेना के कर्मियों को ले जा रहा एक वाहन शुक्रवार को लद्दाख के तुकतुक सेक्टर में सड़क से फिसल कर श्योक नदी में गिर गया, जिससे सात सैनिकों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थोइसे से करीब 25 किमी दूर एक स्थान पर सुबह करीब नौ बजे यह दुर्घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि सैनिक जिस वाहन में सवार थे, वह सड़क से फिसल कर श्योक नदी में जा गिरा। करीब 26 सैनिकों के एक दल को लेकर वाहन परतापुर ट्रांजिट कैम्प से हनीफ सब-सेक्टर में स्थित एक अग्रिम स्थान पर जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया, अब तक सात सैनिकों को मृत घोषित किया गया है। अन्य को गंभीर चोटें भी आई (शेष पेज 8)

## प्रधानमंत्री ने लद्दाख हादसे पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लद्दाख में हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया, जिसमें थल सेना के सात जवानों की मृत्यु हो गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता दी जा रही है।

इससे पहले सेना के अधिकारियों ने कहा था कि थल सेना के कर्मियों को ले जा रहा एक वाहन शुक्रवार को लद्दाख के तुकतुक सेक्टर में सड़क से फिसल कर श्योक नदी में गिर गया, जिससे सात सैनिकों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि थोइसे से करीब 25 किमी की दूरी पर सुबह करीब नौ बजे यह दुर्घटना हुई। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि लद्दाख में हुई बस दुर्घटना से (शेष पेज 8)

# हॉलीवुड की तर्ज पर 40 कारें चुराने वाले तीन चोर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● जीपीएस को निष्क्रिय कर चंद मिनटों में खोल देते थे कार का लॉक

● चोरी की कारों को राजस्थान में बेचते थे आरोपी

**हॉलीवुड** की फिल्म फास्ट एंड फ्यूरियस कार रेस पसंद करने वालों के बीच खूब पसंद की जाती है। इस फिल्म में अत्याधुनिक तकनीकों से लैस कारें शौकीनों को खूब लुभाती है। लेकिन इस फिल्म से प्रेरित होकर महंगी व लग्जरी कार चोरी को अपना पेशा बनाने वाले तीन कार चोरों को दिल्ली पुलिस ने 40 आलीशान कार चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि चोरी की कारों के मुख्य आपूर्तिकर्ता मोहम्मद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वह राजस्थान में इन कारों को बेचा करता था। डीसीपी ने कहा कि आरोपी हॉलीवुड फिल्म द फास्ट एंड द फ्यूरियस से प्रेरित थे और जीपीएस को निष्क्रिय कर चंद मिनटों में कार के लॉक व दरवाजों को खोल देते थे। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान दिल्ली के उत्तम नगर के निवासियों मनीष राव (42), जगदीप शर्मा (43) और मेरठ के आस मोहम्मद (40) के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) मनोज सी. ने बताया कि राव और शर्मा को चोरी की कार का सौदा करते समय गिरफ्तार किया गया। कार को दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके से चुराया गया था। उन्होंने कहा कि चोरी के वाहन की तलाश के दौरान सेंसर किट, मैग्नेट, एलएनटी चाबियां और रिमोट से चलने वाली आठ चाबियां बरामद हुईं।

# सीबीआई अदालत ने रुबैया सईद को उनके अपहरण के मामले में किया तलब

**जम्मू।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुत्री रूबैया सईद को समन जारी कर उन्हें 15 जुलाई को पेश होने के लिए कहा है। उन्हें 1989 में हुए उनके अपहरण से जुड़े मामले में पेश होने को कहा गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह पहला मौका है जब रुबैया सईद को मामले में पेश होने के लिए कहा गया है। उनका आठ दिसंबर 1989 को अपहरण कर लिया गया था। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी समर्थित तत्कालीन वी. पी. सिंह सरकार ने उनकी रिहाई के बदले जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के पांच आतंकवादियों को रिहा करने का फैसला किया था। रुबैया सईद तमिलनाडु में रहती हैं और सीबीआई ने उन्हें अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में सूचीबद्ध किया है। सीबीआई ने 1990 के दशक की शुरुआत में इस मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। रूबैया सईद अपहरण मामले में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जेकेएलएफ का (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,884 | ↑ 632 | |
| निफ्टी | 16,352 | ↑ 182 | |
| सोना | 50,939 | ↑ 303 | /10g |
| चांदी | 62,636 | ↑ 1023 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ईडी ने फारूक अब्दुल्ला को धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए किया तलब

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए 31 मई को दिल्ली तलब किया है। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। माना जाता है कि यह पूछताछ जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) में कथित वित्तीय अनिमियतता के मामले में की जाएगी। संघीय एजेंसी इस मामले की जांच कर रही है। यह समन धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत जारी किया गया है और अब्दुल्ला को 31 मई को ईडी के दिल्ली स्थित मुख्यालय में तलब किया गया है। ईडी ने इस मामले में 2020 में अब्दुल्ला की 11.86 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के 84 वर्षीय संरक्षक से ईडी इस मामले में कई बार पूछताछ कर चुकी है।

# कोलकाता में एक और मॉडल ने की आत्महत्या, 15 दिनों में तीसरी घटना

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

● साथी मॉडल बिदिशा की मौत से गहरे अवसाद में थीं मंजूषा

**पश्चिम** बंगाल में कोलकाता के पतुली क्षेत्र में मॉडल ने घर में फंदा लगाकर कथित रूप से खुदकुशी कर ली। इससे दो दिन पहले उसकी साथी मॉडल ने आत्महत्या की थी। इससे 15 दिन पहले यहां एक और मॉडल ने आत्महत्या की थी। पिछले 15 दिनों में तीन मॉडल के आत्महत्या करने से हर कोई हतप्रभ है। पुलिस के मुताबिक, मृतका की पहचान मंजूषा नियोगी के तौर पर हुई है।

उसकी मां का दावा है कि वह अपनी दोस्त और अन्य मॉडल बिदिशा डे मजूमदार की दो दिन पहले हुई मौत के बाद से गहरे अवसाद में थी। मजूमदार दुल्हन के मेकअप के फोटोशूट के लिए एक जाना माना चेहरा थी। उन्होंने बुधवार की शाम को दमदम इलाके में अपने किराए के फ्लैट में कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नियोगी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ताकि मौत के सटीक कारण का पता लगाया जा सके। नियोगी की मां ने कहा कि मेरी बेटी अपनी सहेली बिदिशा की मौत के बाद से गहरे अवसाद में थी और लगातार उसकी ही बातें किए जा रही थी। टीवी धारावाहिकों में काम करने वाली प्रसिद्ध अभिनेत्री पल्लबी डे हाल में दक्षिण कोलकाता के गरफा इलाके में स्थित अपने किराए के फ्लैट में फंदे से लटकी मिली थीं। पिछले 15 दिनों में टॉलीवुड में तीन मॉडल के आत्महत्या करने से हरकोई हतप्रभ है।

## गीतांजलि का टॉम्ब ऑफ सैंड अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाला पहला हिंदी उपन्यास बना



**लंदन।** लेखिका गीतांजलि श्री के हिंदी उपन्यास टॉम्ब ऑफ सैंड को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से नवाजा गया है। यह उपन्यास इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने वाला किसी भारतीय भाषा का पहला उपन्यास है। लंदन में बृहस्पतिवार को आयोजित समारोह में गीतांजलि श्री ने कहा कि वह इस पल के लिए तैयार नहीं थीं और पुरस्कार पाकर पूरी तरह से अभिभूत हैं। लेखिका ने 50,000 ब्रिटिश पाउंड का पुरस्कार डेजी रॉकवेल के साथ साझा किया। रॉकवेल ने गीतांजलि श्री के उपन्यास का अंग्रेजी (शेष पेज 8)

# ऐतिहासिक राइफल और हेलमेट राष्ट्रीय स्मारक पर पहुंचाए

● रक्षा मंत्रालय ने कहा-राष्ट्रीय समर स्मारक के साथ 1971 के शहीद सैनिकों के स्मारक का एकीकरण पूरा हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**इंडिया** गेट पर प्रतिष्ठित अमर जवान ज्योति का हिस्सा रही ऐतिहासिक राइफल और सैनिक के हेलमेट को शुक्रवार को एक समारोह में राष्ट्रीय समर स्मारक में स्थानांतरित किया गया। वर्ष 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के प्रतीक, उलटी राइफल और हेलमेट को अब परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं की प्रतिमाओं के बीच स्थापित कर दिया गया।


रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार ने कहा कि इस प्रक्रिया के साथ ही राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के साथ 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों के स्मारक का एकीकरण पूरा हो गया है। समारोह का नेतृत्व चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ टू द चेयरमैन, चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) एयर मार्शल बीआर कृष्णा ने किया। इसमें तीनों सशस्त्र बलों (थल सेना, वायु सेना और नौ सेना) के वरिष्ठ अधिकारी भी शरीक हुए। इंडिया गेट पर स्थित अमर जवान ज्योति को जनवरी में राष्ट्रीय समर स्मारक की ज्योति में विलय कर दिया गया था। राष्ट्रीय समर स्मारक, इंडिया गेट से करीब 400 मीटर की दूरी पर स्थित है। अमर जवान ज्योति का निर्माण उन भारतीय सैनिकों के एक स्मारक के तौर पर किया गया था जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए थे। इस युद्ध में भारत विजयी रहा था। अमर जवान ज्योति का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 26 जनवरी 1972 को किया था। समारोह में हेलमेट और उल्टे राइफल को अंतिम सलामी दी गई और सीआईएससी ने इंडिया गेट पर माल्यार्पण किया गया।

इसके बाद एक वाहन में परम योद्धा स्थल तक ले जाया गया और नए बनाए गए स्मारक में स्थापित किया गया। जहां सेना के तीनों अंगों के एजी समकक्षों के साथ सीआईएससी ने नए स्मारक को सलामी दी। इंडिया गेट के नीचे से अमर जवान ज्योति से अनन्त लौ को राष्ट्रीय समर स्मारक में अमर लौ के साथ विलय करने के चार महीने बाद राइफल और हेलमेट को स्थानांतरित कर दिया गया था। इसका उद्घाटन फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। तब कांग्रेस ने इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति की शाश्वत लौ (शेष पेज 8)

# हेलीपोर्ट प्रोजेक्ट को योगी सरकार ने दी हरी झंडी

## ग्लोबल टेंडर में केवल एक कंपनी ने रुचि दिखाई, मानकों के आधार पर परीक्षण करेगा प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



शहर के सेक्टर-151 में प्रस्तावित हेलीपैड के निर्माण के लिए योगी सरकार ने हरी झंडी दे दी है। इस परियोजना की राह से सबसे बड़ी बाधा दूर हो गई है। प्राधिकरण के तरफसे हेलीपोर्ट के लिए निकाले गए ग्लोबल टेंडर में केवल एक ही कम्पनी ने रुचि दिखाई है। नियम के अनुसार एक बिडर आने पर कंपनी को काम एलॉट नहीं किया जा सकता है।

यह जानकारी प्राधिकरण ने शासन को भेजी और मार्गदर्शन मांगा। हाल में ही शासन स्तर के अधिकारियों के साथ प्राधिकरण ने बैठक की। शासन ने इस प्रोजेक्ट में रुचि दिखाने वाली इकलौती कंपनी पर मुहर लगा दी है। जानकारी के मुताबिक, नोएडा प्राधिकरण दुनिया भर की कंपनियों को कई बार टेंडर प्रक्रिया में आमंत्रित किया है, लेकिन इस प्रोजेक्ट पर किसी कंपनी ने रुचि नहीं दिखाई। हर बार टेंडर प्रक्रिया में एक ही कंपनी ने हिस्सा लिया। अब प्राधिकरण टेंडर में आई अकेली एजेंसी के दावों और अनुभव का मानकों के आधार पर परीक्षण करेगी।

सभी दावे ठीक पाए जाने पर प्राधिकरण कंपनी को काम सौंप देगी। खास बात यह है कि नोएडा हेलीपोर्ट का निर्माण भी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की तर्ज पर किया जाएगा। नोएडा में यह देश का सबसे बड़ा हेलीपोर्ट बनने जा रहा है। अथॉरिटी का फोकस अब सेक्टर.151ए के डिवेलपमेंट पर है। इसी के चलते यहां 120 एकड़ जमीन को एनसीआर के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। जिसमें 90 एकड़ में गोल्फकोर्स, 20 एकड़ में स्पोर्ट्स एडवेंचर पार्क और 10 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर हेलीपैड बनाया जाएगा।

2004 से नोएडा में हेलीपैड बनाने पर विचार चल रहा है, जिसे अब मंजूर मिल गई है। तीनों प्रॉजेक्टों के निर्माण पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हेलीपैड में कई हेलीकॉप्टर एक साथ उतरने की सुविधा होगी। शहर में बढ़ रहे मल्टिनैशनल कंपनियों के निवेश और आए दिन सीएम व पीएम का कार्यक्रम होने के चलते हर बार हेलीकॉप्टर उतारने के लिए अस्थायी व्यवस्था करनी पड़ती है। इसी जरूरत को देखते हुए इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। करीब 170 करोड़ की लागत से बनने वाले गोल्फकोर्स के बनने से पहले ही मेंबरशिप खोलने का प्लान है। स्पोर्ट्स एडवेंचर पार्क में मनोरंजन के विभिन्न संसाधन होंगे। इसे पिकनिक स्पॉट के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

### दुनिया का सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर एमआई- 172 उतर सकेगा

नोएडा हेलीपोर्ट का उपयोग बहुउद्देशीय होगा। यहां से कमर्शियल उड़ान होंगी। जिनके लिए बेल-412 हेलीकॉप्टर उपयोग होते हैं। इन हेलीकॉप्टर्स में 12 यात्री सवार हो सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े हेलीकॉप्टर एमआई.172 भी यहां लैंड.टेकऑफकर सकेगा। इन हेलीकॉप्टर की क्षमता 26 यात्रियों को लाने या ले जाने की होती है। इन बड़े हेलीकॉप्टर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नोएडा हेलीपोर्ट का डिजाइन तैयार किया गया है।

## दुकानदार और ग्राहकों में मोमोज को लेकर चले लाठी-डंडे

**नोएडा।** वेज के बजाए नॉनवेज मोमोज परोसने पर दुकानदार और ग्राहकों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। तीन ग्राहकों को गंभीर चोट आने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया। इस मामले में मोमेज बेचने वाले चार लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है। रबूपुरा निवासी तीन दोस्त कपिल, विक्की और रिंकू ग्रेटर नोएडा में यथार्थ अस्पताल के सामने दुकान पर मोमोज खाने गए थे। उन्होंने दुकानदार से वेज मोमोज मांगे थे लेकिन उसने नॉन वेज मोमोज परोस दिए। इसी बात को लेकर तीनों युवक भड़क गए और दुकानदार के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# संक्षिप्त समाचार

### ज्वैलरी पार्क बसाने को यमुना अथॉरिटी को लिखा खत

**नोएडा।** नोएडा ज्वैलर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह को एक पत्र लिखकर कहा है कि जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास ज्वैलरी पार्क विकसित किया जाए। शहर के आभूषण विक्रेता और निर्माताओं ने प्राधिकरण की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। नोएडा ज्वैलर्स वैलफेयर ऐसोसिएशन के चेयरमैन सुधीर सिंघल ने कहा आत्मनिर्भर भारत के तहत देश में गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के उत्पादन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण शानदार हैं। वैश्विक बाजार में भारत की प्रमुख हिस्सेदारी हासिल करने के लिए सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले आभूषणों के उत्पादन को प्रोत्साहित करना जरूरी है। इसके लिए हम जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा के पास ज्वेलरी पार्क बना सकते हैं।

### कारों के शीशे तोड़ लैपटॉप-नगदी चोरी

**गाजियाबाद।** टीएचए में बदमाशों ने चार कारों के शीशे तोड़कर लैपटॉप और नगदी चोरी कर ली। मामले में पीड़ितों ने पुलिस में केस दर्ज कराकर आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। वसुंधरा सेक्टर.एक के रवि कुमार वर्मा की कार वसुंधरा सेक्टर-15 में खड़ी थी। चोरों ने उसका शीशा तोड़कर नकदी व दस्तावेज चोरी कर लिए। उन्होंने आसपास देखा लेकिन कोई संदिग्ध नहीं मिला। पीड़ित ने इंदिरापुरम थाने में शिकायत देकर केस दर्ज कराया है। वसुंधरा सेक्टर.5 में रहने वाले आमिर सिद्दीकी किसी काम से इंदिरापुरम शक्ति खंड.3 आए थे। वापस लौटे तो बदमाशों ने उनकी कार का शीशा तोड़कर 60 हजार रुपये और अन्य सामान चोरी कर लिया। राजनगर एक्सटेंशन निवासी दुष्यंत बब्बर की कार शिप्रा माल के पास खड़ी थी। चोरों ने उसका शीशा तोड़कर लैपटाप व मोबाइल चोरी कर लिया।

### संजय नगर और बसंत रोड बाजार में लोगों को परेशानी

**गाजियाबाद।** कई बाजारों में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन कवि नगर जोन के संजय नगर सेक्टर 23 बाजार में सड़क तक दुकानों के बाहर अतिक्रमण से लोगों को रोज जाम की परेशानी से जूझना पड़ता है। दुकानदारों ने यहां बांस बल्ली लगाकर सड़क की दोनों पटरी पर अतिक्रमण कर रखा है। संजय नगर पी ब्लॉक चौराहा से लेकर ए ब्लॉक टेंपो स्टैंड तक जाने वाली मुख्य सड़क पर दोनों ओर के अतिक्रमण से रोजाना शाम के समय बाजार में खरीदारों को परेशानी होती है। ऑटो का मुख्य मार्ग होने व अतिक्रमण के कारण वाहनों का दबाव बढ़ने से रोजाना में वहां जाम लग जाता है।

### अपर्णा ने जेठ अखिलेश यादव पर साधा निशाना



**नोएडा।** मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव आज शुक्रवार को नोएडा में है। दरअसल, अपर्णा यादव शहर में स्थित एक कॉलेज में आई थी। उसके बाद नोएडा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उसी दौरान अपर्णा यादव ने अपने जेठ अखिलेश यादव और आजम खान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफकी है। अपर्णा यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, अखिलेश यादव और आजम खान राजनीति करने से पहले अपने ऊपर लगे दागों और मुकदमा नहीं देख रहे हैं। उन्होंने शिवपाल यादव के बारे में कहा कि अगर शिवपाल यादव भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना चाहते हैं तो उनको स्वागत है। शिवपाल यादव द्वारा योगी आदित्यनाथ की तारीफ पर अपर्णा यादव बोली, योगी आदित्यनाथ तारीफके लायक हैं।

### नौकरी का झांसा दे युवती से दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट में नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे चार माह तक ब्लैकमेल करता रहा। विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट करता था। आरोपी ने अपने दो दोस्तों के साथ घर के बाहर पहुंचकर गाली-गलौच की तो युवती ने थाने जाकर गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवती के पिता की मौत हो चुकी है। वह घर में इकलौती है। उसकी मुलाकात नेहरू नगर सी.ब्लॉक निवासी रोहित भारती से हुई थी। उसने खुद को कारोबारी बताया और नौकरी दिलाने की बात कहकर उसका मोबाइल नंबर ले लिया। आरोप है कि वहां रोहित भारती ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। युवती का कहना है कि दुष्कर्म का विरोध करने पर रोहित भारती उसके साथ मारपीट करता था।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित कुमार राय/ सत्यवती राय/ LBSNP00004756747 | अपार्टमेंट नंबर 25081, 24वीं मंजिल, ब्लॉक- जे, गौर सिटी 2, 14वीं एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच 03, सेक्टर-16 सी, ग्रेटर नोएडा/ 23 मई, 2022 | जून 24, 2021 ₹ 25,10,600/- | सोनीपत/ दिल्ली/ ग्रेटर नोएडा |
| 2. | यदविंदर सिंह ढुल/ बोबिन ढुल/ LBHIS00001724766 | एच. नं.- 196, ब्लॉक- डी, सेक्टर ओमिक्रॉन, 1ए, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 23 मई, 2022 | जुलाई 06, 2021 ₹ 12,25,436/- | हिसार/ ग्रेटर नोएडा |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक: मई 27, 2022**
**स्थान: दिल्ली/एनसीआर (ग्रेटर नोएडा)**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**


# आयुर्वेदिक कंपनी के प्लाट का आवंटन रद्द

### औद्योगिक मंत्री के आदेश पर हुई कार्रवाई, 13 करोड़ रुपये की बकाया राशि नहीं कराई थी जमा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आयुर्वेदिक मेडिसिन बनाने वाली कंपनी एमजी कैप्शूल को सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में आवंटित प्लॉट संख्या 508 का आवंटन निरस्त कर दिया है। कंपनी पर प्लॉट आवंटन के प्रीमियम और लीज डीड विलंब शुल्क के रूप में करीब 13 करोड़ रुपये बाकाया था।

प्राधिकरण की तरफसे कई बार नोटिस जारी करने के बावजूद कंपनी कोई रेस्पॉंस नहीं दे रही थी, जिसके चलते प्राधिकरण ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली कंपनी एमजी कैप्शूल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने ग्रेटर नोएडा में प्लॉट के लिए आवेदन किया था। प्राधिकरण ने कंपनी को जनवरी 2019 में सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में प्लॉट संख्या-08 30807 वर्ग मीटर जमीन आवंटित कर दी। प्राधिकरण ने कंपनी को लीजडीड कराने के लिए चेकलिस्ट भी जारी कर दी। उसके बाद कंपनी की तरफसे समय पर प्रीमियम का भुगतान नहीं किया गया, जिस पर प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया।

इसके बावजूद कंपनी ने भुगतान नहीं किया। प्राधिकरण ने दोबारा नोटिस जारी कर बकाया भुगतान को जमा करने के लिए 15 दिन का समय और दिया। कंपनी ने सिर्फ 1.50 करोड़ रुपये जमा कराते हुए अवशेष धनराशि दो से तीन माह में जमा करने का समय मांगा, जिस पर प्राधिकरण ने बकाया प्रीमियम धनराशि को तीन किस्तों में भुगतान की अनुमति दे दी, लेकिन कंपनी पहली ही किस्त का पूरा भुगतान नहीं कर सकी।

प्राधिकरण ने एक बार फिर कंपनी को पहली किस्त को जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय दे दिया। इसके बाद भी कंपनी ने बकाया भुगतान नहीं किया,बीते दिनों उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ग्रेटर नोएडा आए थे। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा था कि जिन बिल्डर और आवंटियों के ऊपर बकाया बाकी है। उन लोगों के आवंटन रद्द किए जाएं।

## पार्किंग ठेकेदार पर एक्शन भेजा एक करोड़ का नोटिस

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने पार्किंग ठेकेदारों के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने शहर के तमाम पार्किंग टेंडर को निरस्त कर दिया है साथ ही बकाई रकम को लेकर नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है।

प्राधिकरण की तरफ से एक ठेकेदार को एक करोड़ रुपए का बकाया 20 दिन के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया है। ठेकेदार लंबे समय से बकाया जमा नहीं कर रहे हैं। पार्किंग स्थानों पर मौजूद कर्मचारी तय शुल्क से अधिक की वसूली और पार्किंग स्थान से अधिक हिस्से में वाहनों को पार्क करवा कर शुल्क वसूला करते थे।

## सुरक्षा मानकों की जांच करने सड़क पर उतरे यमुना एक्सप्रेसवे सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह, दो एसीईओ मोनिका रानी और रविंद्र सिंह शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर पहुंचे।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करवाने के उद्देश्य से यमुना प्राधिकरण के अधिकारी एक्सप्रेसवे पर पहुंचे। डॉ अरुणवीर सिंह दोनों एसीईओ के साथ यमुना एक्सप्रेसवे पर पहुंचे और सुरक्षा का मुआयना किया। दरअसल, यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि यमुना एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाए। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह अपनी टीम के साथ एक्सप्रेसवे पर उतरे। उन्होंने एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे और स्पीड कैमरों की जांच की। उसके बाद जीरो पॉइंट से लेकर जेवर टोल प्लाजा तक सड़क सुरक्षा का मुआयना किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि यमुना एक्सप्रेसवे पर जो भी कमी है, उसको तत्काल दूर करें।


**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली-1110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई-मेल : cs@deltoncables.com, सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.03.2021 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2021 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 4,821.84 | 4,157.14 | 4,213.31 | 16,026.20 | 12,470.41 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 386.26 | (224.88) | 79.36 | 105.02 | 122.92 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 386.19 | (224.88) | 86.45 | 104.95 | 130.01 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 294.40 | (198.59) | 7.76 | 76.61 | 62.32 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 317.42 | (200.72) | 9.44 | 92.89 | 53.00 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति शेयर) | 864.00 | 864.00 | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पूर्व) (रू. 10/- प्रत्येक का) | | | | | |
| | (क) मूल (रू.) : | 3.41 | (2.30) | 0.09 | 0.89 | 0.72 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) : | 3.41 | (2.30) | 0.09 | 0.89 | 0.72 |

टिप्पणियां :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट नामत (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट अनुसार भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा 27 मई, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किए गए हैं। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु लेखापरीक्षा की है और इन परिणामों पर असंशोधित राय व्यक्त की है।

कृते एवं हिते बोर्ड
हस्ता/-
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916

स्थान : दिल्ली
तिथि : 27-05-2022


## मालखाने में आंसू गैस का गोला फटने से लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 24 में बने मालखाने में अचानक आग लग गई और आग के कारण वहां रखा आंसू गैस का गोला फट गया, जिससे थाने में काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा।

इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेक्टर 24 के पुलिस थाना कार्यालय के ऊपर मालखाना बना है। मालखाने में दंगे को नियंत्रित करने में इस्तेमाल होने वाला सामान रखा है। दोपहर को इसमें अचानक आग लग गई और मालखाने में रखा आंसू गैस का गोला फट गया। इससे आग बुझाने के काम में लगे पुलिसकर्मियों में भगदड़ मच गई तथा उनकी आंखों में जलन होने लगी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि अगर इस मामले में कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## महिला कांस्टेबल को शादी का झांसा देकर ठगी

### वसूले 60 लाख, नाइजीरियाई गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



आरोपी

नोएडा की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर असम राइफल्स की एक महिला कांस्टेबल से 60 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में नाइजीरिया के एक नागरिक को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

उत्तर प्रदेश के साइबर क्राइम विभाग के पुलिस अधीक्षक प्रोफेसर त्रिवेणी सिंह ने बताया कि असम राइफल्स में तैनात एक महिला कांस्टेबल ने सेक्टर 36 स्थित साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि एक मेट्रीमोनियल साइट पर शादी के लिए उसने प्रोफाइल बनाया था, उसके बाद एक व्यक्ति ने उसे फोन किया तथा खुद को भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक बताकर उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार कांस्टेबल और उस युवक के बीच बातचीत होने लगी और दोनों शादी के लिए तैयार हो गए। इस दौरान तीन माह में युवक ने महिला से अलग-अलग बहाने बनाकर 60 लाख रुपए ले लिए।

उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर रही साइबर क्राइम थाने की प्रभारी रीता यादव, उप निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह आदि ने इस मामले में नाइजीरिया व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में रह रहा था और बिजनेस वीजा पर भारत आया था और युवतियों के पैसे ऐंठ रहा है।


**इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1985पीएलसी020286
पंजीकृत कार्यालय : फ्लैट नंबर 1311, देविका टावर 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
कार्पोरेट कार्यालय : 610/611, निर्मल गैलेक्सी एवियर, एल.बी.एस. रोड, मुलुंड (डब्ल्यू), मुंबई-400080
ई-मेल आईडी : info@integratelesoftware.com य वेबसाइट : www. integratelesoftware.com

31-03-2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(राशि लाख में)

| विवरण | तिमाही समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31-12-2021 (अ-लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2021 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. परिचालन से कुल आय | 34.92 | 27.13 | 76.61 | 115.61 | 160.96 |
| 2. अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 25.25 | 15.46 | 67.80 | 77.61 | 134.13 |
| 3. अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 25.25 | 15.46 | 67.80 | 77.61 | 134.13 |
| 4. अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 16.64 | 15.46 | 67.82 | 69.00 | 134.14 |
| 5. अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं, | 16.64 | 15.46 | 67.82 | 69.00 | 134.14 |
| 6. इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति शेयर) | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 |
| 7. संचेय (पुनरमूल्यन संचेय छोड़कर, जैसाकि पूर्व वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | - | - | (0.94) | (69.94) |
| 8. प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) मूल एवं तनुकृत | 0.16 | 0.15 | 0.64 | 0.65 | 1.27 |

नोट्स :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 26 मई, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किए गए थे। वित्तीय परिणामों का फार्मेट स्टॉक एक्सचेन्ज(जों) की वेबसाइट्स www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www. integratelesoftware.com पर उपलब्ध है।

वास्ते इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड
हस्ता./-
रामास्वामी नारायण अय्यर
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 03045662

स्थान : मुंबई
तिथि : 26-05-2022


# गौतमबुद्ध नगर की तीनों अथॉरिटी ने मई में खूब दौड़ाया बुलडोजर

### 760 करोड़ की जमीन से अवैध कब्जे हटाए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



उत्तर प्रदेश में योगीराज गुंडे, गैंगस्टर और माफियाओं पर भारी पड़ रहा है। योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर खूब दौड़ रहा है। गौतमबुद्ध नगर के तीनों विकास प्राधिकरणों ने भी मई महीने में बुलडोजर खूब दौड़ाया है। जिसकी बदौलत तीनों अथॉरिटी ने 760 करोड़ रुपए की जमीन माफि याओं के कब्जे से निकाली है। इस मामले में ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण अव्वल रहा।

दरअसल, अथॉरिटी की कमान संभालते ही नए सीईओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की हैं। दूसरी ओर जेवर में बन रहे नोएडा अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डे के नाम को बिल्डर, कॉलोनाइजर और भूमाफिया भुनाने की फिराक में हैं, लेकिन अथॉरिटी ने इनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। नोएडा प्राधिकरण भी जमीनों से अवैध कब्जे हटा रहा है। कुल मिलाकर माफियाओं पर ट्रिपल अटैक जारी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। धूम मानिकपुर में 4 अवैध कॉलोनी जमींदोज कर दी गई। इस कार्रवाई से 100 करोड़ रुपये की जमीन मुक्त करवाई गई है। करीब 50 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया गया। इस जमीन की कीमत करीब 100 करोड़ रुपये आंकी गई है। धूम मानिक पुर में लेविस ग्रीन, रमेश एंक्लेव, पृथ्वी रेजीडेंसी और राजश्री एंक्लेव नाम की कॉलोनी गिरा दी गई हैं।

**25 मई: गिराए होटल और एयरपोर्ट के नाम पर बस रही अवैध कॉलोनी**

यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जनपद अलीगढ़ के डोरीपुर, ग्राम खण्डेहा और सिमरौठी में यमुना विकास प्राधिकरण ने अपने अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है। कुछ लोग यहां पर अवैध रूप से प्लॉट और फार्म हाउस बेच रहे थे। डोरीपुर से 17.815 हेक्टेयर, खण्डेहा से 3.8327 हेक्टेयर और सिमरौठी से 5.7179 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया।

**18 मई: 109 करोड़ की जमीन पर हटा कब्जा**

सीईओ ऋतु महेश्वरी के आदेशों पर नोएडा अथॉरिटी ने शहर में बड़ी कार्रवाई की। अथॉरिटी की नोटिफाइड जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा था। सेक्टर.150 के पास होम्स 150 नाम से अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। नगली वाजिदपुर और गढी समसपुर गांव में यह बड़ी कार्रवाई की गई।

**14 मई: भू-माफिया से 17 करोड़ की जमीन मुक्त हुई**

मेरठ के मंडलायुक्त सुरेंद्र कुमार सिंह ने नोएडा में बतौर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कमान संभालते ही भूमाफिया के खिलाफ जंग छेड़ने की घोषणा कर दी थी। इसी सिलसिले में लगातार बुलडोजर दौड़ रहा है। सदुल्लापुर गांव में अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चला और 17 करोड़ रुपये कीमत की जमीन को माफिया से मुक्त करवाया गया।

**10 मई: इटैहरा और छोटी मिलक में 20 करोड़ की जमीन हुई कब्जामुक्त**

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अमले ने इन दोनों जगहों पर करीब 10 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाया। किसानों के 6 फीसदी भूखंडों के लिए विकास प्राधिकरण ने यह भूमि आरक्षित कर रखी है।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एलजी से मिले मुख्यमंत्री, साथ काम करने का लिया संकल्प

● दिल्ली के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और दोनों ने राष्ट्रीय राजधानी के विकास और दिल्ली वालों की बेहतरी के लिए साथ मिलकर काम करने का फैसला किया।

यह सक्सेना के साथ केजरीवाल की पहली औपचारिक बैठक है, जिन्होंने बृहस्पतिवार को पद की शपथ ली। अरविंद केजरीवाल ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में बताया कि वह एक सार्थक कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते है। उन्होंने कई मुद्दों पर चर्चा की और राजधानी दिल्ली के विकास के लिए एक साथ मिलकर काम करने का निर्णय लिया। दोनों लोगों की बेहतरी के लिए एक साथ मिलकर हर काम करेंगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को ट्वीट कर बताया कि उपराज्यपाल से मिलकर खुशी हुई सर। वह दिल्ली के कल्याण के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्साहित है। पूर्व उपराज्यपाल अनिल बैजल के साथ खट्टे-मीठे रिश्तों के बारे में पूछे जाने पर सीएम ने कहा, उनके बैजल के साथ अच्छे संबंध थे।

सक्सेना ने भी केजरीवाल के साथ बैठक को लेकर ट्वीट किया और कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने दिल्ली के विकास और उसके लोगों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद एलजी सक्सेना लगातार दूसरे दिन भी सड़कों पर नजर आएं।

शुक्रवार को स्थानीय निकायों और विभागों व एजेंसियों के बागवानी विभाग के आला अधिकारियों के साथ राज निवास और कनॉट प्लेस के बीच के हिस्से की सड़का निरीक्षण किया। विकास भवन 2, चंदागी राम अखाड़ा, मठ-आईएसबीटी, समाधि परिसर के पीछे सड़क पर गीता कॉलोनी को जोड़ने वाले ओवर ब्रिज, अरुण जेटली फिरोजशाह कोटला स्टेडियम और सिकंदरा रोड के पास आईटीओ की ओर मुड़ते हुए, उन्होंने खामियों को उजागर किया और पौधों की बेतरतीब वृद्धि, सूखी हुई झाड़ियां, कूड़े और कचरा, गाद हटाने का निर्देश दिया।

# राजधानी की 12 सड़कों का होगा कायाकल्प

● सरकार से 16.03 करोड़ की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक निर्माण विभाग 12 सड़कों का कायाकल्प करेगा। इन सड़कों का सुधार आधुनिक तकनीक किया जाएगा, ताकि लम्बे समय तक ये मजबूत बनी रहें। इसके लिए दिल्ली सरकार ने 16.03 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है।

लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की समस्या न हो और उन्हें जाम से न जूझना पड़े। इसके मद्देनजर समय-समय पर जरुरत के अनुसार पीडब्ल्यूडी सड़कों की मरम्मत का कार्य होता है। इन सड़कों में सुधार के लिए विभाग ने हालात और आवश्यकताओं का निरीक्षण किया, जिसके बाद परियोजनाओं को सरकार की स्वीकृत मिली है। इन



एक दर्जन सड़कों में से एक सड़क मार्जिनल बांध रोड है, जो कि नोएडा और दिल्ली को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है। जिस पर रोजाना लाखों यात्री इस्तेमाल करते है।

पीडब्ल्यूडी का मुख्य रूप से ध्यान अक्षरधाम मंदिर के सामने वाले हिस्से की सड़कों पर है। इसमें 2 आरओबी, आरओबी को जोड़ने वाली सड़कें और तीन यू-टर्न शामिल हैं। इस सड़क में सुधार होने से यात्रियों का यात्रा समय कम होगा और यात्रा आसान हो जाएगी।

आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों को सुरक्षित, सुगम और सुंदर सड़क मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की योजना दिल्ली वालों को विश्व स्तरीय सड़कें उपलब्ध कराकर उन्हें बेहतर यात्रा का अनुभव देना है। इस कारण इन सड़कों के सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी आधुनिकतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। जिससे सड़कें यात्रियों की आवाजाही के लिए अधिक सुरक्षित बन सकें।

इन सड़कों में सुधार से वाहनों की आवाजाही बेहतर होगी बल्कि लोगों का समय बचेगा और प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी।

### इन मार्गों का होगा जीर्णोधार

मार्जिनल बांध मार्ग (आईटीओ चुंगी से एनएच-24 तक), डॉ. कुंदन लाल मार्ग, राजौरी अपार्टमेंट रोड,

हाउस नंबर 14/35 से 13/101, सुभाष नगर-डीए-1 हरी नगर से डीबी-1 हरी नगर, शांति देवी मार्ग, अयोध्या प्रसाद चोपड़का मार्ग, बीए-बीबी ब्लॉक रोड, आर.नं. 32 से 17/117 सुभाष नगर, प्रेम नगर गुरुद्वारा रोड, शहीद मंगल पाण्डेय मार्ग, भाई कन्हैया जी मार्ग (आईटीआई रोड)।

# नए पार्किंग स्थलों के मास्टर प्लान में संशोधन

● मंजूरी लेने की प्रक्रिया में ऊंचाई पर लगी पाबंदी को भी हटा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नए बहुस्तरीय कार पार्किंग स्थलों पर वाणिज्यिक विकास को विनियमित करने के लिए दिल्ली मास्टर प्लान 2021 (एमपीडी-2021) में संशोधन किया है।

इसके अलावा पार्किंग स्थल के लिए वैधानिक निकायों से मंजूरी लेने की प्रक्रिया में ऊंचाई पर लगी पाबंदी को भी हटा दिया गया है। संशोधित प्रावधान में एमएलसीपी (बहुस्तरीय कार पार्किंग) प्लॉट ऐसी सड़कों पर स्थित होंगे, जिनकी चौड़ाई 12 मीटर या उससे अधिक होगी। इसके लिए सक्षम एजेंसी की व्यवहार्यता रिपोर्ट और यातायात पुलिस व अन्य वैधानिक निकायों के अनापत्ति प्रमाणपत्र की जरूरत होगी। नए मानदंडों के अनुसार, न्यूनतम भूखंड का आकार 1,000 वर्गमीटर होना चाहिए, 3,000 वर्गमीटर के आकार के भूखंड पर 100 एफएआर (फ्लोर एरिया अनुपात) की अनुमति होगी। 3,000 से 10 हजार वर्गमीटर तक के भूखंड पर एफएआर 60 होगा। 10 हजार वर्ग मीटर से अधिक की शेष भूमि पर एफएआर 50 होगा।

# भाजपा शासित राज्यों में पानी गुणवत्ता की हो जांच : जलबोर्ड

● सौरभ भारद्वाज ने केंद्रीय जल शक्ति को पत्र लिख गुजरात, हिमाचल प्रदेश, एमपी और यूपी में जांच का किया अनुरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लिखा पत्र, दिल्ली के साथ भाजपा शासित राज्यों में भी दूषित पानी की जांच कराने का अनुरोध किया है।

डीजेबी के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से निवेदन है कि पानी की जांच में गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को भी शामिल करें। गुजरात के प्रमुख शहरों अहमदाबाद, पालनपुर, मेहसाणा, पाटन, बनासकांठा, साबरकांठा सहित अन्य बड़े-बड़े शहरों के अंदर पानी की स्थिति अच्छी नहीं है। हिमाचल प्रदेश में भूजल और नदियों का पानी इतना ज्यादा प्रदूषित हो चुका है कि कोर्ट ने मुख्य सचिव को बुलाकर फटकार लगाई है। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड, मिर्जापुर, महोबा, सोनभद्र, गाजियाबाद, फिरोजाबाद आदि शहरों मे पानी की किल्लत है, सीवर का पानी पीने के लिए लोग मजबूर हैं।

मध्य प्रदेश के शहरों में गंदा पानी पीने से लोगों को पीलिया, टाइफाइड और लीवर से संबंधित रोगों की शिकायत आ रही है। सौरभ



भारद्वाज ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर दिल्ली में गंदे पानी की जांच कराने की मांग की थी। उन्हें यह जानकर दु:ख हुआ कि गजेंद्र सिंह शेखावत पूरे देश के केंद्रीय जलशक्ति मंत्री हैं। सिर्फ दिल्ली वालों पर इतना ध्यान देंगे तो बाकी राज्यों के लोगों का क्या होगा। उन्होंने कहा कि पत्र लिखा है गुजरात भाजपा शासित है जहां पानी की बहुत ज्यादा किल्लत है। यह बात कोई विपक्षी दल नहीं कह रहा है बल्कि भाजपा के पाटन सांसद भरत सिंह और बनासकांठा से सांसद परबतभाई पटेल ने यह बात कई बार गुजरात में उठाई है।

हिमाचल प्रदेश में नालागढ़ से लेकर सोलन तक जितनी भी इंडस्ट्री हिमाचल में स्थापित है, खासकर फॉर्मा इंडस्ट्री गैर शोधित पानी को नदियों में बहा रही है। भारद्वाज ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी पानी गुणवत्ता बेहद खराब हैं। उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी पानी बहुत दूषित है।

## संक्षिप्त समाचार



जवाहर लाल नेहरू को याद करते प्रदेश कांग्रेसी नेता व अन्य।

### पुण्यतिथि पर जवाहर लाल नेहरू को किया याद

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 58वीं पुण्यतिथि मनायी। ऐवना-ए-गालिब ऑडिटोरियम में नेहरु के सपनों का भारत ''कल, आज और कल'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के नेता-कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी में प्रो0 आर.पी. बहुगुणा ने कहा कि नेहरु ने स्वाधीनता की लड़ाई में ब्रिटिश समाज्य को उखाड़ फेंकने के लिए वर्ष 1928 में स्वतंत्रता लीग की स्थापना की और अगस्त 1942 में मुम्बई में उन्होंने भारत छोड़ों के संकल्प को कार्यान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया और 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिल गई। उन्होंने कहा कि नेहरु जी की अध्यक्षता में दिसम्बर 1929 में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन लाहौर में हुआ जिसमें सभी ने एकमत से पूर्ण स्वराज की मांग का प्रस्ताव पारित हुआ और 26 जनवरी, 1930 में लाहौर में उन्होंने स्वतंत्र भारत का ध्वज लहराया।

### जामिया में स्नातक, स्नातकोत्तर आवेदन की तिथि बढ़ी

**नई दिल्ली।** जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि शुक्रवार को 31 मई तक के लिए बढ़ा दी। इससे पहले 25 मई आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि थी। विश्वविद्यालय ने बी.टेक और बी.आर्किटेक्चर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने की अंतिम तिथि भी 20 जून तक बढ़ा दी है। रजिस्ट्रार नाजिम हुसैन अल जाफरी ने कहा कि कुल आवेदकों में से 56,667 महिलाएं हैं। कुल 136 कार्यक्रमों में से 39 स्नातक पाठ्यक्रम और 78 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हैं। 17 स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और दो एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया संपन्न हो गई है।

### पैरोल पर छूटे शाहरुख का स्वागत वाला वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगे के दौरान एक निहत्थे पुलिसकर्मी पर बंदूक तानने वाले शाहरूख पठान के पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद घर पहुंचने पर जबरदस्त स्वागत का एक वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर छाए इस वीडियो में सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में जब वह सोमवार को अपने बीमार पिता को मिलने गली में पहुंचा तब वहां जमा भीड़ ने उसका स्वागत किया। आदालत के आदेश पर उसे चार घंटे के पैरोल पर घर भेजा गया था। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने अपने ट्विटर एकाउंट पर यह वीडियो डाला और इस बात पर अफसोस जताया कि जिसने पुलिस पर बंदूक तान दी, उसे हीरो बनाया जा रहा है। पुलिसकर्मी पर बंदूक तानने वाली उसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर छा गई थी। मिश्रा ने ट्विटर पर लिखा, पुलिस पर बंदूक उठाने वाले को हीरो बनाया जा रहा है। दिल्ली में कई जगह मिनी पाकिस्तान बन चुके है।

### लार्वा मिलने पर भरना पड़ सकता है भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से कहा है कि वह लोगों को अपने परिसर में मच्छर पनपने देने के खिलाफ चेतावनी के तौर पर मौके पर ही जुर्माना लगाने और गलती करने वाली संस्थाओं पर जुर्माने की राशि पांच हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपए करने को लेकर समीक्षा करे। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली पीठ शहर में बड़ी संख्या में मच्छर के लार्वा पनपने से संबंधित मामले में स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने पाया कि यदि जुर्माने को मौके पर ही नहीं लगाया जाता है, तो प्रशासनिक तंत्र द्वारा प्रतिरोधकता विकसित करने के लिए लगाए गए जुर्माने का प्रभाव खत्म हो जाएगा। केवल उल्लंघन करने वालों को चुनौती देने से अदालत में ऐसे मामलों की बाढ़ आ जाएगी।

# हाईकोर्ट ने डीएसएसएसबी पर लगाया 50 हजार का जुर्माना

● आकांक्षी उम्मीदवार के मामले में देरी करने पर दिया आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महिला के मामले को निपटाने में देरी के लिए दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया है।

महिला को सरकारी स्कूल में सहायक शिक्षक पद के लिए सफल उम्मीदवार घोषित किया गया था, लेकिन इस गलत धारणा को लेकर उसके मामले पर विचार करने में देर की गई कि दो मौके दिए जाने के बावजूद वह जरूरी दस्तावेज नहीं जमा कर सकी। उच्च न्यायालय ने कहा कि महिला की कोई गलती नहीं थी लेकिन उसे केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) और इस अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए बाध्य किया गया है। अदालत ने कहा कि महिला को हुए वित्तीय नुकसान की कुछ हद तक भरपाई की जानी चाहिए। कोर्ट ने इसके लिए पचास हजार का जुर्माना लगाया।

### भूपिंदर भल्ला एनडीएमसी के नए अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** भूपिंदर सिंह भल्ला को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह नगर निकाय के अध्यक्ष के तौर पर 1989 बैच के आईएएस अधिकारी धर्मेंद्र की जगह लेंगे। भल्ला 1990 बैच के प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं और वर्तमान में दिल्ली के अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर तैनात हैं।

आईआईएम बैंगलोर के पूर्व छात्र रहे भल्ला के पास जॉर्जिया विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री भी है। वह पहले गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में सेवा देने के अलावा वाणिज्य विभाग और चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड में भी तैनात रहे हैं।

# राजेंद्र नगर विस उपचुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

● राघव चड्ढा के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद खाली हुई थी यह सीट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में एक महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस सीट पर उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस विधानसभा क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है।निर्वाचन आयोग ने बुधवार को राजेंद्र नगर के साथ-साथ विभिन्न राज्यों की छह अन्य विधानसभा सीटों और तीन लोकसभा सीटों पर 23 जून को उपचुनाव कराने की घोषणा की थी। राजेंद्र नगर से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक राघव चड्ढा के राज्यसभा के लिए निर्वाचन के कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2013 में हुए चुनाव में आखिरी बार इस सीट पर जीत हासिल की थी, जब उसके उम्मीदवार आरपी सिंह थे। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी अपने वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक को इस सीट से उम्मीदवार बना सकती है।

# शहीदी स्मारक में इतिहासकारों की पुष्टि के बाद प्रदर्शित होंगे तथ्य

● अंबाला में 300 करोड़ से बनेगा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का संग्रहालय

● दिल्ली के हरियाणा भवन में छह इतिहासकारों की समिति ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



हरियाणा भवन में इतिहासकारों की समिति की बैठक में विचार-विमर्श करते हुए हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक व हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल।

हरियाणा के अंबाला में 300 करोड़ की लागत से बनने वाले 'आजादी की पहली लड़ाई का शहीदी स्मारक' के संग्रहालय में गठित इतिहासकारों की समिति की पुष्टि के बाद ही किसी भी तथ्य का प्रदर्शन किया जाएगा।

शहीदी स्मारक में ऐतिहासिक विवरणों को बेहतर रूप से प्रस्तुत व प्रदर्शित किए जाने की दिशा में संग्रहालय को अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त बनाया जाएगा। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में शुक्रवार को अंबाला में बनने वाले शहीदी स्मारक के संबंध में हरियाणा के सूचना,जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक, हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व गठित समिति के संयोजक अमित अग्रवाल व गठित इतिहासकारों की छह सदस्यीय समिति की पहली बैठक में गहन विचार-विमर्श हुआ।

इसके साथ ही आगामी 11जून को इतिहासकारों की समिति अंबाला में शहीदी स्मारक स्थल का दौरा करने जाएगी। बैठक में भारतीय इतिहास परिषद अनुसंधान के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र तंवर, प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर कपिल कुमार, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान की निदेशक व उप कुलपति प्रोफेसर अनुपा पांडेय, मिलिट्री इतिहास की पुस्तकों के लेखक कर्नल योगेंद्र सिंह, भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय के अभिलेखाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा व सनातन धर्म महाविद्यालय इतिहास विभाग, अंबाला के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. उदयवीर मौजूद रहे। संग्रहालयों में उपयुक्त होनी वाली तकनीकों के परामर्शदाताओं में सिद्धार्थ बाठला, सोमया गुप्ता व रितिका मीणा भी बैठक में मौजूद रहीं।

### धूल नियंत्रण रिपोर्ट अपलोड न करने वालों पर कार्रवाई करें : दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति से उन परियोजना प्रस्तावकों के खिलाफ कार्वाई करने को कहा है जिन्होंने अपने निर्माण और विध्वंस स्थलों का धूल नियंत्रण नियमों के आत्म मूल्यांकन के लिए डीपीसीसी के पोर्टल पर पंजीकरण कराया था लेकिन पाक्षिक रिपोर्ट अपलोड नहीं की।

आत्म मूल्यांकन पोर्टल पिछले साल सात अक्टूबर को शुरू किया गया था क्योंकि सभी निर्माण और विध्वंस स्थलों की वहां जाकर धूल नियंत्रण नियमों के अनुपालन की निगरानी करना मुश्किल था।

परियोजना प्रस्तावकों को अनिवार्य रूप से वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराने, धूल नियंत्रण नियमों के अपने अनुपालन का खुद ऑडिट करने तथा पाक्षिक आधार पर पोर्टल पर स्व: घोषणा पत्र अपलोड करने के लिए कहा गया था। गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कई राज्यों में परियोजना प्रस्तावकों द्वारा धूल नियंत्रण उपायों के अनुपालन की निगरानी के लिए एक ऑनलाइन तंत्र विकसित करने के लिए कहा था।


## कामा होल्डिंग्स लिमिटेड

KAMA Holdings

सीआईएन : एल92199डीएल2000पीएलसी104779
पंजीकृत कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट नंबर 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर प्लेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज-1 एक्सटेंशन, दिल्ली-110091
कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक सी, सेक्टर-45, गुरूग्राम-122003, फोन नंबर : (+91-11) 49482870, फैक्स : (+91-11) 49482900
ई-मेल : info@kamaholdings.com; वेबसाइट : www.kamaholdings.com

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु
लेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 31 मार्च 22 (1) | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 31 मार्च 21 (2) | पृथक्कृत: वर्ष समाप्त 31 मार्च 22 (3) | पृथक्कृत: वर्ष समाप्त 31 मार्च 21 (4) | समेकित: तिमाही समाप्त 31 मार्च 22 (1) | समेकित: तिमाही समाप्त 31 मार्च 21 (2) | समेकित: वर्ष समाप्त 31 मार्च 22 (3) | समेकित: वर्ष समाप्त 31 मार्च 21 (4) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 7136.79 | 5709.40 | 10742.97 | 7212.09 | 356364.81 | 262310.10 | 1250241.17 | 846755.24 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (बंद प्रचालनों सहित) | 7075.96 | 5643.64 | 10542.20 | 6994.87 | 78768.92 | 51056.88 | 259314.72 | 161426.80 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (बंद प्रचालनों सहित) | 7026.94 | 5807.15 | 10493.61 | 6986.38 | 60265.36 | 38078.12 | 188885.87 | 119662.50 |
| 4. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) सम्मिलित है) | 7027.15 | 5807.35 | 10493.80 | 6986.05 | 63449.69 | 40185.90 | 197235.02 | 138274.91 |
| 5. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 |
| 6. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी तथा बंद प्रचालनों हेतु) - | | | | | | | | |
| | (क) मूल : | 108.90 | 90.00 | 162.63 | 108.27 | 471.10 | 298.38 | 1,483.68 | 939.10 |
| | (ख) तनुकृत : | 108.90 | 90.00 | 162.63 | 108.27 | 471.10 | 298.38 | 1,483.68 | 939.10 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.kamaholdings.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते बोर्ड
कार्तिक भरत राम
अध्यक्ष
(डीआईएन : 00008557)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 27 मई, 2022

# गुरुग्राम में ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री की प्रगति रैली : सुधीर सिंगला

## जिला कोर्ट के सामने पार्किंग स्थल पर होगी यह रैली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में मुख्यमंत्री की रैली स्थल का जायजा लेते विधायक सुधीर सिंगला व अन्य नेतागण।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार 29 मई 2022 को गुरुग्राम में होने वाली मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रगति रैली के लिए गुरुग्राम के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 से लेकर इस साल की शुरुआत तक हम सब कोरोना से जूझ रहे थे, लेकिन अब हमें प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ना है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति रैली ऐतिहासिक होगी और इसमें गुरुग्राम विधानसभा से हजारों लोग शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि गुरुग्राम जिला कोर्ट के सामने पार्किंग स्थल पर यह रैली होगी। रैली शुरू होने का समय सायं 5 बजे का है। यह रैली जिला स्तर की होगी। यानी गुरुग्राम की चारों विधानसभाओं गुरुग्राम, पटौदी, बादशाहपुर और सोहना विधानसभा से लोग यहां पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि रैली की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उनके साथ गुरुग्राम प्रभारी एवं पलवल के विधायक दीपक मंगला, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, बादशाहपुर के विधायक राकेश जांघू, मनीष यादव, संदीप गाड़ौली समेत कई पार्टी नेता पहुंचे।

विधायक सुधीर सिंगला ने इस रैली को लेकर सेक्टर-52 स्थित वजीराबाद कम्युनिटी सेंटर में वजीराबाद व आसपास के लोगों के साथ मुलाकात की। उन्होंने आगामी 29 तारीख को होने वाली हरियाणा प्रगति रैली के लिए ग्रामीणों को न्यौता दिया। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में इस समय सरकारी अस्पताल की जरूरत है। पुराने नागरिक अस्पताल को जल्द ही तोड़ा जाएगा। इसके साथ लगते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) से ली गई जमीन का हिस्सा अस्पताल में मिला दिया गया है। पुराने गुरुग्राम में मेट्रो कनेक्टिविटी भी अहम है, इस विषय पर भी सरकार गंभीरता से काम कर रही है।

बस अड्डे का निर्माण कराना भी उनके प्रमुख एजेंडे में है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम विश्वस्तरीय शहर बन चुका है। इसलिए यहां सिटी और इंटर स्टेट बस अड्डे का निर्माण होना है। इसके अलावा पुराने बस अड्डे के पास अंडरपास निर्माण का कार्य भी अंतिम चरण में है। पुराना दिल्ली रोड पर लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का काम भी पूरा होने वाला है। अगले माह तक यह तैयार हो जाएगा। इसके चालू होने के बाद पुराना दिल्ली रोड पर यातायात जाम की समस्या खत्म हो जाएगी। इसी तरह सेक्टर-10 से की तरफ से द्वारका एक्सप्रेस-वे की तरफ आने-जाने वाले वाहनों के लिए बसई चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य भी पूरा होने वाला है।

# तेज आंधी और बारिश ने खोली पोल सोसायटी की निर्माण सामग्री की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> **सोसायटी** के अंदर हुआ आंधी व बारिश से फ्लैटों में नुकसान को लेकर निर्माण सामग्री की जांच की जाएगी। इस मामले को जल्द की ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में उठाया जाएगा।
> **संजय सिंह**
> **( विधायक सोहना )**

**शहर** के गुरुग्राम मार्ग पर स्थित एलडीको एकोलेड सोसाइटी में शुक्रवार की तेज आंधी व भारी बारिश से 10 से 12 फ्लैटों की दरवाजे व खिड़कियों को उखाड़ फेंका। 7 वर्षीय बच्चा और 74 वर्षीय नाना को आई चोटें। मौके पर पहुंचे विधायक ने यहां रहने वालों से मुलाकात करते हुए भवन निर्माण सामग्री की जांच कराने का भरोसा दिया है।

शहर के गुरुग्राम मार्ग पर स्थित एलडीको एकोलेड सोसायटी में शुक्रवार की शाम को तेज आंधी के साथ आई बारिश ने यहा बनें फ्लैटों की पोल खोल दी। सोसायटी के अलग-अलग टावर में 10 से 12 फ्लैटों की खिड़की व दरवाजों को उखाड़ दिया। इस दौरान पीआर 304 फ्लैटों में रहने वाली कल्पणा अरोड़ा ने बताया कि तेज आंधी ने किचन के दरवाजा खुल जाने से भारी नुकसान हुआ है। उसके 74 वर्षीय पिता और 7 वर्षीय बेटा को दरवाजा व सामान गिरने से चोटें आई है। टावर पी-एक में के 801 नंबर फ्लैटों मालिक दीपक का कहना है कि उसके यहा पर दूसरी बार आंधी से खिड़की व दरवाजे उखड़ गए है। इनके अलावा फ्लैटों नंबर 203, 204 ,303, 1004 आदि में भी आंधी से भारी नुकसान हुआ है।

**पुलिस जुटी जांच में :** आंधी व बारिश से हुआ नुकसान की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी नुकसान होने वाले फ्लैटों मौका मुआयान कर लिया है। एएसआई वेदप्रकाश ने बताया कि जांच शुरु कर दी है। जांच पूरी होने पर ही मामला दर्ज किया जाएगा।

**विधायक ने दिया भरोसा :** सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे विधायक संजय सिंह ने सोसायटी के अंदर हुआ नुकसान का जायजा लिया। स्थानीय नागरिकों को आज हुआ नुकसान की शिकायत उच्चाधिकारियों को करने को कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूथ फेस्टीवल में जीयू के छात्रों को बेहतर प्रदर्शन


गुरुग्राम विवि के छात्रों द्वारा यूथ फेस्टीवल में जीत की बधाई देने के दौरान सामूहिक चित्र कराते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्रों ने इंटर-यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में भाग लेकर कई पुरस्कार जीते हैं। एसजीटी यूनिवर्सिटी में यह यूथ फेस्टिवल आयोजित किया गया था। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक क्लब के समन्वयक डॉ. रेनू चौधरी और डॉ. फलक खन्ना ने बताया कि फेस्टिवल में 33 विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जीयू के छात्रों ने हरियाणवी डांस (डुएट) सोलो डांस, ग्रुप डांस (हरियाणवी), बेकार की चीजों में से उत्तम चीज बनाना, अंताक्षरी, आदि गतिविधियों में पूरे उत्साह से भाग लिया। विवि के छात्रों ने पुरे आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए हरियाणवी डांस (डुएट) में रिशु और अंजलि ने पहला स्थान, बेकार की चीजों में से उत्तम चीज बनाना में राखी यादव और संजू ने पहला स्थान, सोलो डांस में आरुषि पहला और अंशिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। इंटर-यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में विवि के 10 विद्यार्थियों की टीम ने ग्रुप डांस हरियाणवी, में दूसरा स्थान, अंताक्षरी में पहला स्थान प्राप्त कर विवि का नाम रोशन किया। विवि के सभी विजेता छात्रों की जीत पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बधाई दी है।

### छात्राओं व महिला फैकल्टी को दिए सेनेटरी पैड व सेनिटाइजर


गुरुग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी में पैड व सेनिटाइजर दिखाती छात्राएं।

**गुरुग्राम।** श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिशताब्दी (एसजीटी) विश्वविद्यालय ने नाइन फाउंडेशन के सहयोग से विश्वविद्यालय में महिला स्टूडेंट्स और फैकल्टी मेंबर्स को सेनेटरी पैड्स और हैंड सैनिटाइजर का वितरण किया। यह वितरण समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर और फैकल्टी ऑफ नर्सिंग के स्टाफके सहयोग से करवाया गया और विश्वविद्यालय के हर संकाय में सेनेटरी पैड डिस्ट्रीब्यूट किया गया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि विवि में पढ़ने आ रहे बच्चे एवं फैकल्टी मेंबर के सेहत और हाइजीन को लेकर नाइन फाउंडेशन के साथ यहां सैनिटरी पैड्स और हैंड सैनिटाइजर वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के वक्त अपने पर्सनल हाइजीन को लेकर लोग काफी सतर्क हो गए हैं। यहां तक की सिनेमा में भी ऐसे थीम पर मूवी बनाए जा रहे हैं जिससे कि लोगों में जागरूकता बढ़ सके। इसी और विशेष ध्यान रखते हुए एसजीटी विश्वविद्यालय ने छात्रों को हैंड सैनिटाइजर भी मुहैया करवाए हैं, ताकि छात्रों और स्टाफ मेंबर्स को किसी प्रकार की समस्या न पेश आए। वहीं अलग-अलग विभागों के छात्रों ने बताया कि यह एक सराहनीय कार्य है।

### निकाय चुनाव लड़ने वालों के लिए व्यय सीमा की निर्धारित

**नूंह।** निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा को भी नए सिरे से निर्धारित कर दिया गया है। साथ ही इस बार के निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का नियम भी लागू होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अगले माह होने वाले निकाय चुनाव के लिए नियम एवं कानून निर्धारित हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च कर संशोधित सीमा निर्धारित कर दी गई है और साथ ही शैक्षणिक योग्यता को लेकर भी निकाय चुनाव में नियमों को पालन किया जाएगा। खर्च के लिए निर्धारित की गई सीमा के अनुसार नगर पालिका के अध्यक्ष के लिए चुनाव 10.50 लाख रुपये, नगर परिषद अध्यक्ष के लिए 16 लाख रुपये रहेगी। नगर पालिका सदस्य के लिए चुनाव खर्च की सीमा 2.50 लाख रुपये और नगर परिषद सदस्य के लिए 3.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आयोग के नियमों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को अपने-अपने चुनावी-खर्च का लेखा निर्धारित रजिस्टर में दर्ज करना होगा। चुनाव का परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर यह ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी या राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा कराना होना। ऐसा न करने पर वह उम्मीदवार 5 वर्षों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि इस बार निकाय चुनाव में शैक्षणिक योग्यता का नियम भी लागू होगा, जिसके अनुसार ही अध्यक्ष अथवा पार्षद के लिए शैक्षणिक योग्यता होनी अनिवार्य है। अध्यक्ष और सदस्य के लिए अनारक्षित वर्ग में शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं निर्धारित की गई है। अध्यक्ष और सदस्य के लिए चुनाव लड़ने वाली महिलाओं और अनुसूचित जाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आठवीं पास होना आवश्यक है। इसके अलावा, अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लडने् वाली अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के लिए आठवीं कक्षा, जबकि सदस्य के पद का चुनाव लडने् के लिए पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

# सोहना में पानी निकासी न होने पर विधायक बैठे धरने पर


धरना पर बैठे विधायक संजय सिंह और व्यापारियों को समस्या का समाधान जल्द होने का आश्वासन देते सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**दो** सरकारी विभागों की उदासीनता व लापरवाही बरते जाने से शहर के पुराने लेबर चौक पर पिछले चार दिन से सीवरेज और नाली का गंदा पानी आम रास्ते में जमा होने से परेशान दुकानदार चौक पर दरियां बिछाकर बैठ गए। मौके पर पहुंचे विधायक संजय सिंह भी दुकानदारों के साथ देते हुए नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ धरना पर बैठ गए। विधायक के धरना पर बैठने के साथ ही दोनों विभागों के अधिकरियों समेत एसडीएम और तहसील कार्यालय में खलबली मच गई।

शहर के पुराने लेबर चौक पर रास्ते के साथ दोनों तरफबनी गंदे पानी की नालियां और बंद सीवरों से गंदा पानी ऑवर फ्लो होकर आम रास्ते में जमा हो रहा है। जिसकी सूचना नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को दुकानदारों द्वारा दी गई। दुकानदारों ने व्यापार मंडल संघ के पदाधिकारियों के माध्यम से अपनी समस्या को सोहना विधायक संजय सिंह तक पहुंचाई। इसके बावजूद दोनों विभागों के अधिकारियों के कानों पर जू तक नहीं रेंगी और समस्या का समाधान होने पर चौक के आस पास बनी दुकानों समेत व्यापार मंडल संघ के पदाधिकारी शुक्रवार की सुबह 10 बजे दरियां बिछाकर धरना देकर बैठ गए। जिसकी सूचना मिलने पर विधायक संजय सिंह भी व्यापारियों का साथ देते हुए धरना पर बैठ गए।

### विधायक के बैठते ही अधिकारियों में हड़कंप मचा

**जैसे** ही प्रशासनिक अधिकारियों को विधायक संजय सिंह व्यापारियों के साथ मिलकर धरना में शामिल होने की सूचना मिली। तुरन्त ही नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह, नायब तहसीलदार लछीराम, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर दस मिनट में पहुंच गए। करीब 40 मिनट तक व्यापारियों के साथ तेज धूम और गर्मी में विधायक व्यापारियों के बीच में धरना पर बैठे रहे। विधायक ने एसडीएम जितेन्द्र गर्ग को नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों द्वारा पिछले चार दिन से बरती जा रही लापरवाही की शिकायत की। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने विधायक समेत व्यापारियों को शुक्रवार की शाम तक इस समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया है। एसडीएम ने मौके पर ही मौजूद दोनों विभागों के अधिकारियों को शाम तक समस्या का समाधान न होने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दे दी है।

**निलंबन किए जाने की चेतावनी :** सोहना विधायक संजय सिंह ने धरना पर मौजूद दोनों ही विभागों के अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाते हुए एसडीएम जितेन्द्र गर्ग को कर्मचारी और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि शुक्रवार की शाम तक यदि समस्या का समाधान नहीं होता है। अधिकारी अपना बिस्तर बांध लें।

## मेवात मॉडल स्कूल आयोजित होगा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नूंह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मेवात मॉडल स्कूल नूंह में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते समय कही।

उपायुक्त ने कहा कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में स्थानीय मेवात मॉडल स्कूल नूंह में जिला स्तरीय योगा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2022 के आयोजन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मई से 30 मई तक चलेगा और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर मेवात माडल स्कूल, नूंह व ब्लाक स्तर नगीना तावडू फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्रात: 06:00 बजे से 07: 30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# जीएसटी कार्यालय के सामने हवन के साथ चार्टर अकाउंटेंट का धरना खत्म

## मांगों को लेकर लड़ते रहेंगे लड़ाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में जीएसटी कार्यालय के सामने हवन करते सीए।

**यहां** जीएसटी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे चार्टर अकाउंटेंट ने हवन किया। सीबीआई जांच की उनकी ओर से लगातार मांग की जा रही है। शुक्रवार को भी वे इसी मांग पर अड़े रहे और जमकर नारेबाजी भी की। इसी के साथ उन्होंने धरना खत्म किया और आंदोलन जारी रखने की बात कही।

बता दें कि 15 करोड़ के रिफंड मामले में कुछ दिन पहले 2 सीए को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जीएसटी विभाग ने सीए पर गलत सर्टिफिकेट बनाने का आरोप लगाया है। अपने साथियों को गलत फंसाने की बात कहकर कई दिनों से सीए जीएसटी दफ्तर के बाहर धरने पर है। उसका मानना है कि इस जीएसटी रिफंड कांड में जीएसटी अधिकारी मिले हुए हैं। सीए सत्यवान सिंह ने बताया कि सरकार ने इस मामले से जुड़े अधिकारियों को स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे सीए संतुष्ट नहीं है। उनका कहना है कि सीबीआई जांच की जाए।

इस मामले में अधिकारी दोषी हैं और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। एमएसएमई वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज वर्मा ने सीए के सदस्यों से बात की। सीबीआई जांच की मांग को लेकर शनिवार को जंतर-मंतर पर भी धरना दिया जाएगा। दो का निलंबन, आयुक्त समेत तीन अधिकारियों का हो चुका तबादला फर्जी बिलों के आधार पर 15 करोड़ के रिफंड मामले में सीजीएसटी में दो अधिकारियों के निलंबन के बाद आयुक्त समेत तीन अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पांच अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के निर्देश पर इस मामले में पहले सीजीएसटी के उपायुक्त दिनेश बिश्नोई और अधीक्षक संजीव शर्मा को निलंबित किया गया था।

# भीमगढ़ खेड़ी स्कूल के 75 विद्यार्थियों को दी गई पेशेंट केयर किट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


भीमगढ़ खेड़ी स्थित राजकीय विद्यालय में बच्चों को पेशेंट केयर असिस्टेंट (पीसीएस) किट वितरण करते पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी, पार्षद शीतल बागड़ी।

**वार्ड-10** के अंतर्गत भीमगढ़ खेड़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 75 विद्यार्थियों को पेशेंट केयर असिस्टेंट (पीसीएस) किट उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी ने शिरकत की।

मंगत राम बागड़ी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पीएम मोदी के स्किल डेवेलपमेंट अभियान को सफल बनाने का काम कर रही है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है। सरकारी विद्यालयों में बच्चों को स्किल डेवेलपमेंट की ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि वह भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार की योजना के तहत राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को पेशेंट केयर असिस्टेंट (पीसीए) किट्स उपलब्ध कराई गई। बागड़ी ने कहा कि सीएम मनोहर सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था काफी मजबूत हुई है। सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ाने के लिए खेल सुविधाओं में वृद्धि की जा रही है। बागड़ी ने किट्स वितरण के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार खन्ना ने बताया कि कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं को नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फार्मेट (एनएसक्यूएफ) के तहत (पीसीए) पेशेंट केयर असिटेंट किट्स उपलब्ध कराई गई, जिसमें बीपी सेट, सेटेथोस्कॉप, नर्सिंग ड्रेस सहित जरूरी सामान छात्रों को निशुल्क उपलब्ध कराया गया। वितरण अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, वोकेशनल ट्रेनर सीमा गोयल, पीजीटी स्टाफ देवेंद्र, राजेंद्र, सुनीता सैनी, प्रमिला, सोनल, सुमन, ओमपति, मनोज व अन्य टीजीटी स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# टोल प्लाजा पर डेडिकेटिड इमरजेंसी लेन नहीं हुई तो होगा केस दर्ज

## जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक में डीसी ने कही यह बात

## सड़क सुरक्षा उपाय करने के लिए समय सीमा की गई निर्धारित

## स्कूल व अस्पतालों के पास लगाए जाएंगे साइनेज बोर्ड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**टोल** प्लाजा पर नॉर्म के अनुसार सुविधाएं जुटाने संबंधी पिछली बैठक में दिए गए आदेशों का फॉलोअप करते हुए उपायुक्त ने कहा है कि टोल प्लाजा पर यदि अलग से इमरजेंसी लेन नहीं बनाई गई तो धारा-188 के तहत पुलिस में केस दर्ज हो सकता है। उपायुक्त ने जिला में स्थित सभी टोल प्लाजा पर इसी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश संबंधित एसडीएम को देते हुए कहा है कि वे कन्सेसनेयर से पालना के बारे में लिखित जवाब मंगवाएं। ये बातें उन्होंने शुक्रवार को यहां जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक में कही।

जिला में सड़कों पर यात्रा जोखिम फ्री बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सड़क निर्माण व सड़क अभियांत्रिकी से जुड़े अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से काम करने की हिदायत दी। पिछली बैठक में सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियों को जिला में कुछ सड़कें चिन्हित करके उन्हें मॉडल सड़क के तौर पर विकसित करने की हिदायत दी गई थी, जिसके बारे में इस बैठक में उपायुक्त ने उन एजेंसियों से रिपोर्ट तलब की। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के अधिकारियों ने बताया कि जीएमडीए द्वारा चार सड़कों को मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें एमजी रोड का इफको चौक से वजीराबाद मेट्रो स्टेशन तक का हिस्सा शामिल है। जिसकी मुख्य सड़क को ठीक कर दिया गया है और अब उसके साथ साईकिल ट्रैक व फुटपाथ बनाने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार, श्याम चौक के पास सनाथ रोड को मॉडल सड़क बनाया जाएगा। सेक्टर-58 से सेक्टर 67 तक की रोड को मॉडल सड़क बनाने के लिए टेंडर कर दिए गए हैं। इसके अलावा शीतला माता रोड को भी मॉडल सड़क बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों ने बताया कि निगम के सभी 35 वार्ड में प्रत्येक वार्ड में एक सड़क को मॉडल रोड के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए लगभग 17 करोड़ रुपये का अस्टीमेट तैयार किया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके विभाग द्वारा गांव चंदु से लेकर बादली तक की सड़क को मॉडल रोड बनाया जाएगा, जिस पर लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने बताया कि राजीव चौक से लेकर हीरो होंडा चौक तक के हाईवे के भाग को मॉडल रोड बनाया जाएगा। इसके साथ फुटपाथ बनाने और सर्फेस ड्रेन की सफाई आदि के लिए गुरूवार को ही जीएमडीए के अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को आदेश दिए कि वे हाईवे के इस भाग का डिजाईन तैयार करवाकर उसे लागू करवाएं।

### स्कूल व अस्पतालों के पास लगाए जाएंगे साइनेज बोर्ड

**बैठक** में जिला में पड़ने वाले स्कूलों तथा अस्पतालों के निकट साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश भी जीएमडीए तथा नगर निगम को दिए गए। इन स्थानों पर हॉरन नहीं बजाने, वाहन की गति धीमी आदि करने संबंधी सुरक्षात्मक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। जीएमडीए के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे साइन बोर्ड लगाने के लिए 265 बिंदुओं को चिन्हित किया गया है। उपायुक्त ने स्थान चिन्हित करने के लिए डीसीपी ट्रैफिक, उप-जिला शिक्षा अधिकारी, उप-सिविल सर्जन तथा जीएमडीए के प्रतिनिधि को शामिल कर एक समिति बनाने के आदेश दिए हैं। यह समिति स्कूल व अस्पताल के पास उचित साइन बोर्ड लगवाने के लिए जगह चिन्हित करेगी।

# विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल रोजगार में निपुण बनाएं : जितेन्द्र गर्ग

## प्रधानाचार्य, निवर्तमान सरपंच व समाज सेवी की मौजूदगी में 35 विद्यार्थियों को किट बांटी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल में छात्राओं को ब्यूटी एण्ड वैलनेश की किट वितरण करते एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

> **प्रदेश** सरकार राजकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल रोजगार में निपुण बनाना है। ताकि विद्यार्थी किन्ही कारणों से 12वीं के बाद शिक्षा प्राप्त नहीं स्कूल में प्राप्त की कौशल रोजगार पढ़ाई से अपनी आजीविका कमा सकें। राज्य सरकार इस योजना से विद्यार्थी स्कूल से छोड़ने के दौरान कौशलता में निपुण होगा।
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **( एसडीएम )**

**खंड** के चार राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में कक्षा 10 और 12वीं में कौशल रोजगार से संबंधित शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हेल्थ केयर और ब्यूटी एण्ड वैलनेश की कीट वितरण की गई। जिसका उद्घाटन शहर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी कन्या स्कूल में एसडीएम द्वारा छात्राओं को किट देकर किया।

वर्ष 2021-22 में खंड के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में कौशल रोजगार के कोर्स शुरू किए गए थे। जिसमें ब्यूटी एण्ड वैलनेश, हेल्थ केयर, ऑटो मोबाइल शामिल थे। यह कौशल रोजगार संबंधित कोर्स कक्षा 9 से 12 वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कराया जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा कौशल रोजगार की शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कक्षा 10 और 12वीं में पढ़ने वालों को किट उपलब्ध कराई गई। इन किटों में 35 से 40 प्रकार के उपकरण एवं वस्तुएं थी। जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपने घर पर उपयोग करके कौशल रोजगार में निपुण हो सकेंगे।

**कौन-कौन से स्कूलों में हुआ किटों का वितरण :** शहर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी कन्या स्कूल में एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने यहां की 42 छात्राओं को प्रधानाचार्य सुनील कुमार के नेतृत्व में ब्यूटी एण्ड वैलनेश का कोर्स करने वाली 42 छात्राओं को किट देकर शुरुआत की। अभयपुर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य रेखा मलिक के नेतृत्व में कक्षा 10 के 12 तथा कक्षा बारहवीं में पढ़ने वाले 23 विद्यार्थियों को किट वितरण की गई। सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ला में प्रधानाचार्य करमला पूनिया की अध्यक्षता में निवर्तमान सरपंच नरेन्द्र व समाज सेवी सतेन्द्र राघव की मौजूदगी में 35 विद्यार्थियों का हेल्थ केयर की किट वितरण की गई।

# ग्रेटर फरीदाबाद : पानी बिक रहा 50 से 70 रुपये प्रति बल्टी

**कविता।** फरीदाबाद

**बीपीटीपी** सेक्टर-75 व 76 में पिछले छह दिनों से लगातार पानी नहीं आ रहा है। कई-कई मंजिला इमारतों में पानी न आने के कारण वहां के निवासी परेशान हो गए है। पायनियर संवाददाता ने जब लोगों से बातचीत की, तो उन्होंने बताया कि उनके सपनों को पूरा करने का दावा करते हुए बिल्डर ने बिजली, पानी सभी तरह की सुविधाएं देने के वायदे किए थे। लेकिन 45 डिग्री तक पहुंचे तापमान में उन्हें जहां बिजली की समस्या से जूझना पड़ा। वहीं अब पिछले छह दिनों से लगातार पानी न आने की समस्या से जुझना पड़ रहा है। सेक्टरवासियों ने बताया कि उन्हें रोज टैंकरों से 500 से 700 रुपये में पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है।

**10 बाल्टी 500 रुपये में :** सेक्टर-75 और 76 में मौजूद सोसायटी के निवासियों ने बताया

## बीपीटीपी सेक्टर-75 व 76 के निवासियों को रोजाना टैंकरों से 500 से 700 रुपये में पानी खरीदकर करना पड़ रहा गुजारा

कि पिछले छह दिनों से उन्हें पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 10 बाल्टी पानी भरने के बदले में उन्हें 500 से 700 रुपये तक देने पड़ रहे है। पहले ही जनता पर महंगाई की मार हर तरफ से पड़ रही है। अब ऐसे में पानी भी खरीदकर पीना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें परेशानियां झेलनी पड़ रही है।

**ऊपरी मंजिल पर खतरा :** सेक्टर में ऊपर की मंजिलों में रहने वाले लोगों को काफी परेशानियां हो रही हैं। पानी न आने पर उन्हें टैंकरों से खरीदकर पानी ऊपर रस्सी व कपड़े


कपड़े और रस्सी को बांधकर सोसायटी के ऊपर टैंकर से पानी खिंचते हुए बच्चे

बांधकर खींचना पड़ रहा है, जोकि काफी जोखिम भरा होता है। इस खबर के संग प्रकाशित फोटो में देखा जा सकता है कि कई-कई कपड़े और रस्सी को बांधकर किस तरह से लोग पानी ऊपरी मंजिलों पर खींचने को मजबूर हो रहे हैं।

**टैंकर से भरवा रहे टैंक :** सोसायटी में रहने वाली सीमा भारद्वाज ने बताया कि हर रोज टैंकरों से पानी मंगाकर अपने फ्लैटों के टैंक भरवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिल्डर को कई बार शिकायत करने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। बताया जा रहा है कि जहां से पेयजल की सप्लाई होती है, वहां पानी की पाइप लाइन फट गई है। जिस कारण से बीपीटीपी निवासियों को पानी नहीं मिल रहा है। हालांकि बृहस्पतिवार को बिल्डर ने पानी आने का आश्वासन महिलाओं को दिया था। लेकिन वायदे के 24 घंटे बाद भी पानी की सप्लाई नहीं की गई।

## एनसीसी यूनिट ने राष्ट्रीय स्तर पर किया नाम रोशन

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय मोहना की एनसीसी यूनिट ने राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के 6 कैडेट्स एक भारत श्रेष्ठ भारत इवेंट 2022-23 के तहत कैंप अटेंड करने के लिए चयनित हुए हैं । इनमें से दो कैडेट्स कोडरमा जाएंगे व चार छात्रा 4 से 15 जून तक रोपड़ जाएंगे। साथ ही महाविद्यालय की 16 कैडेट्स ने एनसीसी के सी सर्टिफिकेट की परीक्षा दी और सभी उसमें उत्तीर्ण हुए। कॉलेज प्राचार्य डॉ शैलेश्वर कौशिक ने सभी उत्तीर्ण कैडेट्स और एनसीसी इंचार्ज डॉ सुनीता देवी की इस उपलब्धि के लिए सराहना की। एनसीसी प्रभारी डॉक्टर सुनीता ने बताया कि सभी कैडेट्स एवम परिवारों में खुशी का माहौल है।

# पुलिस रिमांड पर कांग्रेसी नेता विकास चौधरी का हत्यारा शूटर

### कौशल गैंग के गुर्गे शूटर सज्जन उर्फ भोलू ने मारी थी विकास चौधरी को गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


विकास चौधरी का हत्यारा सज्जन।

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगेंद्र की टीम ने वर्ष 2019 के कांग्रेसी नेता विकास चौधरी की हत्या के मुकदमे में आरोपी शूटर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कौशल गैंग का सदस्य सज्जन उर्फ भोलू झज्जर के बिशन गांव का रहने वाला है। जिसने वर्ष 2019 में अपने साथियों के साथ कांग्रेसी नेता विकास की हत्या कर दी थी। मृतक विकास के भाई की शिकायत के अनुसार 27 जून 2019 को सुबह करीब 9 बजे उसका भाई सेक्टर 9 की मार्केट में एशियन अस्पताल के ऊपर स्थित जिम के लिए पार्किंग में पहुंचा था। तभी वहां आरोपी ने साथियों के साथ भाई की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसमें उसके भाई की मृत्यु हो गई थी। आरोपियों के खिलाफ हत्या मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई।

पुलिस द्वारा मामले में शामिल कौशल गैंग के मुखिया कौशल तथा अमित सहित 19 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एक आरोपी रोहित गुड़गांव पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा जा चुका है। इस मामले में अभी एक आरोपी विकास फरार चल रहा है। जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। आरोपी सज्जन को दिल्ली पुलिस ने एक महीने पहले गिरफ्तार किया था। जिसे गुड़गांव पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। इसके पश्चात क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर अपराधी है जिसके ऊपर हरियाणा तथा पंजाब में हत्या के 8 मुकदमे दर्ज हैं। वह कौशल गैंग का सदस्य है। कौशल गैंग के करीब 250 सदस्य हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली की जेलों में बंद है। जो इन राज्यों में हत्या, लूट, डकैती, फिरौती जैसी सैंकड़ों वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। वर्ष 2019 में विकास चौधरी से कौशल गैंग ने फिरौती मांगी थी। विकास द्वारा मना करने पर आरोपियों ने ने 2 दिन तक विकास की रेकी की तथा मौका मिलते ही उसकी हत्या कर दी।

पुलिस द्वारा इस मामले में वारदात में प्रयोग तीन गाड़ियां बरामद की जा चुकी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस मामले में दो पिस्टल तथा एक देसी कट्टे का प्रयोग किया गया था। जिसमें से आरोपी के साथी सचिन से एक देसी कट्टा बरामद किया था चुका है। एक पिस्टल आरोपी सज्जन से पुलिस रिमांड के दौरान बरामद किया जाएगा। एक पिस्टल आरोपी विकास के पास है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## हवलदार ने पुलिस लाइन में फांसी लगाकर की आत्महत्या


बीके अस्पताल की मोरचरी के बाहर खड़े मृतक हवलदार के परिजन।

### पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने हवलदार की मृत्यु पर जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रात** पुलिस लाइन सेक्टर-30 में बहुत ही दुखद घटना हुई। जिसमें पुलिस थाना बीपीटीपी में तैनात हवलदार तिलक ने पुलिस लाइन सेक्टर-30 में पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर ली।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तिलक का जन्म वर्ष 1987 में पलवल जिले के पियाला गांव में हुआ था। तिलक ने वर्ष 2008 में हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। जनवरी 2022 में इनका ट्रांसफर नूंह से फरीदाबाद हुआ था और वह बीपीटीपी थाना में ड्राइवर के तौर पर कार्यरत थे।


हवलदार तिलक का फाइल फोटो।

हवलदार तिलक के पिता द्वारा पुलिस थाना सेक्टर 31 में दर्ज करवाए गए अपने बयान में उन्होंने बताया कि उनका बेटा काफी समय से मानसिक तनाव में चल रहा था। तिलक अपनी पत्नी तथा बेटे के साथ पुलिस लाइन सेक्टर 30 के सरकारी क्वार्टर में रह रहा था। 26 मई को तिलक की पत्नी ने अपने ससुर को फोन करके बताया कि तिलक काफी परेशान चल रहे हैं। उसे वहां आकर अपने बेटे को समझाने के लिए अपने पास बुलाया। तिलक के माता-पिता उससे मिलने के लिए क्वार्टर पर आए तथा उसे किसी भी प्रकार से परेशान न होने के लिए काफी देर तक समझाया। शाम के समय तिलक ने उन्हें बताया कि वह अब ठीक है।

## आल इंडिया लॉ ट्रस्ट एनजीओ ने आभार जताया


सेक्टर-12 लायर्स चैंबर में यूनिवर्सिटी हापुड में ला विभाग रिसर्च गाइड नियुक्त होने पर शिवदत्त वशिष्ठ को बधाई देते सहयोगी वकील।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 12 लॉयर्स चैंबर्स में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सुरेश नागर को आल इंडिया ला ट्रस्ट गवर्नमेंट आफ इंडिया अस्सीजी की परमिशन मिलने पर बार काउंसिल पंजाब और हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट व जिला बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी सन्दीप पाराशर एडवोकेट ने आल इंडिया ट्रस्ट के सुरेश नागर एडवोकेट जो वर्तमान में मोहनाड यूनिवर्सिटी हापुड़ में लॉ विभाग रिसर्च गाइड पर नियुक्ति पर बधाई दी। सुरेश नागर एडवोकेट सामाजिक संस्था पिछले 5 वर्ष से चला रहे और गली-गली व सलम बस्तियों में एनजीओ का कार्यक्रम व लोगों में अवेयर करने का काम संस्था करती है। जो लोग दस हजार रुपये से कम महीने में कमाते हैं। उनका कोई भी कैसे फ्री में लड़ा जाता है। जो लोग 5 लाख अधिक कमाते है।

## स्किल मीट को उद्योगों से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रबर,** केमिकल एंड पेट्रोकेमिकल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (आरसीपीएसडीसी) द्वारा आयोजित स्किल मीट (कौशल सम्मेलन) में उद्योग जगत, एनएसडीसी, एवं इंडियन रबर इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और इन तीनों क्षेत्रों में कुशल लोगों की जरूरत को पूरा करने पर चर्चा की। फरीदाबाद में प्रेरणा ग्रुप के सहयोग से इस स्किल मीट का आयोजन किया गया।

आरसीपीएसडीसी की हेड ट्रेनिंग डॉ. अश्रिता त्रिपाठी ने इस सेक्टर में कौशल विकास की दिशा में आरसीपीएसडीसी की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने इस मौके पर रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल), नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) और सीएसआर प्रोजेक्ट्स से उद्योग जगत हुए व्यापक लाभ का उल्लेख किया। दीपमाला मूरजानी, सीनियर मैनेजर, इंडस्ट्री एंगेजमेंट, आरसीपीएसडीसी ने कहा, 'अब तक देश में करीब 600 रबर कंपनियों में 7,000 से ज्यादा अप्रेंटिस नियुक्त किए गए हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, हरियाणा और कर्नाटक इस मामले में पांच अग्रणी राज्य हैं, जहां रबर मेन्यूफेक्चरिंग कंपनियों ने सबसे ज्यादा अप्रेंटिस को नियुक्ति दी है।'

उन्होंने उद्योग के द्वारा प्रायोजित आरपीएल प्रोग्राम और सीएसआर परियोजनाओं के लिए आरसीपीएसडीसी के साथ जुड़ने को लेकर उद्योगों को प्रोत्साहित किया। आरपीएल प्रोजेक्ट 'सामर्थ' इस दिशा में अनुकरणीय बनकर सामने आया है। 'सामर्थ' के माध्यम से टायर सर्विस एवं मैंटेनेंस के क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा लोगों का कौशल विकास किया गया है। इसके अतिरिक्त दूसरा महत्वाकांक्षी प्रोग्राम




'उत्थान' है, जिसका उद्देश्य मोबाइल स्किल वैन के माध्यम से प्लास्टिक कचरा पृथक्करण, प्रोसेसिंग और रीसाइकिलिंग में लगे लोगों का कौशल विकास करना है। इस मौके पर एनएसडीसी के अप्रेंटिसशिप एडवाइजर श्री जेन एबन ने अप्रेंटिसशिप की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि अप्रेंटिसशिप से कुशल लोगों का एक इंटरनल पूल बनता है, जिससे बाहर से नियुक्ति करने में होने वाला खर्च कम होता है और उत्पादकता बढ़ती है। इस प्रक्रिया से काम छोड़कर जाने के मामले भी कम होते हैं।

## हवलदार की सूझबूझ से बची युवक की जान

**फरीदाबाद।** रात करीब एक बजे पुलिस थाना एनआईटी एरिया में शराब पीकर तेज गति से मोटरसाइकिल चलाने की वजह से सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई और दूसरा सफदरजंग अस्पताल में भर्ती है जिसकी जान अभी खतरे से बाहर है।

मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के रहने वाले 19 वर्षीय संकेत के रूप में हुई है वहीं दूसरा युवक 16 वर्षीय मोहित मेवला का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रात पुलिस थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता की टीम एरिया में गश्त कर रही थी कि रोड एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई। गश्त कर रहे पीसीआर सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची और देखा कि संकेत की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी है और मोहित गंभीर रूप से घायल है। मोहित के सिर में गंभीर चोट लगी हुई थी और बहुत खून बह रहा था। पीसीआर में तैनात हवलदार विनोद ने उसके सिर को कपड़े से बांधा और इलाज के लिए तुरंत बीके अस्पताल में भर्ती करवाया।

# क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए लगातार प्रयासरत : सीमा त्रिखा

### विधायक सीमा त्रिखा ने एनएच-3 जी ब्लॉक में पार्क का उद्घाटन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सीमा त्रिखा ने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उनका एक ही उद्देश्य एवं प्रयास है कि लोगों को बेहतरीन सुविधाएं एवं बेहतरीन वातावरण मुहैया करवाया जाए। ये वक्तव्य शुक्रवार को विधायक सीमा त्रिखा ने एनएच-3 जी ब्लॉक में पार्क का उद्घाटन करते हुए दिया।

सीएम उद्घोषणा संख्या 25284 के तहत 20 लाख रुपये की लागत से किए गए कार्यों का उद् ाटन करते हुए उन्होंने कहा की पार्क का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण किया जाएगा।


एनएचतीन में पार्क का सौंदर्यीकरण का उद्घाटन करती बुजुर्ग।

बड़खल विधानसभा क्षेत्र में अधिकतर पार्कों की काया पलट कर दी गई है। इसके बावजूद भी कुछ क्षेत्रों में बदहाल पार्क है उनको भी जल्द ही बेहतरीन रूप दिया जाएगा। सीएम अनाउंसमेंट के तहत क्षेत्र में ताबड़तोड़ विकास कार्य किए जा रहे हैं और भाजपा सरकार में विकास कार्यों की गति इसी प्रकार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बड़खल झील का कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही बड़खल झील पानी से सरोबार होगी। क्षेत्र के विकास में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। फरीदाबाद में भी इतनी व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं कि आने वाले कुछ दिनों में फरीदाबाद की शक्ल एवं सूरत बदल जाएगी। जब कोई भी व्यक्ति अपने मकान को तोड़कर बनाता है तो उसे परेशानी आना संभावित है। ऐसा ही कुछ फरीदाबाद के साथ है लेकिन बहुत जल्दी फरीदाबाद के विकास को एक नई गति व नया स्वरूप मिलेगा। इस मौके पर उनके साथ अमित आहूजा, संजय अरोड़ा, पंडित सुरेंद्र शर्मा, यशपाल जयसिंह, ओमप्रकाश विरमानी, नवीन जेटली, पी डी अरोड़ा, युधिष्ठिर आहूजा, लेखराज टुटेजा आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार खत्म कर सरकार ने जनता को दी राहत : विधायक राजेश नागर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में जिस प्रकार भ्रष्टाचार समाप्त कर सभी वर्गों को जो राहत दी है। वह सराहनीय है। ये विचार तिगांव के विधायक राजेश नागर ने फरीदाबाद आईएमटी एसोसिएशन की कार्यकारिणी मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। आपने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल हरियाणा में भ्रष्टाचार का काल है ये बात भ्रष्ट लोगो को याद रखनी है क्योंकि किसी को भी भरष्टाचार में लिप्त होने पर बख्शा नहीं जायेगा। श्रीनागर ने कहा की उद्योगपतियों की समस्याओं को समाप्त करने हेतु सरकार ने लगभग सभी विभागों को ऑनलाइन कर दिया है।

ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत 15 दिन में जवाब देना अनिवार्य है और यदि ऐसा नहीं होता तो आवेदक की फाइल वरिष्ठ अधिकारी को स्वयं चली जायेगी। यही प्रक्रिया अगले 15 दिन उपरांत उसके वरिष्ठ अधिकारी को और यदि 45 दिन में कोई जवाब नही आया तो फाइल को स्वीकृत माना जायेगा। श्रीनागर ने कहा कि विभाग द्वारा जवाब न देने ओर देरी के लिए विभाग के उच्च अधिकारी को तलब कर कार्यवाही की जाएगी। उद्योग सरकार के लिए अति महत्वपूर्ण है क्योंकि वे राजस्व के साथ रोजगार प्रदान करते हैं। जो खुशहाल प्रदेश के लिए अति


होटल डिलाइट में फरीदाबाद आईएमटी एसोसिएशन की बैठक में तिगांव के विधायक राजेश नागर का स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

आवश्यक है। कार्यक्रम के वरिष्ठ अतिथि हरियाणा के इंडस्ट्रियल सेफ्टी एंड हेल्थ के निदेशक रविन्द्र मलिक ने कहा कि विभाग एवम् उद्योगों को मिलकर कार्य करना होगा ताकि दोनो में पूर्ण समन्वय बना रहे। मलिक ने कहा की विजिट के दौरान अधिकारियों द्वारा बताई कमियों को दूर करने हेतु एक महीने का समय भी दिया जाएगा उसके बाद जुर्माने का प्रवधान जारी किया जाएगा। संस्थान को ईमेल तथा फोन पर लिंक भेज सूचित किया जाएगा। आपने उद्योगपतियों से अपने ईमेल तथा फोन नंबर भी कार्यालय में अपग्रेड करने की भी अपील की। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान श्री किशन कौशिक ने कहा की आईएमटी औद्योगिक क्षेत्र वर्तमान में बिना सूचना के अधिकारियों द्वारा विजिट से परेशान है जिसका निदान आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### मूक बधिर बच्चे को परिजनों के पास पहुंचाया



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए दिल्ली से लापता हुए बोलने तथा सुनने में असमर्थ दिल्ली से लापता हुए 11 वर्षीय बच्चे को सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचाने का पहुंचाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 मई रात्रि को सूचना प्राप्त हुई कि मेवला महाराज पुर मेट्रो स्टेशन के आस पास करीब 11 वर्षीय बच्चा घूम रहा है जो बोलने तथा सुनने में असमर्थ है। जिसकी दिमागी हालात ठीक नहीं है। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन से रविंद्र व क्राइम ब्रांच कैट व सेक्टर 31 थाने की टीमें पहुंचीं। बच्चे का मेडिकल कराकर प्रभात आश्रम भूपानी गांव में छोड़ा गया। काफी समय पश्चात साउथ ईस्ट दिल्ली बदरपुर से एचटीयू एवं एचसी प्रशांत द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ये बच्चा दिल्ली जैतपुर का रहने वाला है और जिसकी गुमशुदगी की जैतपुर थाने में दर्ज है। उसके बाद टीम ने जैतपुर थाने में सम्पर्क किया। इस केस के अनुसंधान अधिकार सब इंस्पेक्टर सत्यवान के पास बच्चे की फोटो पहचान ली और परिवार को वीडियो कॉल पर दिखया बच्चे को वीडियो कॉल पर देखकर मां के आंसू निकल गए।

### डीटीपी और एसटीपी ने सुनीं आरडब्ल्यूएच की समस्याएं



**फरीदाबाद।** शुक्रवार को सेक्टर-12 में फरीदाबाद के डीटीपी और एसटीपी फरीदाबाद में डीटीपी और एसटीपी ने सुनी आरडब्ल्यूएच की समस्याएं। डीटीपी रेणुका और सीनियर टाउन प्लानर रवि सिहाग ने बिल्डर प्रतिनिधियों के सामने आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से उनके प्रोजेक्ट में पेंडिंग काम के बारे में बात करें लगभग 20 आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें पार्क एलिट प्रीमियम सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान अवनिंद्र तिवारी ने भी अपनी समस्याएं रखी। अवनिंद्र तिवारी ने बताया कि उनकी सोसाइटी में 13 टावर हैं और बिल्डर ने 7 टावर का ऑक्युपेंसी नहीं लिया है। इस पर एसटीपी ने बिल्डर प्रतिनिधि को वहीं पर आदेश दिया कि 10 दिन के अंदर ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट के ऊपर करंट स्थिति स्पष्ट करी जाए। डीटीपी रेणुका ने आश्वासन दिया कि 10 दिनों के अंदर स्टेटस रिपोर्ट आरडब्ल्यूए के साथ शेयर करी जाएगी।

### 29 मई की रैली को लेकर अहम बैठक का आयोजन



**फरीदाबाद।** शुक्रवार को जिला कार्यालय पर कुरूक्षेत्र में होने वाली 29 मई की रैली को लेकर अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने की। बैठक को सबोंधित करते हुए धर्मबीर भड़ाना ने कहा की आगामी 29 मई को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली ऐतिहासिक होगी। प्रदेश के कोने-कोने से लोग उनको देखने के लिए भारी संख्या में रैली में शिरकत करने पहुंचेंगे। उन्होने कहा की 29 मई को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली काफी अहम होगी और यह प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा देगी। इस अवसर पर जिला महासचिव भीम यादव, ओपी वर्मा, राकेश भड़ाना, परवेश मेहता गुलशन बग्गा, साउथ जोन से महिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष वाई.के शर्मा, बडख़ल विधानसभा अध्यक्ष मनीष भाटिया, एनआईटी विधानसभा अध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला प्रवक्ता हंसराज दाहिमा, सुरेंद्र गुप्ता, मुल्कराज भड़ाना, एडवोकेट सिकंदर शर्मा, दीप्तेश भारद्वाज, चंचल तंवर, महेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि



**फरीदाबाद।** पूर्व विधायक आनन्द कौशिक के अनुज व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने आज भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर नीलम चौक स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा को जल से धोकर साफ किया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाये। इस अवसर पर आनंद कौशिक ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। इस अवसर पर बलजीत कौशिक ने कहा कि भारतरत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू का संपूर्ण जीवन देश के प्रति समर्पित रहा। इस मौके पर डॉक्टर सौरव शर्मा प्रेसिडेंट आईएस, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता फागना, अनिल कुमार नेता, अयाज अनवर, उमर भाई, बुरा भाई, दानिश भाई, आस मोहम्मद, ताहिर मलिक, सिंह बाग सिंह, रामप्रवेश, अमित भामोत्रा, एलएन मित्तल, संजय सोलंकी पूर्व महासचिव, सरदार सुरेंद्र सिंह, पुरषोतम लाल, गौरव चौधरी, बबीता चौधरी, सोहन देवी, बबीता भामोत्रा, ममता, हुकुम, उगनिति, लाडो बाई मौजूद थे।

### नागरिक मंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बल्लभगढ़।** सेक्टर-2 की तरफ जाने वाली रोड को एक्सप्रेस वे का निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा बंद कर दिए जाने के विरोध में एवम् सेक्टर में लगातार हो रही बिजली कटौती तथा खस्ताहाल सड़कों की रिपेयरिंग की मांग को लेकर सेक्टर-2 के नागरिक मंच ने आज उपायुक्त के नाम मांगों का ज्ञापन एसडीएम श्री परमजीत सिंह चहल को सौंपा। यह जानकारी देते हुए नागरिक मंच के प्रधान वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि सेक्टर दो को जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग को बंद कर देने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि जब सेक्टर 2 में वर्ष 2003 में मकानों का निर्माण होना शुरू हुआ था। तब से लेकर अब तक सेक्टर दो में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। इस मौके पर मंच के सदस्य एस पी त्यागी, हरवीर शर्मा, कंवर प्रकाश सिंह, संत राम सोलंकी भी उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने शिष्टमंडल को विश्वास दिलवाया कि हरियाणा, शहरी विकास प्राधिकरण को निर्धारित अवधि में सारे काम करने के निर्देश जारी किए जाएंगे।


### निगम भंग करने को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा आज जिला उपायुक्त कार्यालय सेक्टर 12 में जोरदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम भंग करने, नियमित, अनियमित कर्मचारियों, पेंशनरों, बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने एवं स्वास्थ्य विभाग में नौकरी से हटाए कोविड-19 कर्मचारियों की सेवाएं बहाल करने की मांग को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अशोक कुमार की अध्यक्षता में विशाल धरना आयोजित कर जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसडीएम परमजीत चहल के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन व धरने का संचालन जिला सचिव बलबीर सिंह बालगोहेर ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कहां की सरकार ने वर्षों से लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने एवं बेरोजगार युवाओं को स्थायी रोजगार मिले।

# बंदूक की संस्कृति

## बच्चों की हत्या

**रॉब** प्राथमिक स्कूल में नरसंहार ने एक बार फिर अमेरिकी नौजवानों में बंदूक की संस्कृति पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका की अपने बारे में धारणायें उलट रही हैं। 'दुनिया के पुलिसमैन' या 9-11 के बाद 'दुनिया के सैनिक' जैसी कहावतें अब उलट गई हैं। हालीवुड में अमेरिकन मैरीन की प्रभावशाली छवि तथा नशे जैसी आदत डालने वाले वीडियो गेमों ने खूनी रूप धारण कर लिए हैं। अमेरिका के 'स्पेशल आपरेटर' को आमतौर से 'अमेरिकन जीवनशैली' का अंग माना जाता है, अब नवीनतम फ्रैंकस्टीन जैसा दानव सिद्ध हो रहा है। यह हत्याकांड टैक्सास में हुआ है जिसे स्वघोषित 'फ्रंटियरमैन' या 'बकेनर्स' की भूमि माना जाता है जो अब भी पुराने चरवाहों या काऊब्वाय जैसी हैट व बूट पहनते हैं, घोड़ों पर सवारी करते हैं तथा उनकी बंदूकें, राइफलें व रिपीटर्स उनकी मर्दवादी छवि मजबूत करते हैं। टेक्सास के उवाल्डे में मंगलवार को घटी नरसंहार की नवीनतम घटना ने अमेरिकनों को एक बार फिर झकझोर दिया है, जिस पर लंबे समय से ध्यान देने की जरूरत है। पहले नरसंहार करने वालों को इस्लामी जिहादी, श्वेत नस्लवादी या दक्षिणपंथी स्थानीय आतंकी बता दिया जाता था। लेकिन आज के अमेरिकन हत्यारे इस किस्म के नहीं हैं। ये अधिकांश पुरुष तथा सामान्य नागरिक हैं, सामान्य पड़ोसी की तरह रहते हैं तथा गरीबी या सामाजिक अलगाव की भावना छिपाते हैं। आमतौर से इनका जीवन बरबाद हो चुका होता है अथवा वे दयनीय रूप से मानसिक विकृति का शिकार होते हैं। इन स्थितियों से परेशान हत्यारे अपनी समझ से न्याय पाने का सर्वोत्तम तरीका बंदूक उठाना समझते हैं। लेकिन पहले ऐसे व्यक्ति को इस भूमिका में आने के लिए टीवी पर्दे की छवि, चीविंग गम रैपर, पहलवान बनाने वाले व्हे टिन तथा एक फिल्म चुननी होती है। वास्तव में हर अमेरिकी विज्ञापन में बंदूक लहराते,




मर्दवादी व स्वघोषित चौकीदार दिखते हैं। इसी प्रकार हत्यारा टैक्टिकल बैटल यूनीफार्म, हैट, वेस्ट, ग्लव्स व कार्गो ट्राउजर्स की व्यवस्था करता है क्योंकि सबसे मजबूत अमेरिकी यही 'वेशभूषा' पसंद करते हैं।

'स्पेशल आपरेटर' ने हथियार के बारे में काफी सोचा होगा। उसने डीडीएम4 राइफल चुनी जो सेना की एम4 कार्बाइन का सिविल रूप है। सौभाग्य से सिविल रूप पूरी तरह स्वचालित नहीं होता है नहीं तो और ज्यादा लोग मारे जाते। एआर-15 राइफल तथा 375 गोलियों पर उसे 400 से 2000 डालर तक खर्च करने पड़े होंगे तथा होलोग्राफिक साइट के 700 डालर और लगे होंगे। इस प्रकार हत्यारा ओलिव-ग्रीन कपड़े पहने अमेरिकन सैनिक सुपरमैन के रूप में आ गया होगा। दुनिया को ऐसी विभीषिकाओं का अनुमान काफी पहले डोनाल्ड ट्रंप के युग में हो गया था जब बिना किसी उद्देश्य के बंदूके लहराते स्पेशल आपरेशन फोर्सेज़-एसओएफ जैसे लोग पूरे देश में अपनी पिकअप पर घूमते देखे जा सकते थे। उरका उद्देश्य केवल हत्यारा दक्षिपंथी दृष्टिकोण प्रदर्शित करना होता था। दुनिया को उन दंगाइयों की याद है जिन्होंने ट्रंप के आह्वान पर जनवरी में अमेरिकी कैपिटाल पर धावा बोला था। वे कैवलार व धातु के हेल्मेट पहने तथा शानदार हथियार लिए थे। ऐसे 'एक्टिविस्टों' ने कोविड मास्क आदेश का विरोध करते हुए हवा में गोलियां चलाईं। वे बंदूक चला कर यह बताना चाहते हैं कि अमेरिका को प्यार करते हैं। अब अमेरिका में बंदूक की संस्कृति हाशिए से निकल कर मुख्यधारा संस्कृति बन गई है। उत्तेजना फैलाने वाले ऐसे सशस्त्र लोग स्वयं को दक्षिणपंथी 'नायकत्व' के प्रतीक की तरह पेश करते हैं तथा गोलियों से कर्ज का भुगतान करते हैं। रिपब्लिकन जहां बंदूक की संस्कृति को गरिमापूर्ण मानते हैं, वहीं डेमोक्रेट उसे प्रतिबंधित करने के आधे-अधूरे प्रयास करते हैं। अमेरिका को इसका रोज नुकसान उठाना पड़ता है। अमेरिकन सोच फौरन बदलने की जरूरत है। इसका अर्थ केवल बंदूकों की सीमा तय करने के साथ ही मर्दवादी छवि बदलना भी है जिसके कारण परेशान लोग बंदूक उठा लेते हैं। यह आम लोकतांत्रिक समझ के विपरीत है कि बंदूक पर स्वामित्व उदारवादी है।

# दुनियाभर में महंगाई की मार

महंगाई पर नियंत्रण के लिए सभी केन्द्रीय बैंकों को फौरन समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिसे तत्काल सक्रिय किया जाए।



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



ऐसा लगता है कि सारी दुनिया में उच्च मुद्रास्फीति या महंगाई अब सामान्य बात होती जा रही है और कम से कम निकट भविष्य में यही स्थिति बनी रहेगी। अप्रैल, 2022 में आईएमएफ के वर्ड इकोनोमिक आउटलुक ने अनुमान लगाया था कि 2022 के दौरान विकसित देशों में मुद्रास्फीति 5.7 प्रतिशत, उभरते बाजारों में 8.7 प्रतिशत तथा विकासशील देशों में पहले जनवरी में लगाए अनुमानों की तुलना में क्रमशः 1.8 से 2.8 प्रतिशत अधिक रहेगी। रूस-यूक्रेन युद्ध अब चौथे महीने में प्रवेश कर रहा है जिसके कारण सप्लाई में अभूतपूर्व बाधायें आई हैं। इसके कारण काफी समय से विभिन्न चीजों के दाम बढ़ रहे हैं और धीरे-धीरे स्थिति और खराब होने की आशंका है। खराब होता सप्लाई-मांग संतुलन तथा वस्तुओं के मूल्य में और वृद्धि से कम से कम मध्यकालीन रूप से मुद्रास्फीति लगातार ऊंची बनी रहेगी। इसके कारण ब्याज दरें बढ़ेंगी, अधिक वेतनों की मांग होगी तथा इसके परिणामस्वरूप कंपनियों का मुनाफा घटेगा।

इसके कारण मजबूरी में उनको उत्पादन घटाना पड़ेगा जिससे मुद्रास्फीति और बढ़ेगी तथा वास्तविक वेतन में और कमी आएगी। वैश्विक महामारी के बाद दुनिया वैसे भी आर्थिक बहाली के लिए संघर्ष कर रही है तथा पहले की तुलना में उच्च कर्ज स्तर से निपटने के प्रयास कर रही है। इसका कारण वैश्विक महामारी से राजकोषीय नीतियों का विस्तार भी है। अब उच्च मुद्रास्फीति का प्रभाव खासकर उभरते बाजारों व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है जिससे कर्ज का संकट गंभीर हो गया है।

बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण युद्ध, प्रतिबंध, चीन में कोविड उभार के कारण लाकडाउन तथा इन सबके कारण सप्लाई श्रृंखला में पैदा भारी बाधायें हैं। ये सभी केन्द्रीय बैंकों के नियंत्रण से बाहर हैं। इसलिए केवल मौद्रिक नीतियां मुद्रास्फीति रोकने के लिए काफी नहीं हैं, हालांकि विभिन्न देशों ने अनेक नीतियां बनाई हैं जो उनकी परिस्थितियों तथा अन्य चीजों पर आधारित हैं। सरकारों को राजकोषीय नीतियों के विस्तार के प्रति भी सावधानी बरतनी चाहिए जिससे कुछ लोगों को कठिनाई हो सकती है जो महामारी के सालों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में विकास पूरी दुनिया में फिलहाल पिछली सीट पर चला गया है। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति का मापन सीपीआई द्वारा होता है जो अप्रैल, 2022 में 7.8 प्रतिशत बढ़ी, जबकि यह मार्च में 7 प्रतिशत थी। यह पिछले आठ साल में सर्वाधिक है। शहरी मुद्रास्फीति 7.1 प्रतिशत तथा ग्रामीण मुद्रास्फीति 8.4 प्रतिशत थी। सीपीआई में भोजन व पेयपदार्थों को 45.9 प्रतिशत तथा ईंधन को 6.8 प्रतिशत स्थान मिला है। यदि हम इसे बाहर निकाल दें तो प्रमुख मुद्रास्फीति 6.5 प्रतिशत है। यह आरबीआई के 6 प्रतिशत लक्ष्य से अधिक है। फैक्ट्री उत्पादन में सुस्ती बनी हुई है। औद्योगिक सूचकांक में मार्च 2022 में केवल 1.9 प्रतिशत बढ़ा जो अप्रैल 2021 में सबसे नीचे 134.4 प्रतिशत पर पहुंच गया था। इसका कारण विनिर्माण क्षेत्र का खराब प्रदर्शन था जो बढ़ती लागत तथा सप्लाई में बाधा पैदा हो रही है। मुद्रास्फीति का एक हिस्सा आयातित भी है क्योंकि हमारा 80 प्रतिशत से अधिक ईंधन तथा 60 प्रतिशत से अधिक खाद्य तेल उन देशों से आयातित है जो स्वयं गंभीर महंगाई का सामना कर रहे हैं। आयात खर्च बढ़ने से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार घटा है और यह 598 बिलियन डालर तक पहुंच गया है जो केवल 11 महीनों के आयात के लिए काफी है।

यह जनवरी 2022 में 635 बिलियन डालर था। मुद्रास्फीति के आंकड़े पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, हरियाणा व तेलंगाना में 9 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गए हैं। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने उम्मीद जताई है कि मांग में धीरे-धीरे सुधार होने से लगातार बनी रहने वाली मुद्रास्फीति की आशंका गलत है। हालिया महीनों में जीएसटी के अधिक संग्रह से भी आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के बजाय वस्तुओं की कीमतें बढ़ी होंगी। अमेरिका के फेडरल बैंक द्वारा मुद्रास्फीति के कारण ब्याज दर में 0.5 प्रतिशत वृद्धि के बाद आरबीआई ने भी रेपो रेट तथा सीआरआर में 4 मई को 0.4 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की। उम्मीद की जाती है कि जून में भी ब्याज दर तथा सीआरआर में वृद्धि की जाएगी। क्रिसिल रेटिंग ने वर्तमान वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 6.3 प्रतिशत लगाया था। उसे उम्मीद है कि आरबीआई रेपो दरों में 2023 वित्त वर्ष के दौरान 0.75 प्रतिशत तथा 1 प्रतिशत के बीच वृद्धि करेगा। अर्थशास्त्रियों व कार्पोरेट नेताओं को उम्मीद है कि ब्याज दर वित्त वर्ष 2023 के अंत तक अंततः 5.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। वास्तव में 4.4 प्रतिशत रेपो दर तथा 10 वर्ष में जी-सेक का 7 प्रतिशत से ऊपर रहने का अर्थ ब्याज दर के और ऊपर जाने का संकेत देता है। लेकिन ब्याज दर में हर वृद्धि से सरकार के लिए राजकोषीय परिवर्तन का स्पेस घटता है जिसका विकास पर प्रभाव पड़ता है। पहले ही भारत का विकास अनुमान सभी एजेंसियों ने घटा दिया है। आरबीआई ने भी इसे घटा कर 2022-23 के लिए 7.2 कर दी है, जबकि पहले यह अनुमान 7.8 प्रतिशत था।

थोक मुद्रास्फीति का मापन डब्लूपीआई से होता है जो सीपीआई मुद्रास्फीति से लगातार अधिक रहा है। यह मार्च 2022 में बढ़ 14.55 प्रतिशत पहुंच गया जबकि फरवरी में 13.11 प्रतिशत था। कीमतें सभी क्षेत्रों में बढ़ी हैं ये विनिर्माण उत्पादों में 10.71 प्रतिशत, मूल धातुओं में 25.27, ईंधन व बिजली में 34.52 प्रतिशत तथा मूलभूत वस्तुओं में 15.54 प्रतिशत हैं। हालांकि, खाद्य पदार्थों की कीमत में कुछ कमी आई है। मासिक आधार पर थोक कीमतों में मार्च में 2.69 प्रतिशत वृद्धि हुई जो 2004 के बाद सर्वाधिक है। इसका कारण डब्लूपीआई व सीपीआई में भिन्नता मुख्यतः उनमें शामिल वस्तुओं के कारण है। डब्लूपीआई में विनिर्मित वस्तुओं को 64.2 प्रतिशत हिस्सा मिलता है जो सीपीआई की तुलना में बहुत अधिक है जहां प्राथमिक वस्तुओं को 22.6 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इसके बाद 13.2 प्रतिशत हिस्सा ईंधन और बिजली को मिलता है। जहां आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को नीतिगत निर्णय पर आधारित मानता है, वहीं थोक मूल्य में वृद्धि भी अंततः खुदरा मूल्यों में कुछ तिमाहियों के बाद दिखती है क्योंकि कंपनियां उपभोक्ताओं पर बोझ डालती हैं। इस प्रकार उच्च डब्लूपीआई मुद्रास्फीति मार्च में प्राथमिक वस्तुओं में दिखी जिसके परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतों में और वृद्धि होगी जिसका प्रभाव अमीरों की तुलना में गरीबों पर अधिक होगा।

इससे वित्त मंत्री का यह अनुमान गलत सिद्ध होता है कि गरीब लोगों पर मुद्रास्फीति का प्रभाव अमीरों जितना नहीं है। आश्चर्यजनक बात है कि आरबीआई ने कार्रवाई करने में इतना समय क्यों लगाया और उसने मनमाने ढंग से काम क्यों किया जिससे बाजार को भारी धक्का लगा। इससे विदेशी निवेशकों में असहज स्थिति पैदा हुई तथा शेयर बाजार में रुपये की कीमत में भारी गिरावट आई। ब्याज दरों में वृद्धि का प्रभाव अनुमान से अधिक रहा है। यदि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण करना है तो सभी केन्द्रीय बैंकों को तत्काल समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिसका फौरन क्रियान्वयन संभव हो। डब्लूटीओ को मुद्रास्फीति के खिलाफ संघर्ष में शामिल किया जाना चाहिए। मुद्रास्फीति यदि कोविड से खराब नहीं तो उतनी ही बुरी बीमारी है तथा इससे प्रभावी संघर्ष के लिए सारी दुनिया को एकसाथ आना होगा।

# ...पर उपदेश कुशल बहुतेरे

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे'। गोस्वामी तुलसीदास की यह चौपाई हर युग में हर काल में प्रासंगिक रही है। इसका अर्थ है कि दूसरे को उपदेश देना सरल है पर खुद उस पर अमल करना कठिन। इस समय उपदेशक ज्यादा हैं और उन पर अमल करने वाले कम। अगर व्यक्ति स्वयं आदर्शों का पालन करने लगे तो उसे उपदेश देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां इस चौपाई को राजनीतिक संदर्भों में उद्धृत किया गया है। यूं तो इससे वाबस्ता किरदार एक से ज्यादा हैं लेकिन शुरुआत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से जो शुरू से जुझारू रही हैं और अपनी राजनीति के प्रारम्भिक काल में ही उन्होंने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के दिग्गज सोमनाथ चटर्जी को हराकर सनसनी फैला दी थी। ममता आज भी जुझारू हैं। यह अलग बात है कि वह उन्हीं मुद्दों की मुखालफत से जूझ रही हैं जिनको लेकर वह खुद जब-तब गिले शिकवे करती रहती हैं। मतलब यह कि 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' की कहावत उन्हीं पर चरितार्थ हो रही है।

ममता बनर्जी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों के चांसलर यानी कुलाधिपति को लेकर नया व अभूतपूर्व निर्णय किया गया। नई व्यवस्था के तहत अब राज्यपाल के स्थान पर मुख्यमंत्री प्रदेश के विश्वविद्यालयों की चांसलर होंगी। इस संबंध में जल्दी ही राज्य विधान सभा में एक विधेयक पेश किया जाएगा। विधानसभा में इसका पारित होना महज औपचारिकता होगी और यूं राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आने वाला सबसे महत्वपूर्ण व व्यवहारिक दायित्व उनसे छिन जाएगा।

यह बात सर्वविदित है कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकड़ व ममता बनर्जी के बीच छत्तीस का आंकड़ा है और यह हर दूसरे तीसरे व चौथे दिन परिलक्षित होता रहता है। ममता के इन आरोपों को भी सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि जगदीप धनखड़ केंद्र के इशारे पर ममता सरकार को परेशान करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देना चाहते। राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच ऐसा टकराव कोई नया नहीं है। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक से उनके संबंध बहुत सहज नहीं थे और विधान परिषद के लिए मनोनयन व लोकायुक्त के चयन के मुद्दे पर क्या क्या हुआ यह भी देखा व समझा जा चुका है। बहरहाल असहज रिश्तों के बावजूद तत्कालीन अखिलेश सरकार ने राज्यपाल के अधिकार व दायित्व में कटौती करने या यूं कहें कि राज्यपाल



के पर कतरने की कोई कोशिश नहीं की। अतीत ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है जब राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच तल्खी देखी गयी और यह सिलसिला आज भी जारी है। इसकी प्रमुख वजह केंद्र व राज्य में अलग अलग दलों की सरकारों का होना ही है। पश्चिम बंगाल के बाद इसकी बानगी महाराष्ट्र में भी देखी जा सकती है जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार ने करीब दो साल पहले विधान परिषद में मनोनयन के लिए जो सूची राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को भेजी थी वह आजतक ठंडे बस्ते में पड़ी है और विवाद सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक जा चुका है। बावजूद तल्खी के महा विकास अघाड़ी सरकार ने वैसा कोई अतिवादी कदम नहीं उठाया जैसा ममता बनर्जी ने उठाया है।

ममता बनर्जी का यह कदम इसलिए भी ध्यान आकर्षित करता है क्योंकि ममता का आचरण उसके बिल्कुल उलट है जिसको लेकर वह खूब जोर से शोर मचाती हैं। यानी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'। ममता बनर्जी के नेतृत्ववाली तृणमूल सरकार से केंद्र की राजग सरकार के रिश्ते कभी भी सौहार्दपूर्ण नहीं रहे। शायद ही कोई हफ्ता बीतता होगा जब ममता बनर्जी केंद्र पर यह आरोप न लगाती हों कि नरेंद्र मोदी सरकार भारत के संघीय ढांचे को नष्ट कर रही है। यूं तो ममता की ओर से और भी कई आरोप नियमित तौर पर लगाए जाते हैं लेकिन संघीय ढांचे पर प्रहार व मोदी की तानाशाही सूची में सर्वोपरि हैं। और ममता के लिए जबरदस्त विरोधाभास यही है कि यही दोनों आरोप खुद उन पर भी चस्पा होते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या राज्यपाल की जगह खुद विश्वविद्यालयों का चांसलर बनना क्या देश के संघीय ढांचे को मजबूत करता है? क्या अधिकारियों या फिर कुलपतियों को बुलाए जाने पर भी राजभवन न जाने देकर ममता बनर्जी संघीय ढांचे को और मजबूत करने के लिए खाद पानी दे रही हैं? लोग भूले नहीं हैं कि विगत में राज्य के दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी की बाढ़ समीक्षा बैठक में कैसे प्रोटोकाल की धज्जियां उड़ाई गईं और जिसके चलते उपजे विवाद के संदर्भ में पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्य सचिव का मामला अभी भी दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। लोग यह भी नहीं भूले हैं कि किस तरह सीबीआई को अपना काम करने से रोका गया था और देश की सर्वोच्च अन्वेषण संस्था को शासकीय दायित्व निभाने के दौरान पश्चिम बंगाल की पुलिस ने बंधक बना लिया था। और इस मामले में भी कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व सीपीएम के नेतृत्व वाले लेफ्ट फ्रंट को चुनाव की मुख्य स्पर्धा से बाहर कर दिया है और उनका मुकाबला सिर्फ भाजपा से है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने टीएमसी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन पिछले साल ममता बनर्जी ने विधान सभा चुनाव में इसका बदला सूद सहित लिया और राजनीतिक हल्कों में यह कहा और महसूस किया जाता है कि चुनाव में मिली शानदार सफलता ने ममता के व्यक्तित्व में एक अधिनायक को जन्म दे दिया है। अगर बहस के लिए मान लें कि पीएम मोदी में भी अधिनायकवादी तत्व मौजूद हैं तो फिर यह कहने से कोई गुरेज नही होगा कि ममता बनर्जी का अधिनायकवाद मोदी से कहीं आगे है।

ममता बनर्जी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। वह मोदी को सत्ता से हटाने के लिए आतुर व व्याकुल हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर गठजोड़ बनाने की संभावनाओं को भी वह तलाशती रहती हैं। अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति की दौड़ में वह खुद भी उन्हीं कृत्यों व प्रवृत्तियों को आत्मसात कर चुकी हैं जिनके लिए वह दूसरों पर उंगली उठाती रहती हैं। राज्य व राज्य के मुख्यमंत्री की भूमिका व सार्थकता तभी है जब वह पीएम के प्रति भी आदर का भाव रखें। यह एक तरह 'गिव एंड टेक' जैसा रिश्ता है जिसमे दोनों एक दूसरे के पूरक हैं न कि विरोधी। और ऐसा न होने पर तो ममता बनर्जी के लिए यही कहा जाएगा 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे।'

## आप की बात

### सदन की गरिमा

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के चलचित्र सामान्य जनमानस ने देखे। भूतकाल में सदनों में घटी घटनाओं का भी जनता ने खूब स्वाद लिया है, बॉलीवुड फिल्मों की तरह। पहले अतीत में भी कई विस्मयकारी रूप देखने को मिल चुके हैं। आज मर्यादाओं को भूलते हुए फिर नेता प्रतिपक्ष सदन की गरिमा को तोड़ते नज़र आए। जहां दूसरी बार नियुक्त उपमुख्यमंत्री का अपमान करते नेता प्रतिपक्ष को सबने देखा। अपने आप को फारेन रिटर्न बुद्धिजीवी कहलवाने वाले युवा नेता प्रतिपक्ष को सत्तासीन दल के उपमुख्यमंत्री के लिए क्या असंसदीय भाषा शोभा देती है। ये तो अच्छा है कि उत्तर प्रदेश की सत्ता में बैठे लोग वर्षो के संघर्ष से परिपक्व हो गए हैं, वरना यदि अन्य विधायकगणों की और से ऐसी ही प्रतिक्रिया सामने से आ जाती तो पुनः आप लोग सदन की गरिमा को तार-तार करने में कोई कोताही न बरतते। जमीनी संघर्ष आपने देखा ही नहीं, पर जिसे आप शायद बड़प्पन समझ रहे हैं वो जनता की नज़र में कहीं बदतमीजी तो नहीं? माना आप मुँह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, पर सदन की गरिमा बनाये रखना आपका कर्तव्य है।

– **मनोज,** मेरठ

### ज्ञानवापी प्रकरण

**ज्ञानवापी** मस्जिद के मामले के साथ-साथ मथुरा की ईदगाह का मामला भी अदालत पहुंच चुका है। हालांकि पूजा स्थल अधिनियम यह कहता है कि 1947 में जिस धर्मस्थल का जो स्वरूप था, उसे बिल्कुल नहीं छेड़ा जाएगा। इसके बावजूद यह सिलसिला जारी है और हैरतअंगेज तौर पर निचली अदालतें इस कानून के रहते मस्जिदों पर हिन्दुत्ववादी तत्वों के दावों को सुनवाई के लिए स्वीकार कर रही हैं। जो बात कानून के मामूली जानकारों को मालूम है, वह न्यायधीशों को नहीं मालूम, ऐसा तो नहीं हो सकता। लेकिन ऐसी याचिकाओं को स्वीकार करने से जनता के एक बड़े हिस्से में न्यायपालिका की छवि खराब हो सकती है । सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के मामले की सुनवाई के दौरान संतुलन बनाए रखने की बात कही है। क्या यह उचित नहीं होगा कि उसकी ओर से यह स्पष्ट निर्देश दिया जाए कि ज्ञानवापी मस्जिद मामले में दोनों पक्षों को हिन्दू और मुस्लिम पक्ष न लिखा जाए तथा अयोध्या रामजन्मभूमि मामले की तरह ज्ञानवापी स्थल को विवादित स्थल बताया जाए। इस विवाद से वाराणसी में पर्यटन व होटल उद्योग प्रभावित हो रहा है।

– **डॉ हेमंत कुमार,** भागलपुर

### समान नागरिक संहिता

**हमारे** देश के संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में यह भावना व्यक्त की थी कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाना चाहिए जिसमें सरकार से अपेक्षा की गई कि वह पंथ, जाति, क्षेत्र, भाषा जैसे विभाजनकारी आधार की चिंता किए बिना सभी के लिए समान कानून बनाएगी। विडंबना है कि जब समान नागरिक संहिता की बात हुई तो प्रचार हुआ कि इससे अल्पसंख्यकों के मजहबी अधिकार छिन जाएंगे। जबकि यह ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी कानून किसी मजहब के विरुद्ध हो तो वह कानून सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो जाएगा। समान नागरिक संहिता लाने की घोषणा के साथ-साथ ही उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध में यही तर्क है कि यह संविधान-विरोधी है इसमें ज्यादातर विरोध मुस्लिम संगठनों का ही है जिससे लगता है कि इससे उन्हें बड़ा नुकसान होगा तब इस कानून को लाने से पहले इस पर हर धर्म में बहस करना बेहद जरूरी है ताकि उनकी भी इस विषय में आंखें खुल सके क्योंकि यह कानून तो सभी के लिए महत्वपूर्ण है और सभी के लिए लाभदायक भी है।

.– **राज,** शाजापुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** केवल सरकार चलाना जानते हैं। हम वोटबैंक की राजनीति नहीं करते हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**इस** मूर्खतापूर्ण युद्ध को आपके पुतिन ने शुरू किया है। यह युद्ध झूठ पर खड़ा है।

– **अलेक्सेई नवाल्नी**
क्रेमलिन के आलोचक



**राहुल** ने फिर ब्रिटिश एमपी जेरेमी कार्बिन से मुलाकात की। वे भारत से घृणा व उसे नापसंद करने वाले तथा कश्मीरी अलगाववाद के पैरोकार हैं।

– **किरन रिजिजू**
केन्द्रीय मंत्री

# हाथ जोड़कर बस्ती लूटने वाले, सुधारों की बात करते हैं: योगी

## पिछली सरकारों में थाना और तहसील गिरवी रख दिए जाते थे: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शुक्रवार को कहावतों और मुहावरों से विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नजर नहीं है नजारों की बात करते हैं जमीं पर चांद सितारों की बात करते हैं। हाथ जोड़कर बस्ती को लूटने वाले, भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं,। उन्होंने एक मनीषी की बात का हवाला देते हुए कहा कि अभिमान तब आता है जब हमें लगता है हमने कुछ किया है और सम्मान तब मिलता है जब दुनिया को लगता है आपने कुछ किया है।

सीएम योगी शुक्रवार को विधानसभा सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। सीएम योगी विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन अपने पूरे रौ में दिखे। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए नसीहत भी दी और अपनी सरकार की उपलब्धियों को तथ्यों के साथ पूरी मजबूती से सदन में रखा। उन्होंने सिलसिलेवार विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमको संकट में दलीय प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर खड़ा होना पड़ेगा। अटल जी ने इसे करके दिखाया थाए सोच अगर होती तो ऐसी स्थिति उत्पन्न न होती। हम जिस प्रगति से बढ़ रहे हैं। हम नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रहे हैं। आज प्रदेश के लोगों के पहचान का संकट नहीं है। अब वह कहीं जाते हैं तो गर्व से बताते हैं। उन्होंने कहा कि समस्या के दो ही समाधान होते हैं दोनों का नाम एक ही है. भाग लो। हमें हमारा नेतृत्व एक ही बात के लिए हमेशा आगाह करता है कि हमारा मिशन केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं हमारा मिशन देश होना चाहिएए देश के हित के लिए कार्य होना चाहिए। पिछली सरकारों के समय में थाना और तहसील गिरवी रख दिए जाते थे। मगर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता अनावश्यक सिफारिश के लिए किसी थाने या तहसील में नहीं जाता है।

उन्होंने कहा कि आपके दौर में जहां गड्ढे शुरू हो जाते थे वहां से प्रदेश की पहचान होती थीए जहां से अंधेरा शुरू होता थाए वहां उत्तर प्रदेश जाना जाता था। अब उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे स्टेट के रूप में जाना जाता है आगरा एक्सप्रेस वे के पहले यमुना एक्सप्रेस वे बन चुका थाए उससे पहले श्रध्देय अटल जी ने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना को दे दिया था। ये उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम था।



### शिवपाल की तारीफ की, अखिलेश पर कसा तंज

लखनऊ। यूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के मुखिया शिवपाल सिंह की तरीफकी। सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। पहले हमारे युवा की क्या स्थिति थी? 2015-16 में टैबलेट बांटे गए लेकिन युवाओं को नहीं मिल पाया। आज हम दे रहे हैं। मैं धन्यवाद दूंगा शिवपाल जी को कि उन्होंने भी अपने क्षेत्र में जाकर युवाओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन का वितरण किया। और माननीय सदस्य भी वितरित करें। सभी जगह गए हैं। थोड़ा प्रयास करना होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा अध्यक्ष द्वारा सरकार पर लगाए तमाम आरोपों पर पलटवार करते हुए सीएम योगी ने कहा कि विकास की यात्रा में पक्ष और विपक्ष को एक साथ चलना है। यात्रा आपकी भी चल रही है और हमारी भी चल रही है लेकिन अंतर यही है कि हम पास-पास भी हैं और साथ-साथ भी हैं। हमारे बहुत सारे सदस्यों की आप जाति नहीं बता सकते लेकिन आप पास-पास होकर भी साथ-साथ नहीं हैं। इससे पहले शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्हें ईमानदार और मेहनती बताया। इसके साथ ही उन्होंने परोक्ष रूप से उन पर तंज भी किया।

### विधानसभा में अब घंटी बजी तो जब्त होगा मोबाइल फोन: स्पीकर

**लखनऊ।** विधानमंडल सत्र की कार्यवाही के दौरान विधायकों के सेल्फी लेने और मोबाइल पर बातें करने से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बेहद गंभीर हो गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने विधान भवन में तैनात चीफमार्शल को विधायकों के मोबाइल फोन को जब्त करने का निर्देश दे दिया। सदन में बार-बार कई सदस्यों का फोन बज उठा जिस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नाराजगी जताई। विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों के विधानभवन के मंडप में सेल्फी लेने पर रोक लगाने के साथ ही चीफ मार्शल को आदेश दिया कि नियम तोडने् पर किसी का भी मोबाइल फोन जब्त करने में संकोच ना करें। सतीश महाना ने यह भी चेतावनी दी कि अगर सदन की कार्यवाही के दौरान किसी के मोबाइल फोन की घंटी बजी तो फोन जब्त कर लिया जाएगा। शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान दो बार किसी सदस्य के मोबाइल फोन की घंटी बजी। विधानसभा अध्यक्ष ने घंटी बजने के बाद चेतावनी दी कि यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान सदस्य अपने मोबाइल स्विच ऑफरखें।

### यूपी विधानसभा सत्र के दौरान मनाया जाएगा विधायकों का जन्मदिन

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को विधानसभा में एक नई परंपरा की शुरुआत करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब से विधानसभा सत्र के दौरान यदि किसी विधायक का जन्मदिन पड़ेगा तो सदन में उस विधायक को सभी सदस्यों की ओर से बधाई दी जाएगी। उनकी इस घोषणा का सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपा कर समर्थन किया। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा घोषित इस परंपरा की शुरुआत भाजपा विधायक रामनरेश अग्निहोत्री को जन्मदिन की बधाई देकर की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने जैसे ही राम नरेश के जन्मदिन की सूचना सदन को दी वैसे ही सभी दलों के सदस्यों ने भाजपा विधायक को बधाई दी। इसके बाद राम नरेश ने भी सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### योगी ने ममता, उद्धव और केजरीवाल को भी घेरा

**लखनऊ।** विधानसभा में शुक्रवार को जब सीएम योगी आदित्यनाथ खड़े हुए तो यह साफ था कि वह राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देंगे। हुआ भी वही। 37 साल का रिकॉर्ड तोड़कर सत्ता में वापसी करने वाले योगी आदित्यनाथ ने जब विपक्ष और खासकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को जवाब देना शुरू किया तो उन्होंने दिल्लीए, बंगाल से लेकर महाराष्ट्र तक निशाना साधा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में पिछले 5 साल में हुए चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए हैं। यहां चुनाव के बाद कोई हिंसा नहीं हुई। उन्होंने लगे हाथ पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा का हिसाब भी पेश कर दिया। विधानसभा चुनाव में सपा के लिए वोट मांगने आईं ममता बनर्जी का नाम लिए बिना योगी ने कहा कि बंगाल से एक दीदी आईं थीं। चुनाव बाद वहां बंगाल हिंसा की 12 हजार घटनाएं हुईं थीं। 294 विधानसभा सीटों में से 142 पर हिंसा की घटनाएं हुईं थीं। 25 हजार बूथ प्रभावित हुए। भाजपा के 10 हजार से अधिक कार्यकर्ता सेल्टर होम में जाने को मजबूर हुए थे। 57 की हत्या हुईए 123 से अधिक महिलाओं के साथ अमानवीयता हुई। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि बंगाल की आबादी यूपी के मुकाबले आधी है। उन्होंने विपक्ष की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि सबको पीएम मोदी के साथ मिलकर देश की लड़ाई को आगे बढ़ाना चाहिए था।

विपक्ष राजनीतिक करने से नहीं चूका। लॉकडाउन के दौरान लोगों को मदद देने में विपक्ष के नेता और उसके कार्यकर्ता गायब थे। केवल भारतीय जनता पार्टी ने ही पीएम मोदी के कहने पर सेवा ही संगठन है के मंत्र के साथ घर-घर पहुंचा। सीएम योगी ने यूपी के कोरोना केसों की दिल्ली, महाराष्ट्र से लेकर अमेरिका और ब्राजील तक से की। सीएम योगी ने यूपी के कोरोना डेटा की तुलना पहले महाराष्ट्र से कही। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का यदि मैं जिक्र करूं, इनके मित्र कभी-कभी यहां आते हैं। चुनाव में भी मदद करने आए थे। महाराष्ट्र की कुल जनसं या है 12 करोड़ 57 लाख। यानी यूपी से आधी। हमारे यहां केस हुए 20 लाख 54 हजार। महाराष्ट्र में 78 लाख 83 हजार। मौतें हुईं 1 लाख 47 हजार। यूपी से आधी आबादी और मौतों यूपी से कहीं ज्यादा। कुल टीकाकरण वहां हुआ है 16 कोरड़ 65 लाख। सीएम योगी ने आगे कि इनके दूसरे इनके मित्र हैं दिल्ली में, जिन्होंने यूपी और बिहार के श्रमिकों और नौजवानों को बाहर कर दिया था।

### आपने पलायन का रास्ता चुना तो जनता ने पलायन करा दिया: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

सीएम योगी ने विधानसभा में अखिलेश यादव पर आज हमला बोला। योगी ने कहा कि आप ने पलायन का रास्ता चुना तो जनता ने पलायन करा दिया। हमने चैलेंज स्वीकार किया तो श्रमिक हमारे साथ अडिग खड़ा रहा। आज यूपी में प्रवासी हो या निवासी हर श्रमिक को 2 लाख रुपए की समाजिक सुरक्षा की गारंटी दी है। 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा भी मु त में दिया गया है। बटाईदार हमारे जितने भी लोग किसानी के साथ जुड़े हैं उन्हें 5 लाख रुपए की दुर्घटना बीमा दी गई है। योगी ने कहा कि हर एक श्रमिक को कोविड महामारी के दौरान भरण पोषण दिया गया। संकट का साथी कौन यह कोरोना महामारी ने बता दिया है। राशन कार्ड की सुविधा हर श्रमिक को दी है। नेशनल पोर्टेबिलिटी के माध्यम से यदि यूपी का कोई हमारा भाई किसी और राज्य में काम कर रहा है, कार्ड उसने यहां बनाया है तो पीएम ने उसे सुविधा दी है कि वह कहीं भी राशन ले सकता है। यह सुविधा यूपी में उपलब्ध हैं। यदि दूसरे राज्य के श्रमिक यूपी में हैं तो उन्हें इसका लाभ मिल रहा है।

## भाजपा सरकार किसानों की मदद के बजाए उन्हें दे रही है धोखा: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को विधानसभा में बोलते हुए कहा है कि नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि सबसे ज्यादा घटनाएं उत्तर प्रदेश में हुई हैं। जिस तरीके से भाजपा सरकार चल रही है उससे हर वर्ग परेशान है। भाजपा विधायक थाने चला रहे हैं। सरकार यह दावे करती है कि चीनी मिलों बिकी हैं। एक भी नाम बता दें कि समाजवादी सरकार में कौन मिल बिकी है।

अखिलेश ने कहा कि मंडी व्यवस्था को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। सरकार किसानों की मदद के बजाए उन्हें धोखा दे रही है। नीति आयोग के आंकड़े यूपी की सच्चाई बता रहे हैं। स्कूलों में अभी तक किताबें नहीं मिलीं, ड्रेस नहीं दे पाए, जूते मोजे नहीं दे पाए। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने आरक्षण व्यवस्थाओं को बदल दिया जिसकी वजह से दलित और पिछड़े नौजवानों की नौकरी छूट गई। ये सरकार काम रोकने वाली सरकार है। यह सदन में डॉ. लोहिया का नाम बहुत लेते है। भाजपा सरकार ने गेहूं की खरीद नहीं की। बड़े-बड़े उद्योगपतियों से मिली भगत कर गेहूं खरीदवा दिया। अब आटा महंगा करा दिया। अभ्यर्थी भर्ती कैंसिल करने की मांग कर रहे हैं। सरकार भर्ती क्यों नहीं रद्द करती, सरकार को पता है कि तकनीकी का साथ लेकर धांधली हुई है। जिस संस्था में परीक्षा हो रही है उससे मिली भगत थी।

दारोगा भर्ती पेपर लीकए सौ से ज्यादा लोग पकड़े गए। यूपीएसएससी लोअर सबआरडीनेट पेपर लीक, ट्यूवेल आपरेटर पेपर लीक, यूपी आरक्षी नागरिक पुलिस के पर्चे गलत बंटे, ग्राम्य विकास की भर्ती में धांधली हुई। समाजवादी सरकार में पूरी पारदर्शिता से नौकरियों में भर्ती हुई थी। यादव ने कहा जातीय जनगणना होनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के लोग पुलिस की पिटाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी बजट सत्र में कानून व्यवस्था और बेटी सुरक्षा पर झूठ के पुलिंदे सुना रहे है वहीं जंगलराज के तले बे-खौफ दरिन्दे बेटियों से दुष्कर्म कर रहे हैं।

### बेरोजगारी के मुद्दे पर सपा का वाकआउट

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्न प्रहर के दौरान समाजवादी पार्टी ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। सपा सदस्य मनोज कुमार पाण्डेय ने जानना चाहा कि सरकार ने श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत कितने नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। श्रम मंत्री से इसका वाजिब उत्तर न मिलने पर सपा सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। बाद में संसदीय कार्यमंत्री ने स्थिति संभालते हुए आंकड़े पेश कर बताया कि बीते पांच साल में 4.50 लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दी गईं। सपा सदस्य मनोज कुमार पाण्डेय और अतुल प्रधान ने श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर से जानना चाहा कि पांच वर्षों में कितने नौजवानों को स्थाई रोजगार के रूप में सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इस पर श्रम मंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियों की जानकारी भर्ती आयोगों से की जा सकती है। यह उनके विभाग से संबंधित नहीं है। उन्होंने सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं का ब्योरा दिया, इस पर मनोज कुमार पाण्डेय ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मंत्री को नौकरियों के बारे में ही जानकारी नहीं है। यह बहुत की आश्चर्यजनक बात है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि मूल प्रश्न का उत्तर ही नहीं मिल रहा। सतीश महाना ने इस पर संसदीय कार्यमंत्री से जानकारी देने को कहा। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने स्थिति संभालते हुए कहा कि बीते पांच साल में 4.50 नौकरियां दी गई हैं। साथ ही पांच साल में 3742 रोजगार मेले लगाकर 5.74 लोगों को निजी नौकरियों से जोड़ा गया है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सपा सदस्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर गए।

# मुख्यमंत्री योगी पर निजी टिप्पणी को लेकर तीखी नोंकझोक

## जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने किया सदन का बहिष्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



विधान परिषद

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी को लेकर आज विधान परिषद में सत्ता पक्ष और समाजवादी पार्टी के बीच तीखी नोंकझोक हुई। दोनों दलों के सदस्यों के बीच तू-तू मै-मै से शुरू तकरार में सपा सदस्यों द्वारा सीएम योगी की निजी जिन्दगी पर हल्के शब्दों में टिप्पणी किये जाने पर सभापति मानवेन्द्र सिंह को हस्तक्षेप करना पडा, तब कही जाकर मामला शांत हुआ।

हुआ यह कि शून्यकाल के दौरान नियम 105 के तहत सपा की तरफ से शिक्षा मित्रों के मामले पर नेता सदन स्वतन्त्र देव सिंह ने अपने जवाब की शुरुआत सीएम योगी से की। उन्होने कहा कि प्रदेशवासियों और हम सभी का सौभाग्य है, जो योगी जी सरीखा सन्याषी हमे मुख्यमंत्री के रूप में मिला है। उन्हे शिक्षा मित्रों के साथ-साथ हर किसी की चिन्ता है। रात-दिन वह प्रदेश के विकास और यहां के लोगों की बेहतरी के लिये जुटे हैं। वह शिक्षा मित्रों के साथ जरूर न्याय करेगे। उन्होने कहा कि जो इंसान कोरोना के संकटकाल में अपने पिता के निधन पर नही गया और राज्य की जनता की सेवा में लगा रहा, वह भला किसी के साथ कैसे अन्याय कर सकता है। उन्होने कहा कि शिक्षा मित्र को समायोजित करने का सपा सरकार का गलत तरीका था, जो अदालत में जाकर फंसा, लेकिन योगी सरकार जरूर उनकी बेहतरी के लिये कोई समाधान निकालेगी। सपा के मान सिंह यादव ने नेता सदन के जवाब से असहमति जताते हुये कहा कि यीएम योगी को सन्याषी कहना ठीक नही है। वह तो पित्र ऋण से मुक्त पाने के लिये संतान को जन्म देना होता है। वह तो पित्र ऋण से भी मुक्त नही हो सके है। सपा सदस्य की इस टिप्पणी का भजपा सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध किया। संवेदनशील मामला देख सभापति मान्वेन्द्र सिंह ने तुरंत हस्तक्षेप करके मुख्य मुददे पर आने के सदस्यों को निर्देश दिये। सभापति के हस्तक्षेप करने पर सपा सदस्यों ने तर्क दिया कि मामले की शरुआत तो नेता सदन ने की है। इस पर सभापति ने कहा कि अगर कोई गल्ती करता है तो क्या आप भी गलत रास्ते पर जाएगे। इस नेता सदन स्वतन्त्र देव सिंह ने खडे होकर बात रखनी चाही ,लेकिन सभापति ने उन्हे यह कहते हुये बैठने के निर्देश दिया कि आप तो जवाब दे चुके है और अब जवाब देने की जरूरत मही है। हालांकि सपा सदस्य जवाब से संतुष्ट नही थे और उन्होने सदन का बहिष्कार करके अपना विरोध दर्ज कराया।

तकरार से शुरू होने से पहले सपा ने नियम 105 के तहत शिक्षा मित्रों का मामला विधान परिषद में शून्यकाल के दौरान उठाया था। इनका कहना था कि सपा ने शिक्षा मित्रों का सहायक शिक्षक के पद पर समायोजन करने का कदम उठाया था और तब इनका नया वेतन 28500 से हो गया था। मामला अदालत जाने पर सरकार ने इनका मानदेय मात्र 10000 रुपये कर प्रतिमाह कर दिया है। जिस कारण बडी संख्या में शिक्षा मित्र आत्महत्या कर चुके है। सपा सदस्यों का आरोप था कि भाजपा सरकार शिक्षा मित्रों को सपा समर्थक मानती थी, जिस कारण उनके साथ न्याय नही कर रही।

### तकनीकी कारणों से पेंशन से वंचित शिक्षको पर विचार करेगी सरकार

**लखनऊ।** राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा विभाग के उन अध्यापकों को पेंशन की सुविधा देने पर विचार करेगी, जिनका चयन तो 31 मार्च 2005 के पहले हुआ लेकिन इनकी ज्वानिंग 2005 के बाद हुई। तकनीकी कारणों के चलते अभी इन्हे पेंशन की सुविधा से अलग रखा गया है। विधान परिषद में आज राज बहादुर सिंह चंदेल द्वारा पूछे गये सवाल पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने दी। सवाल में पूछा गया था कि पहली अप्रैल 2004 से पहले चयनित और 2005 के बाद पदभार ग्रहण करने वाले शिक्षकों के सामने पेंशन की दिक्कत है। उन्हे पेंशन की सुविधा से अलग रखा गया है। सरकार ने बताया कि इन्हे पेंशन की सुविधा में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।

### ग्यारह स्कूलों को नोटिस

**आईटीई** के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को प्रवेश की व्यवस्था में हीलावाली करने पर 11 स्कूलों को नोटिस दिये गये है। यह जानकारी बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने आशुतोष सिन्हा के सवाल के जवाब में दी। विधान परिषद में सवाल में कहा गया था कि गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिये जाने की व्यवस्था है। इसका कोटा भी निर्धारित है। निर्धारित व्यवसाा के तहत प्रवेश पाने वाले बच्चों की फीस की भरपाई सरकार करती है। सवाल में आशुतोष सिन्हा ने सरकार को अवगत कराया गया था कि वाराणसी में उक्त व्यवस्था का लाभ उन्ही स्कूलों में दिया जाता है जो आवेदक के निवास स्थान के वार्ड में आते है। जिस कारण बच्चों को बहुत कम प्रवेश मिल पाता है। बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि योजना के तहत कही भी प्रवेश लिया जा सकता है। उन्होने कहा कि इस तरह की शिकायतो आने पर सरकार जांच कराती है। अभी 11 स्कूलों को नोटिस दिये गये है।

**साढ़े तीन लाख से ज्यादा मुकदमें दर्ज:** बीते एक साल में कमिश्नरेट, जिलो तथा राजकीय रेलव में कुल 357909 अपराधिक मामले दर्ज हुये है। जिसमे शरीरिक अपराध के 135830, राज्य के खिलाफ अपराध 3, सार्वजनिक शांति के खिलाफ 5455, सम्पत्ति सम्बंधित अपराध 60780, दस्तावेज सम्बंधी 13971 के अलावा अन्य मामले है।

## ध्वनिमत से पारित हुआ राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

- सदन में विपक्ष ने सिर्फ विरोध जताने के लिए विरोध किया: स्वतंत्रदेव सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लंबे विचार-विमर्श के बाद ध्वनिमत से पारित हुआ। इस दौरान सत्ता पक्ष से लेकर सभी विपक्षी दलों के सदस्यों व नेताओं ने अपने विचार रखे। विपक्ष की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव पर पेश किया गया संशोधन का प्रस्ताव खारिज हो गया।

इससे पहले नेता सदन स्वतंत्रदेव सिंह ने शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कि मैने नेता प्रतिपक्ष व विपक्ष के सभी नेताओं की बातों को ध्यान से सुना। ऐसा लगता है कि विपक्ष ने सिर्फ विरोध के लिए विरोध किया है। विपक्ष न तो सच्चाई को देखना चाहत है और न समझना चाहता है। वह यह भी नहीं समझना चाहता है कि किन कारणों से उसे सत्ता से दूर रखने की सजा दे रही है। शायद उसकी एक ही वजह है कि विरोधी दलों की जनआकाक्षांओं की अनदेखी करने की आदत है तभी तो प्रदेश की तरक्की और गरीब के जीवन में बदलाव लाने के साथ सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय वाले राज्यपाल के अभिभाषण का विरोध किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव के त्यौहारों पर बिजली अपूर्ति करती है। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की नीति पर चल रही है। हमारी सरकार दंगाइयों एवं गुंडाराज का खात्मा कर रही है। इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए सपा के रणविजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को बन्द कर दिया। शिक्षा मित्रों के बारे में यह सरकार कोई चिन्ता नहीं करती है। हरी सिंह ढिल्लो ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि किसानों का जितना काम इस सरकार में हुआ उतना किसी सरकार में नहीं हुआ। पंचायत राज के लिए उत्तर प्रदेष को 28 पुरस्कार मिला। गोविन्द नारायण ने सरकार के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेष एक्सप्रेसवे प्रदेश के नाम से जाना जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना समाज व देश के विकास के लिए बनाई गई योजना है। ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि विद्यालयों की स्थिति बड़ी खराब है, महाविद्यालयों की तो और भी ज्यादा खराब है। कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाना चुनाव प्रक्रिया का अपमान है। देष के संसाधनों पर पहला हक गरीब, षोषित, वंचितों का है। इस सरकार में ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गयी। आकाश अग्रवाल ने कहा कि पुरानी पेंशन अधिकारियों का हक है भीख नहीं। अश्वनी त्यागी ने कहा कि एक भी व्यक्ति कोरोना काल में भूखा नहीं सोया। ग्रामीण क्षेत्रों में युवा प्रतिभा को बढ़ावा दिया गया। डॉ. केपी. श्रीवास्तव ने कहा कि इस सरकार नें चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। आशुतोष सिंन्हा ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सरकारी स्कूल सबसे ज्यादा इसी सरकार के कार्यकाल में बंद हुए हैं। उत्तर प्रदेश में बच्चों के लपता होने की घटनाएं हो रही हैं। इनके अलावा मान सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, डॉ. सरोजनी अग्रवाल, डॉ. सुधीर गुप्ता एवं सुभाष यदुवंशी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। नरेश उत्तम ने सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव विचारोंपरान्त ध्वनि मत से पारित हुआ। इसके बाद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सदन की बैठक कल 28 मई, 2022 पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### संख्या बल घटने की वजह से घटा सपा का कद

**लखनऊ।** सौ सदस्यों वाले विधान परिषद सदन में समाजवादी पार्टी के सदस्यों की अभी तक सर्वाधिक संख्या होने की वजह से उसकी नियम 105 के तहत कार्यस्थगन की दो सूचनाएं लिए जाने की दी गई सुविधा को सभापति ने वापस ले लिया। जिस पर सपा सदस्य नरेश उत्तम पटेल ने विरोध जताया। उन्होंने इस निर्णय को उनके दल के अधिकारों का हनन बताया। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने भी अपना विरोध जताया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि इसमें अधिकारों का कोई हनन नहीं है। अब आपके दल की संख्या कम रह गई है। इसलिए अन्य सदस्यों के अनुरोध पर यह सुविधा खत्म की गई है। अन्य दलों की तरह अब आपकी भी नियम 105 के तहत केवल एक सूचना ही ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि उच्च सदन में अब सपा के सिर्फ 13 सदस्य ही शेष बचे हैं।

### ज्वाइनिंग के अभाव में रिक्त पद भरेंगे

**लखनऊ।** राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा विभाग में अध्यापकों के रिक्त उन पदों को सरकार भरेगी, जो चयन के बावजूद आवेदकों के ज्वाइन न करने से भरे नही जा सके है। इस तरह के कुल 1623 पद रिक्त है। जिनमे प्रवक्ता के 219 तथा सहायक अध्यापक के 1404 पद है।

यह जानकारी विधान परिषद में आज शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने सुरेश कुमार त्रिपाठी के सवाल के जवाब में दी। उन्होने बताया कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा चयनित किये गये प्रवक्ता तथा सहायक अध्यपकों में 219 प्रवक्ता तथा 1404 सहायक अध्यापक कार्यभार ग्रहण करने के लिये उपस्थित नही हुये। जिन्होने अपनी ज्वानिंग नही दी उनकी जगह रिक्त पदों को भरे जाने की प्रक्रिया चल रही है। भर्ती परीक्षा पास करने वाले उन छात्रों को मौका दिया जाएगा, जो प्रतिक्षा सूची में है।

## मुनिराज की गाजियाबाद के एसएसपी पद पर स्थाई तैनाती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने गाजियाबाद के कार्यवाहक एसएसपी मुनिराज जी. को स्थाई तौर पर इस पद पर तैनाती प्रदान कर दी है। बृहस्पतिवार की देर रात सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया। जिसमें अयोध्या के सहायक पुलिस अधीक्षक पलाश बंशल को अलीगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पद पर नई तैनाती प्रदान की गई है। वर्ष 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी मुनिराज जी. अभी तक एसपी अभिसूचना के पद पर तैनात थे। उनके पास एसएसपी गाजियाबाद पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी थी।

## रामाशीष राय बने रालोद के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पूर्व रामाशीष राय को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पद से डॉ मसूद अहमद के इस्तीफे के बाद से यह पद खाली चल रहा था। जिसको देखते हुए विधानसभा चुनाव बाद जयंत चौधरी ने सभी फ्रंटल संगठन भंग कर दिए थे। प्रदेश अध्यक्ष के अलावा मंजीत सिंह को पार्टी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (प्रभारी, सेक्टर संगठन), कंवर हसन को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (प्रभारी, फ्रंटल आर्गनाजेशन) नियुक्त किया गया है। इनके अलावा ऐश्वर्यराज सिंह को टीम आरएलडी का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है।

कमलापुर में हुई घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिले पूर्व एमएलसी...

# पीड़ित परिवार को मिले न्याय व 20 लाख मुआवजाः आनंद भदौरिया

**● पीड़ित परिवार को 20 लाख मुआवजा देने की समाजवादी पार्टी ने उठाई मांग, एसएचओ द्वारा रमेश यादव को धमकाने से हुई मौत का मामला**



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** कमलापुर थाना परिसर में गश खाकर गिरे रमेश यादव की मौत के मामले की गूंज प्रदेश की राजधानी तक पहुंच गई है। यूपी के मुख्य विपक्षी दल सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने मामले का संज्ञान लिया है। अखिलेश यादव के निर्देश पर सीतापुर के पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को जैतनपुर पहुंचा और मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढ़ाढस बंधाया। वरिष्ठ सपा नेता और पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व एमएलसी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए जो भी दोषी हो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए और पीड़ितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान पीड़ित परिवार ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को संबोधित मांगपत्र पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया को सौंपा। पूर्व एमएलसी ने बताया कि मांगपत्र को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचाया जाएगा। सपा के प्रतिनिधि मंडल में पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया के अलावा लाल सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र सिंह यादव, हेमेन्द्र यादव आदि शामिल थे। आप को बता दें, कि विगत बुधवार को मारपीट के मामले में शिकायत लेकर थाने पहुंचे रमेश यादव को अचानक चक्कर आ गया और वो थाने में ही गिर पड़े। सीएचसी ले जाने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे अनूप व अंकित ने कमलापुर एसएचओ पुष्पराज कुशवाहा पर रमेश यादव को धमकाने व सुलह का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि एसएचओ की धमकी से दहशत में रमेश को हार्ट अटैक पड़ गया और मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को जमकर हंगामा करते हुए हाईवे जाम करने का प्रयास भी किया था। हांलाकि एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह के समझाने व कार्रवाई के आश्वासन पर ग्रामीणों का आक्रोश शांत हो गया था। पुलिस ने मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी अशोक को गिरफ्तार भी कर लिया। जबकि कमलापुर थाना प्रभारी पर लगे आरोपों की जांच सीओ सिधौली को सौंपी गई है। इसी मामले में शुक्रवार को सपा मुखिया के निर्देश पर पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है।

एसडीएम व ईओ की मौजूदगी में...

# मिश्रिख में चला बुल्डोजर, हटाया गया अतिक्रमण

**● कस्बे में मचा हड़कंप, दी चेतावनी, नालियों वा सड़क पर से हटेगा अवैध अतिक्रमण**

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**कस्बा मिश्रिख** में उस समय हड़कंप मच गया जब एसडीएम वा ईओ की उपस्थिति में कोतवाल सहित भारी पुलिस बल तहसील चौराहे से नहर चौराहा परसौली चौराहा सिधौली रोड पर बाबा का बुल्डोजर गरजने लगा, बंद नालों को खुलवाया गया टीन सेड हटाए गए अवैध टैंपो खड़े करने वालो को खास हिदायत दी गई किसी भी दुकान के सामने खड़े नहीं होंगे सड़क के किनारे टैक्सी वाहन खड़े पाए जाने या सवारी भरे जाने पर चालान किया जाएगा सड़क के किनारे लगी मौरंग, बालू ,गिट्टी सड़क के किनारे लगी ना मिले ,नालियों पर जिन लोगों ने छज्जे निकाल रखे है या नालियां बंद कर रखी है वह अतिक्रमण तत्काल हटा ले बीती शाम गुरुवार को बुल्डोजर को आता देख बहुत से दुकानदारों ने पहले ही टीन सेड हटाना चालू कर दिया पूरे कस्बे को भ्रमण कर एस डीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव वा ईओ रुद्र प्रताप सिंह ने भी हिदायत दी पालीथीन या गंदगी सड़क पर न फेंके, डस्टबिन में रखे नालियों में कूड़ा न फेंके, अभी चेतावनी दी जा रही है अपना अतिक्रमण आप स्वयं हटा ले। चिन्हांकन करने के बाद जेसीबी द्वारा अतिक्रमण हटवाया जाएगा जिसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा नगर क्षेत्र को स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य है नगर में दुकान की हद में ही अपना सम्मान रखे नालियों को खुला होना चाहिए जिससे सफाई हो सके। उपजिलाधिकारी मिश्रिख गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया व्यापारियों को अवगत कराया जा चुका है नाले चोक है या बन्द है उन्हे खोलना अति आवश्यक है नालों के बंद होने के कारण ही जल भराव होता है, नालियों पर अतिक्रमण है जिस कारण सफाई नहीं हो पा रही है बड़े शो रूम अपनी पार्किग सुनिश्चित कर लें।

## क्विक न्यूज

### केवल हिन्दू संस्कृति में ही सहिष्णुता हैः गजेन्द्र

**सीतापुर।** सीतापुर के नैपालापुर मे दुर्गा वाहिनी अवध प्रान्त के सप्त दिवसीय वर्ग मे वरिष्ठ प्रचारक विश्व हिंदू परिषद् पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 25 जिलो से आयी हुई बहनो को हिंदू संस्कृति की विशेषताएं बताई, उन्होंने दुर्गा वाहिनी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति चिरंजीवी है ये कभी मिटती नही, दुनिया की बाकी संस्कृति नष्ट हो गई लेकिन हम आदि अनंत संस्कृति के लोग हे. हमारा तत्व ज्ञान हमे ब्रम्ह का बोध कराता है! केवल हिन्दू संस्कृति में ही सहिष्णुता है हमारी पूजा उपासना पद्धति तो भिन्न भिन्न है लेकिन फिर भी हम सभी एक सूत्र में बंधे हुए है,हम सभी विचारों का आदर करते है! हमने कभी भी बलपूर्वक धार्मिक आघात नहीं किया! अपनी संस्कृति सर्व समावेशक तथा संग्राहक है, हमने सबको आश्रय प्रदान किया! विविधता में भी एकता हमारी संस्कृति की विशेषता है! हमारी संस्कृति मे जीवन का समग्र विचार है, चार पुरूषार्थ, चार आश्रम, ज्ञान, योग, कर्म विद्यमान है! हम त्याग, चरित्र को महत्व देते है,! महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव केवल हिन्दू धर्म में ही है हम नारी को दैवी शक्ति का महत्व देते है! हम प्रकृति का शोषण, दोहन नही करते अपितु उसके प्रति भी कृतगता का भाव रखते है! माता पिता नदी पर्वत वृक्ष गोमाता देश धर्म समाज के प्रति कृतगता रखते है! वसुधैव कुटुबंकं की भावना हिन्दू संस्कृति मे है! हम सबका मंगल सबका भला हो सभी सुखी हो, सभी निरोगी हो किसी को भी यानि जीव मात्र को भी किंचित कष्ट न प्राप्त हो, ऐसी सोच केवल हमारी संस्कृति में है! इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी की क्षेत्र संयोजिका संगीता ताई, विहिप प्रांत उपाध्यक्ष सरिता त्रिपाठी, दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका मुद्रा सिंह, सह संयोजिका साक्षी सिंह, बौद्धिक प्रमुख प्रतीक्षा मिश्रा, वर्ग पालक संतोष मिश्रा, प्रान्त धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख विमल मिश्र, प्रांत सह संयोजक उत्तम सिंह, जिला उपाध्यक्ष त्रिपुरेश, संगठन मंत्री कमलेश विभाग अध्यक्ष विपुल सिंह, प्रमोद सिंह समेत सैकड़ो दुर्गा वाहिनी मौजूद रही।

### डीएम ने क्षय रोगियों को वितरित किया पोषण आहार



**बरेली।** महामहिम राज्यपाल महोदय की प्रेरणा से जनपद में चलाए जा रहे पोषण वितरण अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी द्वारा गोद लिये गये क्षय रोगियों को आज पोषण आहार वितरित किया गया जिलाधिकारी ने सभी क्षय रोगियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं उन सभी क्षय रोगियों को उपचार पूर्ण करने को कहा एवं उनको कहा कि आपको किसी प्रकार की दिक्कत होने पर आप सीधे मुझसे सम्पर्क कर सकते हैं जब तक आपका उपचार चलेगा तब तक आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिये हमारे द्वारा पोषण दिया जायेगा इससे कि आप जल्द स्वस्थ हो साथ की सरकार द्वारा उपचार पूर्ण होने पर रुपए 500 प्रति माह सीधे खाते में भेजे जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार क्षय रोग को वर्ष 2025 तक खत्म करने के लिये संकल्पित है माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस बात का जिक्र अपने मन की बात कार्यक्रम में भी कर चुके हैं इसलिए हम सब का दायित्व है कि हम सब जन सहभागिता के रुप में इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दें एवं जिलाधिकारी ने आव्हान किया कि क्षय रोगियों को गोद लेकर पोषण आहार वितरण करने के इस कार्यक्रम में कई सामाजिक संगठन एवं औद्योगिक क्षेत्र के लोग जुड़े हुए हैं और सामाजिक संगठन जुड़ जिससे कि इस रोग को खत्म करने में आसानी होगी इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा के.के. मिश्रा, जिला समन्वयक निखिल बंसल एवं जिला पी.पी.एम समन्वयक विजय कुमार उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा व यातायात को व्यवस्थित करने में सभी का सहयोग आवश्यक हैः जिलाधिकारी

**बरेली।** जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने कहा कि सड़क सुरक्षा व बाजार की व्यवस्था दोनों ही एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि नगर के आवागमन तथा बाजारों में सुगमता पूर्वक यातायात को व्यवस्थित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने नगर के व्यापारियों एवं दुकानदारों से कहा कि यह बाजार आपका है इसे कैसे व्यवस्थित किया जाए ये आपसे बेहतर कौन जनता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों व प्रतिनिधियों ने अपने अपने सुझाव दिए है जिस पर ज्यादा से ज्यादा अमल किया जाएगा। उन्होंने सभी उपस्थित व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि दुकान का सामान अपनी दुकान के बाहर चबुतरे पर न रखें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान में किसी को उजाड़ना या नुक्सान पहुंचाना नहीं है बल्कि यातायात का सुधार हो इसका प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि रेहढी पटरी पर बैठने वालों की ऐसी व्यवस्था की जा रही है, जिससे उनका भी काम चलता रहे। उन्होंने कहा कि बसों को खड़ी करने के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की जा रही है।जिलाधिकारी आज संजय कम्यूनिटी हाल में सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। संवाद कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र, बरेली श्री रमित शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र मोहन गर्ग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवाण, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री राम मोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक शहर सहित व्यापारी व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### छापा मारकर पकड़ी नशीली दवाएं

**बरेली।** मंडलीय सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली संजय कुमार की अगुआई में जिला औषधि निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ,बबीता रानी ,बृजेन्द्र साहू आदि टीम ने कस्बा शीशगढ़ स्थित गांधी मेडिकल स्टोर पर छापामारी की। इस दौरान फर्म में अवैध रूप से भंडारित नारकोटिक औषधी प्रॉक्सीवेल कैप्सूल 17280 ,बजन 8640 ग्राम बरामद की गईं । जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 175000 रुपये है । एक नमूना जांच एवम विश्लेषण हेतु संग्रहित किया गया।सहायक आयुक्त (औषधि) ने बताया कि फर्म मालिक अब्दुल हसीब निवासी मोहल्ला शरीफनगर शीशगढ़ को हिरासत में लेकर पुलिस को सौंपकर थाना शीशगढ़ में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21व 22 में अभियोग पंजीकृत कराया गया । प्रकरण में परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात विवेचना पूर्ण होने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा ।प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ अजयपाल सिंह ने बताया कि पंजीकृत अभियोग में आरोपित मेडिकल स्टोर संचालक अब्दुल हसीब को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अतिक्रमण हटे लेकिन व्यापारियों को न हो नुकसार

संवाददाता। सीतापुर

**● अतिक्रमण हटने को लेकर पायनियर से बोले व्यापारी**

**प्रदेश की** योगी 2.0 सरकार बनते ही अतिक्रमणकारियों पर बुल्डोजर चलाने का सिलसिला जारी है, इसी क्रम में सीतापुर नगर में भी अतिक्रमणकारियों पर प्रशासनिक हंटर इन दिनों चलता रहता है। शहर के व्यापारियों को इस अतिक्रमण हटाओं अभियान में कोई दिक्कत न हो इसके लिए व्यापारियों ने प्रशासनिक अमले से अपील करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाते समय छोटे व्यापारियों को कोई दिक्कत न हों न ही कोई उनका नुकसान ताकि शहर सुन्दर और स्वच्छ दिखने लगे और व्यापारियों का कार्य भी ठीक रहेगा। शहर में दिन पर दिन बढ़ती जा रही जाम की समस्या से भी लोग जहां परेशान होते रहते है उन्हें अब इससे निजात मिलने की उम्मीद जगी है।

# आवश्यक प्लानिंग कर सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करें अधिकारीः डीएम

**● 30 को दिव्यांगों को उपकरण बंटने को लेकर हुई बैठक**

संवाददाता। सीतापुर



**सामाजिक न्याय** एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग भारत सरकार की एडिप योजना (विशेष) के अन्तर्गत जनपद के दिव्यांगजनों के लिये कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण हेतु भारतीय कृत्रिम अंग उपकरण निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर द्वारा दिसम्बर 2021 में जनपद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित चिन्हांकन शिविर के दौरान चिन्हित दिव्यांगजनों को दिनांक 30 मई 2022 को आयोजित उपकरण वितरण शिविर के दौरान कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणों का वितरण कराया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11.00 बजे से राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के क्रीड़ा मैदान में किया जायेगा, जिसमें 893 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरित किया जाना प्रस्तावित है। शविर के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों की तैयारियों की एक-एक करके समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को लाने, उपकरण वितरण कराने एवं उन्हें वापस पहुंचानें हेतु आवश्यक प्लानिंग कर समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करा ली जाये। ए.आर.टी.ओ. को निर्देश दिये कि पर्याप्त बसों की व्यवस्था कराते हुये उन्हें कलेक्शन प्वाइंट पर समय से उपलब्ध करा दिया जाये। साथ ही दिव्यांगजनों के सहायतार्थ पर्याप्त कर्मचारी तैनात किये जायें। आयोजन स्थल पर भी एंबुलेंस, पानी, चिकित्सा टीम, मोबाइल टॉयलेट, पार्किंग आदि का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों से वार्ता करके उन्हें कार्यक्रम के विषय में पूर्ण जानकारी दे दी जाये तथा उन्हें कार्यक्रम स्थल तक लाये जाने हेतु किये गये प्रबंध के विषय में भी उन्हें अवगत करा दिया जाये। जिलाधिकारी ने बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य करते हुये सभी पात्रों को लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोनिका लाल, एम.आर.टी.ओ. प्रवर्तन डा. उदित नारायण पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार सहित संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खलिहान भूमि पर प्रशासन ने छुड़वाया कब्जा, चला बुलडोजर



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**उपजिलाधिकारी** (सदर) राजेश कुमार ने बताया कि तहसील लखीमपुर में तैनात लेखपाल जयंती मिश्रा व पुष्पलता मिश्रा ने उन्हें शिकायत कर अवगत कराया कि ग्राम खईया निवासी सुभाष वर्मा व प्रमोद वर्मा ने खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा करके टीन की बड़ी दुकान रख ली और वह अब वह खलिहान की भूमि पर ही मकान का निर्माण करने के लिए नींव भरवा रहे है, जब उन्हें रोका तो उनके द्वारा निर्माण नही रोका गया और कहा की निर्माण नहीं रोकूंगा चाहे जो हो। एसडीएम राजेश कुमार ने लेखपाल द्वारा की गई शिकायत का संज्ञान लेकर नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह व राजस्व निरीक्षक योगेश बाजपेई व लेखपालों की टीम गठित की। गठित टीम की रिपोर्ट पर एसडीएम ने थानाध्यक्ष फूलबेहड़ को दोनों व्यक्तियों को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

# उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर हुआ मंथन

**● डीएम के ली जिला उद्योग बंधु की बैठक**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**डीएम महेंद्र** बहादुर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुईए जिसमें उद्यमियों की उठाई समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमियों अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। बैठक में उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

एएसपी अरुण कुमार सिंह ने उद्यमियों की सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी भी उद्यमी को सुरक्षा दृष्टिकोण से कोई भी सूचना या सहायता की आवश्यकता महसूस हो वह निसंकोच उनके मोबाइल पर बात कर उपलब्ध करा कर निदान पा सकता है। बैठक में सहायक आयुक्त (राज्य कर) ललित उपाध्याय ने जीएसटी व भट्टो से संबंधित रिटर्न फाइलिंग एवं ई-इनवॉइससिंग की जानकारी दी।

इस दौरान सीडीओ अनिल सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, एक्सईएन विद्युत प्रदीप कुमार वर्मा, सहायक आयुक्त राज्य कर ललित कुमार उपाध्याय, अरुण यादव, जिला समन्वयक कौशल विकास डा. ओपी गुप्ता, सहायक सांख्यिकी अधिकारी योगेंद्र पाल भारद्वाज, प्रधानाचार्य आईटीआई यज्ञ देव सिंह वश्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह सहित काफी संख्या में उद्यमी व उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## क्रूज ड्रग...

के अधिकारियों ने कहा कि आर्यन खान और पांच अन्य को पर्याप्त सबूतों के अभाव के कारण मामले में नामजद नहीं किया गया है। एनसीबी ने एक बयान में कहा कि एसआईटी ने वस्तुनिष्ठ तरीके से जांच की। बयान के अनुसार, एसआईटी की जांच के आधार पर 14 आरोपियों के खिलाफ (मुंबई की एक अदालत के समक्ष) स्वापक औषधि एवं मनः-प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दाखिल की गई है। छह अन्य व्यक्तियों के खिलाफ सबूतों के अभाव के चलते शिकायत दाखिल नहीं की जा रही है। आरोप पत्र में कहा गया है कि एनसीबी के मुंबई में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने पिछले साल 2 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल और कॉर्डेलिया नामक कंपनी द्वारा संचालित जहाज से आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों में विक्रांत, इश्मीत, अरबाज, अयान, गोमित, नूपुर, मोहक और मुनमुन शामिल थे। एनसीबी ने कहा, आर्यन (खान) और मोहक (जायसवाल) को छोड़कर सभी आरोपियों के पास से मादक पदार्थ मिले थे। एनसीबी ने इस मामले में पिछले साल 3 अक्टूबर को आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। 26 अक्टूबर को उन्हें बंबई उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई थी, जिसके बाद 30 अक्टूबर को उन्हें आर्थर रोड जेल से रिहा कर दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सरकार ने क्रूज पर से मादक पदार्थ मिलने के मामले में कथित गलत कार्यों के लिए एनसीबी के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ कार्वाई का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के आरोप में भी वानखेड़े के खिलाफ जांच शुरू की जा रही है। वानखेड़े भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी हैं और उनके खिलाफ कार्वाई करने के लिए वित्त मंत्रालय एक नोडल प्राधिकरण है। इस मामले के समय वह मुंबई में एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक थे और उन्होंने शुरुआती जांच की थी। पिछले साल 6 नवंबर को, एनसीबी मुख्यालय ने वानखेड़े को जांच से हटा दिया था और इसकी तफ्तीश दिल्ली स्थित एजेंसी के उप महानिदेशक (संचालन) संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंप दी गई थी। वानखेड़े फिलहाल मुंबई में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) में तैनात हैं। आर्यन खान को एनसीबी की तरफ से क्लीन चिट मिलने की सराहना करते हुए महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने पूछा कि आर्यन का जो नुकसान हुआ, उसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

## भारत 2030...

ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ेगा। ड्रोन से जुड़ी अपनी कामकाज की शैली को उजागर करते हुए मोदी ने कहा 'मैं हर महीने सरकारी अधिकारियों के साथ प्रगति बैठक करता हूं और ड्रोन की मदद से देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करता हूं। मैं पूरे देश में चल रहे काम का ड्रोन की मदद से औचक निरीक्षण करता हूं।' प्रगति मैदान में शुरू हुए सबसे बड़े ड्रोन महोत्सव में मोदी ने कहा 'ठीक आठ साल पहले हमने बेहतर कामकाज के लिए कुछ नए मंत्रों पर अमल करना शुरू किया था। आज हम नई तकनीक को सबसे पहले जनता को उपलब्ध करा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं ड्रोन प्रदर्शनी से प्रभावित हूं। 2030 तक भारत ड्रोन हब बनेगा। उन्होंने कहा, जिन-जिन स्टॉल में मैं आज गया, वहां सभी लोग बहुत गर्व से कहते थे कि ये मेक इन इंडिया हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उत्सव सिर्फ ड्रोन का नहीं, यह नए भारत-नई गवर्नेंस का उत्सव है। ड्रोन टेक्नोलॉजी को लेकर भारत में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वो अद्भुत है। ये जो ऊर्जा नजर आ रही है, वो भारत में ड्रोन सर्विस और ड्रोन आधारित इंडस्ट्री की लंबी छलांग का प्रतिबिंब है। पीएम ने कहा, यह ऊर्जा भारत में रोजगार सृजन के एक उभरते हुए बड़े सेक्टर की संभावनाएं दिखाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने टेक्नोलॉजी को समस्या का हिस्सा समझा। उसे गरीब विरोधी साबित करने की कोशिश की गई। इस कारण 2014 से पहले गवर्नेंस में टेक्नॉलॉजी के उपयोग को लेकर उदासीनता का वातावरण रहा। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब को हुआ, वंचित को हुआ और मिडिल क्लास को हुआ।

## नदी में...

हैं। घायलों की सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि वाहन सड़क से करीब 50-60 फुट की गहराई में श्योक नदी में गिर गया। सभी घायलों को शुरूआत में परतापुर स्थित 403 फील्ड हॉस्पिटल ले जाया गया। कुछ घंटों बाद, सभी 19 घायल सैनिकों को हरियाणा के पंचकुला जिले में चंडीमंदिर स्थित सेना के पश्चिमी कमान अस्पताल ले जाया गया।

## प्रधानमंत्री ने...

काफी दुखी हूं, जिसमें हमने अपने बहादुर सैनिकों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं शोकसंतप्त परिवारों के साथ हैं। मुझे आशा है कि घायल लोग जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। प्रभावितों को हरसंभव सहायता दी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, 26 सैनिकों के एक दल को लेकर वाहन परतापुर ट्रांजिट कैम्प से हनीफ सब-सेक्टर में स्थित एक अग्रिम स्थान पर जा रहा था।

## सीबीआई अदालत...

प्रमुख यासीन मलिक एक आरोपी है। मलिक को हाल ही में आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। रूबैया अपहरण का मामला वस्तुतः ठंडे बस्ते में चला गया था और 2019 में आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा मलिक को पकड़े जाने के बाद यह मामला फिर से सुर्खियों में आ गया। सीबीआई ने पिछले साल जनवरी में विशेष लोक अभियोजकों मोनिका कोहली और एस. के. भट की मदद से रूबैया अपहरण मामले में मलिक सहित 10 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए। रूबैया अपहरण मामला घाटी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ और पांच आतंकवादियों की रिहाई के बाद वहां आतंकवाद की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने अभियोजन पक्ष की गवाह के रूप में सूचीबद्ध रूबैया को समन करने के लिए अनुरोध किया था और विशेष अदालत ने इस पर सहमति जताते हुए उन्हें 15 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया है।इस मामले के अन्य आरोपियों में अली मोहम्मद मीर, मोहम्मद जमां मीर, इकबाल अहमद गंद्रू, जावेद अहमद मीर, मोहम्मद रफीक पहलू, मंजूर अहमद सोफी, वजाहत बशीर, मेहराज-उद-दीन शेख और शौकत अहमद बख्शी शामिल हैं। जांच के दौरान, आरोपियों अली मोहम्मद मीर, जमां मीर और इकबाल गंद्रू ने रूबैया अपहरण मामले में अपनी भूमिका के बारे में खुद ही एक मजिस्ट्रेट के सामने स्वीकार किया। इसके अलावा, चार अन्य आरोपियों ने सीबीआई के पुलिस अधीक्षक के सामने इकबालिया बयान दिए। मार्च 2020 में विशेष अदालत ने जनवरी 1990 में श्रीनगर के बाहरी हिस्से में भारतीय वायुसेना के चार कर्मियों की हत्या से संबंधित एक अन्य मामले में जेकेएलएफ प्रमुख और अन्य छह लोगों के खिलाफ आरोप तय किए थे।

## गीतांजलि श्री...

में अनुवाद किया है, जिसका मूल शीर्षक रेत समाधि है। रेत समाधि उत्तर भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है और 80 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की कहानी बयां करता है। बुकर पुरस्कार के निर्णायक दल ने इसे मधुर कोलाहल और बेहतरीन उपन्यास करार किया। गीतांजलि श्री ने पुरस्कार ग्रहण करने के दौरान अपने संबोधन में कहा, मैंने कभी बुकर पुरस्कार जीतने का सपना नहीं देखा था। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं यह कर सकती हूं। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं अभिभूत हूं, प्रसन्न हूं और सम्मानित महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा, रेत समाधिटॉम्ब ऑफ सैंड एक शोकगीत है, उस दुनिया का जिसमें हम रहते हैं। यह एक ऐसी ऊर्जा है, जो आशंकाओं के बीच उम्मीद की किरण जगाती है। बुकर पुरस्कार मिलने से यह पुस्तक अब और ज्यादा लोगों के बीच पहुंचेगी। टॉम्ब ऑफ सैंड अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाला पहला हिंदी उपन्यास है। इस पर गीतांजलि श्री ने कहा कि हिंदी भाषा के किसी उपन्यास को पहला अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार दिलाने का जरिया बनकर उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।

## ऐतिहासिक राइफल...

को बुझाकर और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में अमर लौ के साथ विलय करने पर सरकार पर इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया था। उस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि कांग्रेस वीर जवानों के लिए एक बार फिर अमर जवान ज्योति जलाएगी। उन्होंने कहा था कि यह बड़े दुख की बात है कि हमारे वीर जवानों की अमर ज्योति आज बुझ जाएगी। कुछ लोग देशभक्ति और बलिदान को नहीं समझ सकते- कोई बात नहीं, हम एक बार फिर अपने सैनिकों के लिए अमर जवान ज्योति जलाएंगे।

# सिंगला 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

भाषा। चंडीगढ़



**मोहाली** की एक अदालत ने पंजाब के बर्खास्त मंत्री विजय सिंगला को शुक्रवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, सिंगला ने कहा कि उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया और अपनी पार्टी में उनकी पूरी आस्था है तथा वह भ्रष्टाचार के आरोपों से पाक-साफ होकर निकलेंगे। अदालत ले जाए जाने से पहले सिंगला ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी बर्खास्तगी और गिरफ्तारी कराने वाले प्रकरण के पीछे कुछ बाहरी ताकतों का हाथ हो सकता है। सिंगला (52) को रिश्वत के आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया था। सिंगला स्वास्थ्य मंत्री थे और उन पर अपने विभाग की निविदाओं तथा खरीद में एक प्रतिशत कमीशन की मांग करने के आरोप हैं। सिंगला और उनके विशेष कार्य अधिकारी(ओएसडी) प्रदीप कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। दोनों को, उनकी तीन दिनों की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद शुक्रवार को मोहाली में रवतेश इंद्रजीत सिंह की अदालत में पेश किया गया। सिंगला के वकील एच एस धनोआ ने कहा कि पुलिस ने पूर्व मंत्री और प्रदीप की न्यायिक हिरासत की मांग की। उन्होंने बताया कि अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 10 जून निर्धारित की है और उन्हें रूपनगर जेल भेजा जाएगा। वकील ने कहा कि सिंगला और प्रदीप अपनी आवाज के नमूने देने के लिए सहमत हुए हैं। अदालत ले जाए जाने से पहले, सिंगला से जब उनके खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैंने अपने विभाग में पूरी ईमानदारी के साथ काम किया। अपनी सरकार, अपनी पार्टी, पुलिस और न्यायपालिका में मेरी पूरी आस्था है। हम पाक-साफ साबित होंगे। सिंगला ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पार्टी में कोई साजिश नहीं रची गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ बाहरी ताकतों की साजिश हो सकती है। सिंगला और उनके ओएसडी प्रदीप कुमार पर पंजाब स्वास्थ्य प्रणाली निगम में पदस्थ अधीक्षण अभियंता राजिंदर सिंह की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया गया था। प्रदीप, पूर्व मंत्री के रिश्तेदार बताए जाते हैं। सिंह ने आरोप लगाया था कि उन्होंने निर्माण कार्य और ठेकेदारों के भुगतान की रकम (58 करोड़ रुपए) में से 1.16 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसके अलावा, सरकारी ठेकों में एक प्रतिशत कमीशन भी मांगा था। शिकायतकर्ता ने सिंगला और प्रदीप से 23 मई की मुलाकात के दौरान हुई बातचीत की एक ऑडियो रिकार्डिंग भी की थी। मुख्यमंत्री ने खुद मंत्रिमंडल से सिंगला को हटाने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के वादे के साथ दो महीने पहले ही सत्ता में आई है।

## गोवा में लोगों को ईसाई धर्म अपनाने का लालच देने वाला पादरी और उसकी पत्नी गिरफ्तार

भाषा। पणजी

गोवा में लोगों को नकदी देने तथा उनकी बीमारियों के इलाज का वादा कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए फुसलाने के आरोप में पुलिस ने एक पादरी और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मापुसा पुलिस थाने के अधिकारी के मुताबिक, दो व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग शिकायत दर्ज कराने के बाद पादरी डोमनिक डिसूजा और उनकी पत्नी जोन को बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने अपनी शिकायत में पादरी और उनकी पत्नी पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया है। दंपति के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गईं हैं। पादरी और उनकी पत्नी उत्तरी गोवा के सालिगाओ गांव में सक्रिय थे, जो राजधानी पणजी से करीब 20 किलोमीटर दूर है।



पुणे में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

# कार्ति चिदंबरम वीजा रिश्वत मामले में दूसरे दिन सीबीआई के समक्ष पेश हुए

भाषा। नई दिल्ली



**लोकसभा** सांसद कार्ति चिदंबरम वर्ष 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी कराने के मामले में कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोपों को लेकर चल रही पूछताछ के सिलसिले में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश हुए। यह मामला तब का है, जब कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। सीबीआई ने कार्ति और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि यह मामला 263 चीनी कर्मियों को दोबारा वीजा जारी करने के लिए वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी द्वारा कार्ति चिदंबरम और उनके करीबी एस भास्कररमन को कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत दिए जाने के आरोपों से संबंधित है। दरअसल, टीएसपीएल पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी और ए 263 चीनी नागरिक उस परियोजना का हिस्सा थे। एजेंसी ने इस मामले में भास्कररमन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिकी के मुताबिक, बिजली संयंत्र स्थापित करने का काम चीनी कंपनी कर रही थी और यह परियोजना तय अवधि से काफी पीछे चल रही थी। इसमें कहा गया है कि टीएसपीएल के एक अधिकारी ने चीनी कर्मचारियों के लिए दोबारा वीजा जारी करने के एवज में कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत दी थी।

## बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से दिनदहाड़े 37 लाख की लूट

**अररिया।** बिहार के अररिया शहर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की एक शाखा से अपराधियों ने दिन-दहाड़े 37 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सिंह ने बताया कि अररिया बस स्टैंड रोड स्थित बैंक की उक्त शाखा के खुलते ही मास्क लगाए चार-पांच अपराधी ने उसके भीतर प्रवेश करने के बाद बैंक मैनेजर सहित अन्य स्टाफ को बंधक बनाकर बाहर से शटर बंद कर दिया। अपराधियों ने लूट के दौरान बैंक के गार्ड के बंदूक को तोड़ दिया और फिर कैशियर से चाबी लेकर चेस्ट में रखे 37 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए। अधिकारी ने कहा कि वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी बैंक में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी खोल कर अपने साथ ले गए।

# महाराष्ट्रः राज्यसभा चुनाव की दौड़ से अलग हुए संभाजी छत्रपति

भाषा। मुंबई

**शिवाजी** महाराज के वंशज और प्रख्यात मराठा नेता संभाजी छत्रपति ने शुक्रवार को आगामी राज्यसभा चुनावों की दौड़ से खुद को अलग कर लिया। कुछ दिनों पहले उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। यहां पत्रकारों से बात करते हुए, उन्होंने दावा किया कि चुनाव नहीं लड़ने के उनके फैसले का उद्देश्य खरीद-फरोख्त को रोकना है। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर आरोप लगाया कि उन्होंने संसद के ऊपरी सदन में उनके दूसरे कार्यकाल के लिए शिवसेना का समर्थन प्रदान करने के अपने वादे को तोड़ दिया। संभाजी छत्रपति ने घोषणा की थी कि वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे और उन्होंने शिवसेना से इसमें मदद मांगी थी। लेकिन पार्टी चाहती थी कि संभाजी उसके आधिकारिक उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ें, जिस पर वह सहमत नहीं हुए। राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ने की उनकी घोषणा शिवसेना के उम्मीदवारों संजय राउत और संजय पवार द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के एक दिन बाद आई है। पूर्व सांसद ने कहा, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुझे समर्थन का वचन दिया था, लेकिन बाद में वह इससे पीछे हट गए। मैं इससे बेहद दुखी हूं। मैं अब राज्यसभा सीट की दौड़ में नहीं हूं। महाराष्ट्र में राज्यसभा की छह सीटों के लिए 10 जून को चुनाव होगा और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक उसके दो सदस्य निर्वाचित हो सकते हैं। संभाजी छत्रपति को 2016 में राज्यसभा के लिए नामित किया गया था और उनका कार्यकाल हाल ही में समाप्त हुआ है। इस बार, चूंकि भाजपा के पास विधायकों की संख्या कम थी, इसलिए उन्होंने पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और बाद में शिवसेना से समर्थन के लिए संपर्क किया था। शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस राज्य में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, शिवसेना ने मुझे एक प्रस्ताव दिया कि अगर मैं पार्टी में शामिल होता हूं, तो मुझे राज्यसभा के लिए टिकट मिलेगा। लेकिन मैंने पहले ही घोषणा कर दी है कि मैं किसी भी पार्टी का हिस्सा नहीं बनूंगा। इसलिए, मैंने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने दावा किया, चुनाव नहीं लड़ने का मेरा फैसला कदम पीछे हटाना नहीं है। यह मेरा गौरव है। संभाजी छत्रपति 2009 में राकांपा में शामिल हुए थे और कोल्हापुर से लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन पार्टी के एक बागी से हार गए थे। उन्होंने कहा, मैं अपनी स्वच्छ छवि और अपने काम के लिए सभी पार्टियों के विधायकों के समर्थन की उम्मीद कर रहा था। हालांकि, मुझे बाद में एक बात का एहसास हुआ कि अगर मैं एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ता हूं तो खरीद-फरोख्त हो सकती है। इससे बचने के लिए, मैंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने की आखिरी तारीख 31 मई है और नामांकन पत्रों की जांच एक जून को होगी। तीन जून तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। चुनाव के दिन 10 जून को ही नतीजों की घोषणा की जाएगी।

# चांदना की टिप्पणी पर कांग्रेस ने कहाः हमारी सरकारें काम करती हैं, इसलिए तनाव होता है

## ● कांग्रेस प्रवक्ता उतरे बचाव में, राजस्थान में मंत्री के बयान के बाद उठा सियासी तूफान

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने राजस्थान के खेल मंत्री अशोक चांदना की उन्हें मंत्री पद से मुक्त करने संबंधी टिप्पणी पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के एक बयान का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि उसकी सरकारें काम करती हैं, इसलिए तनाव होता है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने चांदना के संदर्भ में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री जी ने इस पर वक्तव्य दिया है...हमारी सरकारें काम करती हैं, इसलिए तनाव होता है। काम करने वालों के चेहरों के तनाव पर होता है। हम सब काम करते हैं। आप लोगों ने कभी प्रधानमंत्री के चेहरे पर तनाव देखा है? उधर, गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि चांदना की टिप्पणी को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि मंत्री ने किसी प्रकार के तनाव के चलते ऐसी बात कह दी हो।उल्लेखनीय है कि चांदना ने बृहस्पतिवार रात मुख्यमंत्री गहलोत को संबोधित करते हुए ट्वीट किया था माननीय मुख्यमंत्री जी, मेरा आपसे व्यक्तिगत अनुरोध है कि मुझे इस जलालत भरे मंत्री पद से मुक्त कर मेरे सभी विभागों का चार्ज कुलदीप रांका जी को दे दिया जाए, क्योंकि वैसे भी वो ही सभी विभागों के मंत्री हैं। रांका मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव हैं। उधर, गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि चांदना की टिप्पणी को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि मंत्री ने किसी प्रकार के तनाव के चलते ऐसी बात कह दी हो।

## मादक पदार्थों का प्रवेश द्वार बना गुजरात, पीएम और गृह मंत्री चुप क्यों हैंः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह के निकट एक कंटेनर से 56 किलोग्राम मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर शुक्रवार को दावा किया कि गुजरात अब मादक पदार्थों का प्रवेश द्वार (गेटवे ऑफ ड्रग्स) बन गया है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी को लेकर भी सवाल किया और कहा कि दोनों शीर्ष नेताओं को अपने गृह प्रदेश की इस स्थिति के बारे में जवाब देना चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, गुजरात के तट से जुलाई, 2017 में पहली बार मादक पदार्थ की बरादमगी की रिपोर्ट आई। जनवरी, 2020 में गुजरात में 175 करोड़ रुपए के ड्रग्स पकड़े गए। सितंबर, 2021 में तीन टन हेरोइन बरामद की गई। यह सूची बहुत लंबी है। अभी बृहस्पतिवार को 56 किलोग्राम मादक पदार्थ पकड़ा गया। खेड़ा ने दावा किया, सबसे महत्वूपर्ण बात यह है कि 175000 करोड़ रुपए के ड्रग्स आए और नहीं पकड़े गए। यानी 25 टन मादक पदार्थ बाजार में फैल गए। आप इस स्थिति की कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने घोषणा की थी कि ईरान, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से कोई मादक पदार्थ नहीं आने दिया जाएगा तो फिर बृहस्पतिवार को बरामद किया गया मादक पदार्थ कैसे आया?

## आरपीएफ ने कल्याण स्टेशन पर हवाला गिरोह का भांडाफोड़ किया, एक करोड़ की नकदी बरामद

**मुंबई।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक हवाला गिरोह के भांडाफोड़ का दावा करते हुए महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कल्याण स्टेशन से एक करोड़ रुपए नकद और नौ लाख रुपय मूल्य के ज़ेवरात बरामद किए हैं। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराजी सुतार ने बताया कि आरपीएफ की अपराध खुफिया इकाई ने बृहस्पतिवार को पांच लोगों के पास से 1.1 करोड़ रुपए नकद और 178 ग्राम सोना ज़ब्त किया है जिसकी कीमत 9.14 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि सतर्कता जांच में आरपीएफ की टीम ने कूरियर कंपनी के पांच कर्मचारियों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि इन लोगों के पास हवाला का पैसा और ज़ेवरात थे जिन्हें मुंबई में पहुंचाया जाना था। अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त को गिरोह के बारे में सूचना मिली थी जिसकी जानकारी पुणे क्षेत्र के अतिरिक्त निदेशक को दी गई। इसके बाद कल्याण स्टेशन पर जब्ती की कार्वाई की गई। इस बाबत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच आयकर विभाग कर रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी अपनी सरकार की 8वीं वर्षगांठ के मौके पर शिमला में रोडशो करेंगे

भाषा। शिमला

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अपनी सरकार की 8वीं वर्षगांठ के मौके पर 31 मई को शिमला में एक रोडशो करेंगे और रैली को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल प्रदेश इकाई के एक नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के सचिव त्रिलोक जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का आधे किलोमीटर का यह रोडशो सीटीओ से रानी झांसी पार्क के बीच होगा।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के राजनीतिक सलाहकार जामवाल ने कहा कि रोडशो के बाद मोदी, केंद्र में अपनी सरकार के आठ बरस पूरे होने के मौके पर ऐतिहासिक रिज मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के राजनीतिक सलाहकार जामवाल ने कहा कि रोडशो के बाद मोदी, केंद्र में अपनी सरकार के आठ बरस पूरे होने के मौके पर ऐतिहासिक रिज मैदान में रैली को संबोधित करेंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देशभर में 17 सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से डिजिटल माध्यम से रूबरू होंगे। जामवाल ने प्रधानमंत्री की रैली की तैयारियों की समीक्षा के बाद कहा, हिमाचल प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में अपनी सरकार के आठ साल पूरे होने के मौके पर रैली के लिए शिमला को चुना है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश हमारे प्रधानमंत्री का दूसरा घर है और वह राज्य का दौरा करने के लिए हमेशा उत्साहित रहते हैं।

भाजपा नेता जामवाल ने कहा, हम शिमला में यातायात की आवाजाही पर नजर रख रहे हैं... हम जल्द ही यातायात की रूपरेखा पर चर्चा करके इसे साझा करेंगे। उपायुक्त आदित्य नेगी, पुलिस अधीक्षक मोनिका भुटुंगुरू, नगर निगम आयुक्त आशीष कोहली और जनसंपर्क निदेशक हरबंस ब्रास्कोन ने भी प्रधानमंत्री के रोड शो की तैयारियों की समीक्षा की। मोदी का जून में धर्मशाला जाने का भी कार्यक्रम है, जहां वह विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिवों को संबोधित करेंगे। हिमाचल प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## भारत कृषि क्षेत्र में ड्रोन्स के इस्तेमाल की ओर अग्रसर


**नई दिल्ली।** भारत में एकमात्र डीजीसीए अनुमोदित ड्रोन निर्माता कंपनी आईओटेकवर्ल्ड एविगेशन ने कृषि के लिए प्रति माह 1000 ड्रोन्स की निर्माण क्षमता के साथ नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे ड्रोन महोत्सव-2022 में भारत की पहली कृषि ड्रोन सेवा ,प्लीकेशन, ष्एग्रीनेट् प्रस्तुत की है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। ड्रोन सेवा एप्लीकेशन, एग्रीनेट एक ऐसा प्लेटफॉर्म प्रदान करती हैए जिसके माध्यम से किसान एवं ड्रोन सेवा प्रदाताओं के बीच संपर्क स्थापित होता है। एग्रीनेट द्वारा किसान कृषि क्षेत्र में उपयोग, जैसे छिड़काव आदि करने के लिए ड्रोन किराए पर ले सकते हैं, ड्रोन पायलट ट्रेनिंग के लिए पंजीकरण करा सकते हैं, तथा ड्रोन संबंधी जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। दूसरी तरफ एग्रीनेट द्वारा ड्रोन मालिकों को उद्यमी बनने का अवसर भी मिलता है। वो सेवाएं देने के लिए सेवा प्रदाता के रूप में यहां पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। आईओटेकवर्ल्ड एविगेशन प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर एवं को-फाउंडर अनूप उपाध्याय ने कहा कि ड्रोन न केवल किसानों को उत्पादन बढ़ाने और संसाधनों की बर्बादी को रोकने में मदद कर सकते हैं, बल्कि ये बड़े खेतों की निगरानी भी कर सकते हैं।

## केंद्र ने एनसीबी के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ कार्वाई का आदेश दिया

**नई दिल्ल।** केंद्र सरकार ने वित्त मंत्रालय से स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ क्रूज जहाज से मादक द्रव्य की बरामदगी मामले की कथित तौर पर लचर जांच करने को लेकर कार्वाई करने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस मामले में पिछले साल फिल्म अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन की भी गिरफ्तारी हुई थी।

## जिंदल स्टेनलेस के ट्रेड मार्क उल्लंघन मामले में एफआईआर

**कानपुर।** जिंदल स्टेनलेस हिसार लिमिटेड ने अपने ट्रेडमार्क के उल्लंघन का विरोध करते हुएए अंबाजी आईनॉक्स एलएलपीए अकबरपुर बारा कानपुर देहात के खिलाफअकबरपुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने कॉपी राईट एक्ट की धारा 63 और 64, 1957 और ट्रेडमार्क एक्ट 1999 की धारा 103 और 104 के तहत एफआईआर दर्ज की है। जांच अधिकारी ने 82.93 टन आपत्तिजनक सामान जब्त किया है जिस पर जेएसएचएल की मोहर का अवैध उपयोग किया गया है। यह जेएसएचएल की शिकायत पर की गयी कार्यवाही के बाद सामने आया है। इससे पहले जेएसएचएल ने दादरी , भिवानी, बरी और मोरेना में भी ट्रेडमार्क उल्लंघन के मामलों में सतत कार्यवाही की है।



कर्नाटक में योग से संबंधित कार्यक्रम में योगासन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# लोगों को मुफ्त बिजली देने की आप की पेशकश से गुजरात भाजपा अध्यक्ष परेशान : केजरीवाल

## ● आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजनक अरविंद केजरीवाल ने साधा भाजपा पर निशाना

भाषा। नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा से सवाल किया कि गुजरात के लोगों को मुफ्त बिजली देने के उनके प्रस्ताव से प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी क्यों परेशान हो रही है। इसके साथ ही आप नेता ने दावा किया कि उस राज्य में मंत्रियों को मुफ्त बिजली मिल रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी. आर. पाटिल पर निशाना साधते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि मुफ्त बिजली देने के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करना होगा। इससे पहले पाटिल ने कुछ नेताओं द्वारा राज्य में मुफ्त सुविधाओं की पेशकश करने पर कटाक्ष किया था। एक दिन पहले ही गुजरात भाजपा प्रमुख ने आप या केजरीवाल का नाम लिए बिना मुफ्त सुविधाओं की पेशकश को लेकर लोगों को आगाह किया था और कहा था कि वे अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं हैं तथा ऐसी सुविधाएं राज्य को बर्बाद कर सकती हैं।

केजरीवाल ने मीडिया में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, पाटिल साहिब, आपके मंत्रियों को फ्री बिजली मिलती है, वो ठीक? जनता को मैं फ्री बिजली देता हूँ तो आपको कितनी तकलीफ है। गुजरात सरकार में भारी भ्रष्टाचार है। दिल्ली और पंजाब की तरह भ्रष्टाचार खत्म करें, जनता को फ्री बिजली देने के खूब पैसे बच जाएँगे। केजरीवाल ने मीडिया में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, पाटिल साहिब, आपके मंत्रियों को फ्री बिजली मिलती है, वो ठीक? जनता को मैं फ्री बिजली देता हूँ तो आपको कितनी तकलीफ है। गुजरात सरकार में भारी भ्रष्टाचार है। दिल्ली और पंजाब की तरह भ्रष्टाचार खत्म करें, जनता को फ्री बिजली देने के खूब पैसे बच जाएँगे।

केजरीवाल ने पिछले दिनों राजकोट शहर में अपनी पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए बेहतर स्कूलों और अस्पतालों का वादा किया था। इसके साथ ही उन्होंने वादा किया था कि अगर आप गुजरात की सत्ता में आती है तो वरिष्ठ नागरिकों के लिए अयोध्या सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों की वातानुकूलित ट्रेनों से मुफ्त तीर्थयात्रा कराई जाएगी। गुजरात में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं।

## सीबीआई के सामने पेश नही हुए तृणमूल विधायक शौकत

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के विधायक शौकत मोल्ला कोयला खनन घोटाले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश नहीं हुए। सीबीआई के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कैनिंग पुरबा से विधायक शौकत मोल्ला ने कहा कि उनके पूर्व के कुछ निर्धारित कार्यक्रम थे, जिसके चलते वह पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने पेश होने में नाकाम रहे। सीबीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, शौकत मोल्ला ने बृहस्पतिवार रात सीबीआई को ई-मेल भेजकर शुक्रवार को अधिकारियों के सामने पेश होने में असमर्थता जताई। उन्होंने पूछताछ के लिए उपलब्ध होने के वास्ते कम से कम 15 दिन का समय मांगा। अधिकारी के मुताबिक, तृणमूल विधायक ने कहा कि उनकी पूर्व निर्धारित राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यस्तताएं हैं, जिसके चलते उनके वकील शुक्रवार को उनकी तरफ से सीबीआई कार्यालय पहुंचेंगे।

# अफगानिस्तान की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता : डोभाल

● आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए किया आह्वान

भाषा। दुशान्बे

**भारत के** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आतंकवाद और आतंकवादी समूहों का मुकाबला करने में अफगानिस्तान की मदद करने और उसकी क्षमता बढ़ाने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत हमेशा से ही काबुल का एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा है और भविष्य में भी रहेगा। डोभाल ने ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में अफगानिस्तान पर चौथे क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद में कहा कि आतंकवाद और आतंकवादी समूह क्षेत्रीय सुरक्षा तथा शांति के लिए बड़ा खतरा हैं, इसलिए सभी देशों को इसका मुकाबला करने के लिए अफगानिस्तान की मदद करनी चाहिए। अफगानिस्तान के लोगों के साथ सदियों से भारत के विशेष संबंध रहे हैं और कैसी भी परिस्थितियां हों, भारत का दृष्टिकोण अफगानिस्तान को लेकर नहीं बदल सकता। अफगानिस्तान पर चौथे क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद की बैठक में ताजिकिस्तान, रूस, कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान, किर्गिजस्तान और चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने भी हिस्सा लिया। डोभाल ने यहां अपने क्षेत्रीय समकक्षों के साथ युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान और क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा करते हुए जोर देकर कहा कि भारत अफगानिस्तान का एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा है और भविष्य में भी रहेगा। डोभाल समेत विभिन्न देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने तथा आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए रचनात्मक तरीके खोजने की जरूरत को रेखांकित किया। आतंकवाद और आतंकवादी समूहों का मुकाबला करने के लिए अफगानिस्तान की क्षमता बढ़ाने में, क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद में मौजूद सभी देशों के सहयोग की आवश्यकता है। सबसे पहली प्राथमिकता अफगानिस्तान में सभी लोगों के जीवन के अधिकार की रक्षा और सम्मानजनक जीवन के साथ-साथ उनके मानवाधिकारों की सुरक्षा होनी चाहिए।



चौथे क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद में भाग लते डोभाल व अन्य देश के प्रतिनिधि

# उत्तर कोरिया पर नए प्रतिबंधों के खिलाफ चीन और रूस ने किया वीटो

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**चीन और** रूस ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका द्वारा पेश उस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो किया, जिसमें उत्तर कोरिया पर उसके अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण के लिए नए कठोर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान था। अमेरिका सहित कई अन्य देशों को आशंका है कि इन मिसाइलों का इस्तेमाल परमाणु हथियार ले जाने में किया जा सकता है। 15 सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 13 मत प्रस्ताव के पक्ष में तो दो वोट इसके खिलाफ पड़े। उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबंध संबंधी किसी प्रस्ताव को लेकर यूएनएससी के वीटो अधिकार वाले पांच स्थाई सदस्यों में इतने बड़े पैमाने पर मतभेद पहली बार दिखा। दरअसल, सुरक्षा परिषद ने साल 2006 में उत्तर कोरिया के पहले परमाणु परीक्षण के बाद उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए थे। सुरक्षा परिषद ने बाद के वर्षों में इन प्रतिबंधों को और सख्त कर दिया था। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने बृहस्पतिवार को प्रस्ताव पर मतदान से पहले यूएनएससी के सदस्यों से एकजुटता की अपील की। उन्होंने इस साल उत्तर कोरिया द्वारा किए गए छह अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण को पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए खतरा करार दिया।

### चीन के विदेश मंत्री ने किया किरिबाती देश का दौरा

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** चीन के विदेश मंत्री ने शुक्रवार को सुदूर प्रशांत देश किरिबाती का दौरा किया जहां मछली पकड़ने के विशाल क्षेत्र का भविष्य दांव पर लगा है। वांग ई की चार घंटे की किरिबाती यात्रा आठ देशों के दौरे पर उनका दूसरा पड़ाव था, जो दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में बीजिंग की सैन्य और वित्तीय महत्वाकांक्षाओ के बारे में बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। किरिबाती ने इस साल अपनी सीमाओ को कोविड-19 के प्रकोप के कारण बंद कर दिया था, लेकिन सरकार ने अपवाद स्वरूप वांग और उनके 20 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल को आमने-सामने चर्चा के लिए देश में आने की अनुमति दे दी। किरिबाती में फीनिक्स द्वीप संरक्षित क्षेत्र का भविष्य दांव पर है, जो समुद्र का कैलिफोर्निया के आकार का एक हिस्सा है। इसे यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल का दर्जा दिया गया है।

# भारत में भविष्य में महाचक्रवातों का ज्यादा विनाशकारी प्रभाव हो सकता है : अध्ययन

भाषा। लंदन

**उष्णकटिबंधीय तूफानों** का सबसे तीव्र रूप, महाचक्रवात (सुपर साइक्लोन) भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में लोगों पर अधिक विनाशकारी प्रभाव डाल सकता है। एक प्रतिरूपण अध्ययन में यह बात सामने आई है। ब्रिटेन में ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने दक्षिण एशिया में दस्तक देने वाले, सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाले 2020 के महाचक्रवात अम्फान की पड़ताल की और ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र के स्तर में वृद्धि के कई परिदृश्यों के तहत इसके प्रभाव की भविष्यवाणी की। क्लाइमेट रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि यदि हरित गैस उत्सर्जन मौजूदा दर से जारी रहा, तो भारत की आबादी से ढाई गुना (250 प्रतिशत) से अधिक लोगों को 2020 की घटना की तुलना में एक मीटर से अधिक की बाढ़ का अनुभव करना पड़ेगा। ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में जलवायु विज्ञान के प्रोफेसर व अध्ययन के प्रमुख लेखक डैन मिशेल ने कहा, दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे अधिक जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है, जहां महाचक्रवात ऐतिहासिक मामलों में लाखों लोगों की मौत का कारण बनते हैं। मिशेल ने एक बयान में कहा, तुलनात्मक रूप से, दक्षिण एशिया में जलवायु प्रभाव अनुसंधान बहुत कम किया गया है, बावजूद इसके कि जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी समिति ने इसे एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उजागर किया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन पेरिस समझौते के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हरित गैस उत्सर्जन को कम करने के समर्थन में साक्ष्य का एक महत्वपूर्ण अंश प्रस्तुत करता है, जहां साक्ष्य की अन्य पंक्तियां अक्सर उच्च आय वाले देशों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जहां प्रभाव कम होते हैं, और वे बदलाव अधिक आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने इस सदी के बाकी हिस्सों में चक्रवातों से प्रभावित लोगों के पैमाने का अनुमान लगाने के लिए परिष्कृत जलवायु मॉडल अनुमानों का इस्तेमाल किया। बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीयूईटी) में हाइड्रोलॉजी के प्रोफेसर और अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता सैफुल इस्लाम का कहना है कि हाल में जारी आईपीसीसी रिपोर्ट का भी मानना है कि बढ़ते तापमान के चलते तीव्र श्रेणी वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की संख्या पहले के मुकाबले बढ़ जाएगी।

# दुनिया के 20 से ज्यादा देशों में मंकीपॉक्स के करीब 200 मामले

● विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दी जानकारी

भाषा। लंदन

**विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने कहा कि दुनिया के 20 से ज्यादा देशों से मंकीपॉक्स के करीब 200 मामले आए हैं। हालांकि डब्ल्यूएचओ ने साथ ही यह भी कहा कि इस महामारी को नियंत्रित किया जा सकता है और दुनिया भर में उपलब्ध इस बीमारी की दवाओं और टीकों के समान वितरण का प्रस्ताव रखा। एजेंसी ने कहा कि मौजूदा महामारी कैसे शुरू हुई इस संबंध में अभी भी कई सवालों के जवाब नहीं हैं, लेकिन इसका कोई साक्ष्य नहीं है कि इस महामारी का कारण वायरस में किसी प्रकार का आनुवंशिक बदलाव है। डब्ल्यूएचओ की महामारी निदेशक डॉक्टर सिल्वी ब्रियांड ने कहा, वायरस के पहले (जीनोम) सीक्वेंसिंग से पता चलता है कि यह स्वरूप महामारी से प्रभावित देशों से प्राप्त स्वरूप से अलग नहीं है और यह (महामारी का प्रसार) संभवत: लोगों की जीवनशैली में आए बदलाव का नतीजा है। यूरोप, अमेरिका, इजराइल, ऑस्ट्रेलिया इस महामारी का प्रसार संभवत: स्पेन और बेल्जियम में हाल ही में हुई रेव पार्टियों के दौरान सेक्स से जुड़ा हुआ है।

### सिंगापुर हाई कोर्ट ने मादक पदार्थों की तस्करी में दोषी दो भारतीय पुरुषों को बरी किया

**सिंगापुर।** सिंगापुर की अपीलीय अदालत ने पिछले साल मादक पदार्थों की तस्करी में दोषी करार दिए गए भारतीय मूल के दो पुरुषों को शुक्रवार को बरी कर दिया। इनमें से एक को मौत की सजा सुनाई गई थी। मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन की अगुवाई वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने भारतीय मूल के सिंगापुर के राजकुमार अय्याचामी (40) की दोषसिद्धि और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए अनिवार्य मौत की सजा के खिलाफ अपील को अनुमति दी।

# चीन ने अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन के बयान की निंदा की

भाषा। बीजिंग

**चीन ने अमेरिकी** विदेश एंटनी ब्लिंकन के उस बयान पर नाराजगी जताई है जिसमें उन्होंने कहा था कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की व्यवस्था में चीन ने एक बड़ा खतरा पैदा किया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि अमेरिका जानबूझकर गलत जानकारी फैला रहा है और चीन की घरेलू व विदेश नीति को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। ब्लिंकन के बयान का मकसद चीन के विकास को रोकना और अमेरिका का वर्चस्व कायम करना है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और इसे खारिज करते हैं। अमेरिका जिस नियम आधारित व्यवस्था की वकालत करता है, उसे समझने वाले लोग जानते हैं कि ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है बल्कि अमेरिका और कुछ अन्य देशों के बनाए हुए नियम हैं, जिनका मकसद अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अमेरिका का प्रभुत्व कायम रखना है।

# हांगकांग के अगले मुख्य कार्यकारी जॉन ली बीजिंग की यात्रा पर जाएंगे

**हांगकांग।** हांगकांग के अगले मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन ली इस पद पर अपनी नियुक्ति को आधिकारिक रूप से मंजूरी देने वाले एक पत्र को स्वीकार करने के लिए शनिवार को बीजिंग जाएंगे। एक सरकारी बयान में पुष्टि की गई कि ली अपने निजी सचिव और प्रेस सचिव के साथ ही अपनी पत्नी को लेकर बीजिंग जाएंगे। वह मंगलवार को हांगकांग लौटेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट सहित स्थानीय मीडिया ने बताया कि यात्रा के दौरान ली के चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलने की उम्मीद है, और अनुमोदन के लिए अपने कैबिनेट के सदस्यों के नाम भी पेश करेंगे। चीन के शीर्ष अधिकारियों के साथ ली की पहली बैठक होगी क्योंकि उन्होंने आठ मई को एक चुनाव समिति के 99.2 प्रतिशत मतों के साथ नेतृत्व का चुनाव निर्विरोध जीता था। चुनाव समिति बड़े पैमाने पर बीजिंग समर्थक सदस्यों से बनी है।

### अमेरिका और जर्मनी में अक्षय ऊर्जा को लेकर समझौता

**बर्लिन।** अमेरिका और जर्मनी ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के प्रयासों के तहत जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों ने शुक्रवार को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियों को विकसित करेंगे जो अक्षय ऊर्जा पर निर्भरता को बढ़ावा देंगी, विशेष रूप से पवन ऊर्जा, शून्य-उत्सर्जन वाहनों और हाइड्रोजन के क्षेत्र में। अमेरिका और जर्मनी ने दुनिया भर में जलवायु नीतियों और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने पर भी सहयोग करने का संकल्प लिया।

### जहाज जब्त करने को लेकर ईरान ने विरोध जताया

**तेहरान।** ईरान ने यूनानी अधिकारियों द्वारा पिछले माह अमेरिका के कथित दबाव में जब्त किए गए अपने जहाज को छोड़ने की मांग की है। यह जानकारी ईरान के सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को दी। विदेश मंत्रालय ने इस घटना पर अपना राजनयिक विरोध दर्ज कराने के लिए स्विट्जरलैंड के दूत को बुलाया है। स्विट्जरलैंड का दूत तेहरान में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि इसका (अमेरिका का) यहां कोई दूतावास नहीं है। समाचार एजेंसी इरना ने खबर दी है कि ईरान ने अपने जहाज को जब्त करने की गतिविधि को अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून एवं अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन करार दिया है।

### यूक्रेन के मंत्री ने भारी हथियार देने की गुहार लगाइ

भाषा। कीव

**यूक्रेन के** विदेश मंत्री ने रूसी बलों को पीछे हटाने के लिए पश्चिमी देशों से भारी हथियार देने की गुहार लगाई है। विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा ने बृहस्पतिवार रात एक वीडियो ट्वीट की, जिसमें उन्होंने कहा, हमें भारी हथियार चाहिए। रूस केवल भारी हथियारों की संख्या के मामले में हमसे बेहतर है। तोपों और रॉकेट लांचर प्रणालियों के बिना हम उन्हें पीछे नहीं हटा पाएंगे। कुलेबा ने कहा कि देश के पूर्वी हिस्से में हालात गंभीर हैं। जहां रूसी बलों के हमले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लोग जितना बता रहे हैं, हालात उससे भी अधिक बदतर हैं।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my clients, (1) LALIT KAPOOR S/O LATE O.P. KAPOOR, (2) SH. ANIL KAPOOR, S/O LATE O.P. KAPOOR, & (3) SH. ARUN KAPOOR S/O LATE O.P. KAPOOR, owners/mutatees Plot No.13, Block-B-5, SAFDARJUNG ENCLAVE, NEW DELHI have applied for conversion of the aforesaid property from lease hold to free hold vide File No.F.4(660)1964/LAB(R) in DDA. The original documents i.e. Perpetual Lease Deed, Allotment / demand letter, Possession Letter, Site Possession Slip and C and D Form of the above said property has been lost. An NCR/LR NO.439259/2022 dated 26.05.2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9650190006 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB) Residential or Director (Land), DDA, Vikas Sadan, New Delhi.

Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

### बीईएमएल का मुनाफा 15.4 प्रतिशत घटकर 133 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल का वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 15.4 प्रतिशत घटकर 133.42 करोड़ रुपए रह गया। बीईएमएल (पूर्व में भारत अर्थ मूवर्स लि.) ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में 157.81 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। सूचना में कहा गया कि वित्त वर्ष 2021-22 की आलोच्य तिमाही के दौरान इसकी परिचालन आय घटकर1,683.58 करोड़ रुपए रह गई। वित्त वर्ष 2020-21 की समान अवधि में यह1,805.74 करोड़ रुपए थी।

### अर्थ छोटे कारोबारियों को करेगा मदद

**नई दिल्ली।** भारत को आत्म निर्भर बनाने में अर्थ कंपनी भी अपना अहम रोल अदा करेगी। अर्थ पूरे भारत में जहां अपना विस्तार कर रही है उसी के तहत वह यूपी में भी अपना कारोबार फैलाएगी। यह जानकारी अर्थ के सीईओ अमित कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अर्थ महिलाओं के नेतृत्व में चलने वाले सूक्ष्म उद्यम पर ध्यान देने के साथ-साथ एमएसएमई के लिए एक वित्तीय सेवा प्रदाता है। अर्थ पिछले कई वर्षों से प्रौद्धगकी और साझेदारी प्लेटफ ाम ों का उपयोग करके भारत में लास्ट-मील के तहत माइक्रो एमएसएमई के लिए सस्ती वित्तीय सेवाएं और आजीविका सहायता प्रदान कर रहा है। लाखों माइक्रो एमएसएमई को सस्ती ववत्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने के लिए आयामी दृष्किोण का पालन किया है,पहला खुदरा और व्यापारी एमएसएमई नेटवर्क के साथ राष्ट्रीय साझेदारी करके पहले से ही डिजीटल हैं और दूसरा हाइपर लोकल डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क बनाना जिससे की माइक्रो. एंटरप्राइज की कुछ छोटे शहर में गैर डिजिटल उद्यम है को ऑन लाइन लाया जा सके।

### चीन की प्लास्टिक प्रसंस्करण मशीनों पर नहीं लगेगा डंपिंग रोधी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन की प्लास्टिक प्रसंस्करण मशीनो पर डम्पिंग रोधी शुल्क लगाने की व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशो को अस्वीकार कर दिया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने चीन से इन मशीनो की कथित डंपिग के खिलाफ जांच की थी।

# खुदरा महंगाई पर दबाव डाल सकती है थोक मुद्रास्फीति की ऊंची दर : आरबीआई

भाषा। मुंबई

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) ने शुक्रवार को आगाह करते हुए कहा कि थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के उच्च स्तर पर होने की वजह से कुछ अंतराल बाद खुदरा महंगाई पर दबाव पड़ने का जोखिम है। आरबीआई ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि औद्योगिक कच्ची माल की उंची कीमतें, परिवहन लागत, वैश्विक लॉजिस्टिक तथा आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान मुख्य मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा रहे हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति में तेज वृद्धि के बीच थोक और खुदरा मुद्रास्फीति में बढ़ते अंतर की वजह से विनिर्माण लागत का दबाव कुछ समय बाद खुदरा मुद्रास्फीति पर पड़ने को जोखिम है...। इसमें कहा गया कि रूस-यूक्रेन युद्ध और उसकी वजह से जिंसों की कीमतों में वृद्धि भारत समेत दुनियाभर के मुद्रास्फीति परिदृश्य को प्रभावित कर रही है। मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए सरकार ने हाल ही में वाहन ईंधनों पर उत्पाद शुल्क में कटौती, इस्पात और प्लास्टिक उद्योग में इस्तेमाल होने वाली कुछ कच्ची सामग्री पर आयात शुल्क खत्म करने समेत कई कदम उठाए हैं। ईंधन से लेकर सब्जियों और खाना पकाने के तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होने से थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में 15.08 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच

### समावेशी, टिकाऊऔर संतुलित वृद्धि के लिए ढांचागत सुधार आवश्यक : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने ढांचागत सुधारो का मजबूती से समर्थन करते हुए शुक्रवार को कहा कि समावेशी, टिकाऊऔर संतुलित वृद्धि के लिए और वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बाद के प्रभावो से निपटने के लिए ए सुधार आवश्यक है। आरबीआई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में इस बात पर भी जोर दिया कि भविष्य की वृद्धि का मार्ग आपूर्ति पक्ष की बाधाओ को दूर करने, मुद्रास्फीति को कम करने तथा पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के लिए मौद्रिक नीति को समायोजित करने के जरिए निर्धारित किया जाएगा। रिपोर्ट के मूल्यांकन एवं संभावनाएं अध्याय में कहा गया, भारत की मध्यावधि वृद्धि की संभावनाओ को बेहतर बनाने के लिए ढांचागत सुधार टिकाऊ, संतुलित और समावेशी वृद्धि के लिए अहम है, विशेषकर वैश्विक महामारी के बाद के प्रभावों के मद्देनजर कर्मचारियों में कौशल विकसित करने में मदद देना और उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्हें नई प्रौद्योगिकियो का उपयोग करना सिखाना आवश्यक है।

### गेल इंडिया का शुद्ध लाभ 40 प्रतिशत बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

प्राकृतिक गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 40 प्रतिशत बढ़कर 2,683.11 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। प्राकृतिक गैस की बिक्री पर मार्जिन बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। गेल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 की अंतिम तिमाही में उसने ।,907.67 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

# दो हजार के नोट की संख्या में गिरावट जारी

● चलन वाले कुल नोट में हिस्सेदारी घटकर 1.6 पर

भाषा। मुंबई

**दो हजार** रुपए के बैंक नोट की संख्या में पिछले कुछ साल से गिरावट का सिलसिला जारी है। इस साल मार्च अंत तक चलन वाले कुल नोट में इनकी हिस्सेदारी घटकर 214 करोड़ या 1.6 प्रतिशत रह गई। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इस साल मार्च तक सभी मूल्यवर्ग के नोटों की कुल संख्या 13,053 करोड़ थी। इससे एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 12,437 करोड़ था। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2020 के अंत में चलन में शामिल 2000 रुपए के मूल्यवर्ग वाले नोटों की संख्या 274 करोड़ थी। यह आंकड़ा चलन में कुल करेंसी नोटों की संख्या का 2.4 प्रतिशत था। इसके बाद मार्च 2021 तक चलन में शामिल 2000 के नोटों की संख्या घटकर 245 करोड़ या दो प्रतिशत रह गई। पिछले वित्त वर्ष के अंत में यह आंकड़ा 214 करोड़ या 1.6 प्रतिशत तक रह गया। उपरोक्त आंकड़े मात्रा के लिहाज से हैं। यदि मूल्य के संदर्भ में बात करें तो मार्च 2020 में 2000 रुपए के नोट का कुल मूल्य, सभी मूल्यवर्ग के नोटों के कुल मूल्य का 22.6 प्रतिशत था। मार्च 2021 में यह आंकड़ा घटकर 17.3 प्रतिशत और मार्च 2022 में 13.8 प्रतिशत रह गया। रिपोर्ट के अनुसार इस साल मार्च के अंत में 500 रुपए के नोटों की संख्या बढ़कर 4,554.68 करोड़ हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,867.90 करोड़ थी।

# बाजार में दूसरे दिन तेजी जारी, सेंसेक्स 632 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई







**वैश्विक बाजारों** में तेजी के साथ सूचना प्रौद्योगिकी, बैंक और वाहन शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयरों बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन मजबूती रही तथा दोनों मानक सूचकांक... बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। उच्च मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों द्वारा नीतिगत दरों को लेकर सख्त रुख अपनाने की चिंताओं के बावजूद स्थानीय बाजार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़त में रहे। पिछले कारोबारी सत्र की तेजी को जारी रखते हुए तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 632.13 अंक यानी 1.17 प्रतिशत उछलकर 54,884.66 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 182.30 अंक यानी 1.13 प्रतिशत चढ़कर 16,352.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 4.10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इंडसइंड बैंक, विप्रो, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टूब्रो और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी बढ़त लेकर बंद हुए। वहीं, दूसरी तरफ एनटीपीसी, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और नेस्ले के शेयर गिरावट में रहे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में तेजी तथा अमेरिका में अनुकूल खुदरा आय के बीच निवेशकों ने खरीदारी की।

### इंडोसोलर के अधिग्रहण के लिए वारी एनर्जीज को मिली एनसीएलटी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सोलर मॉड्यूल विनिर्माता वारी एनर्जीज ने कहा कि इंडोसोलर लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए उसे राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधीकरण (एनसीएलटी) से मंजूरी मिल

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Prem Lata W/o Late Shri Amar Nath Miglani R/o DDA Janta Flat No.B-25/G-4, Ground Floor, Block B, Dilshad Garden, Delhi-110095 has applied for conversion of DDA Janta Flat No.B-25/G-4, Ground Floor, Block B, Dilshad Garden, Delhi-110095 from lease hold to free hold in DDA. The original documents I.e. Demand-cum-Allotment Letter of the above flat has been lost. An FIR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O. No.430/2014 LR No. 415857/2022 dated 19.05.2022. Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9968277047 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1,D Block,3rd Floor, Vikas Sadan, INA,New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

The General Public is informed that my client intends to buy the assets belonging to M/S SUPREME CAR SCANNERS PVT LTD having CRN NO U00000DL1992PTC050812 through their directors Dr. Mukesh Agarwal and Mr. Divyansh Agarwal with property/plot at S-17 SITE IV INDUSTRIAL AREA SAHIBABAD GHAZIABAD, UP.
If anyone is having any objection, claims, interest, dispute, title in the said property or for the above intended sale transaction/ agreement, he/she/they may contact under signed with the documentary proof within 10 days of publication, failing which my client will proceed to complete the sale transactions with the above owner as if there is no third-party dispute/claim/ objection and thereafter no claims will be entertained.

HIMANSHI JAIN Advocate
JS Law Chambers K-37B,
Kalkaji, New Delhi-110019
contact@jslawchambers.com

**CUBICAL FINANCIAL SERVICES LIMITED**
Regd. Office-456, Aggarwal Metro Height, Netaji Subhash Place, Pitam Pura, Delhi-110034
website : www.cubicalrealtors.com CIN-L65993DL1990PLC040101
E-mail : cubfinser@yahoo.com
Extract of the statement of Audited Financial Results for the Quarter/year ended March 31, 2022
(Rs. In Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 3/31/2022 (Audited) | Quarter Ended 3/31/2021 (Audited) | Year Ended 31-03-2022 (Audited) | Year Ended 31-03-2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | 21.42 | 27.83 | 216.00 | 131.19 |
| 2 | Profit/ (Loss) for the period before tax | 26.53 | -6.66 | 81.73 | 27.99 |
| 3 | Net Profit / Loss for the period after tax | 23.14 | -8.12 | 67.53 | 20.52 |
| 4 | Equity Share Capital | 1303.40 | 1303.40 | 1303.40 | 1303.40 |
| 5 | Reserves excluding Revaluation Reserve | | - | 82.49 | 14.99 |
| 6 | Earnings Per Share (EPS) (of Rs. 2/- each) | | | | |
| | Basic | | | 0.10 | 0.03 |
| | Diluted | | | 0.10 | 0.03 |

Note:- The above is an Extract of the Detailsed Format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclocure Requirements) Regulations, 2015 The Full Format of the Quarterely Financial Results is available on the Website of Bombay Stock Exchange at www.bseindia.com & on Company website at www.cubicalrealtors.com.

By Order of the Board of Directors
for CUBICAL FINANCIAL SERVICES LIMITED
SD/- ASHWANI KUMAR GUPTA
MANAGING DIRECTOR
DIN-00348616

DATED : 27TH MAY, 2022
PLACE : DELHI.

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) स्थित गोरापड़ाव जिला नैनीताल पिन-263139
Email Id: eeujslku@gmail.com

पत्रांक : 557/निविदा/09 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक : 27.05.2022

एतद्द्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा हल्द्वानी ग्रामीण(लालकुआँ) में अधिशासी अभियन्ता कार्यालय हेतु बोलेरो अथवा समकक्ष वाहन मय वाहन चालक/ईंधन की आपूर्ति सहित सम्बन्धित ठेकेदार/फर्मो से मोहरबन्द निविदा पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनाँक 14.06.2022 को अपरान्ह 03:00 बजे तक निम्नानुसार आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेंगी। निविदा आमंत्रण व खोलने की तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदा अनुवर्ती कार्यालय दिवस में यथा समय खोली जायेंगी।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बोलेरो/उसके समकक्ष वाहन मय चालक सहित पूर्ण रखरखाव, मरम्मत एवं ईधन के साथ आपूर्ति। | 500.00+GST | 5000.00 |

**शर्तें व प्रतिबन्ध :-** 1. निविदा प्रपत्र **"कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ), नैनीताल बैंक परिसर, गोरापड़ाव, पो0 ऑ0 अर्जुनपुर, बरेली रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)"** के पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित किये जाने होगें। 2. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) से दिनाँक 30.05.2022 से दिनाँक 04.06.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से क्रय किये जा सकते हैं। 3. वाहन में वातानुकूलित प्रणाली का होना अनिवार्य है। 4. वाहन का मॉडल 2020 से पूर्व का मान्य नहीं होगा। 5. शेष शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी। जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

(नन्द किशोर)
अधिशासी अभियन्ता

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) FORCETTFB FORCE DL1VC2104- YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 245288
2) FORCETTFB DL1VC2247-YOM -2015
MINIMUM RESERVE PRICE 204407
3) FORCETTFB HR58B7576-YOM -2015
MINIMUM RESERVE PRICE 297851
4)CB_MAHINDRA_FURIO_11_FULLY_BUILT-UP14HT8805-YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 763120
5) CB_SML SARTAJ UP15DT7330-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE 421721
6) PRO_2110 EICHR_VECV HR38AB3917-YOM -2021
MINIMUM RESERVE PRICE 860625
7) TATA MOTOR LPT 2518 UK17CA2506-YOM -2012
MINIMUM RESERVE PRICE 135513
8) TLPT1109FB UP14HT 7369-YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 636062
9) EICHR_VECVVE1110FB UP81CT5745-YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 737616
10) BOLERO_MUV UP14JT5634-YOM -2020
MINIMUM RESERVE PRICE 294149
11) SM_SAMRAT UP14JT0863-YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 535352
12) HR_VECV2PRO 5040 HR38Y3994-YOM-2018
MINIMUM RESERVE PRICE 644509
13) TATAMOTORSLPT1412 UP17AT5844-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE 652623

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 11.06.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT:ABHINAV LAL/RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT/ 07126685775/09711173320
EMAIL- abhinav.lal@kotak.com/ rajesh.antil@kotak.com

# पुलिस दबिश के दौरान जहर खाने वाली मां और बेटियों की मौत, दारोगा निलंबित

● **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी करके चार हफ्ते में रिपोर्ट मांगी**

**भाषा।** बागपत/लखनऊ


**बागपत** जिले के छपरौली क्षेत्र के बाछौड़ गांव में पुलिस दबिश के दौरान जहर खाने वाली मां और दो बेटियों की मौत के मामले में नामजद आरोपी दारोगा को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी करके चार हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है। बागपत के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि जांच में यह तथ्य सामने आया है कि दबिश के दौरान दारोगा नरेश पाल की मौजूदगी में ही मां और बेटियों ने जहर खाया था। उन्होंने बताा कि उस वक्त दारोगा ने सूझबूझ का परिचय देने के बजाय लापरवाही बरती, इसके मद्देनजर उसे आज निलंबित कर दिया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी करके चार हफ्ते के अंदर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट में मामले की जांच की स्थिति और अगर पीडति परिवार को कोई सहायता दी गई है तो उसके बारे में विस्तार से जानकारी देनी होगी। आयोग ने नोटिस जारी करते हुए माना कि मामले की मीडिया रिपोर्टों पर गौर करने से ऐसा लगता है कि कानून लागू कराने वाली एजेंसियां हालात को विवेकपूर्ण तरीके से सम्भालने में विफल रहीं, जिसकी वजह से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। इसके पूर्व, जहर खाने के बाद गम्भीर रूप से बीमार हालत में मेरठ के अस्पताल में इलाज के दौरान मृत महिला अनुराधा (47) और उसकी छोटी बेटी प्रीति (17) का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव में लाया गया तो महिलाओं ने सड़क पर ही एंबुलेंस रोक ली और धरने पर बैठ गईं और हंगामा किया। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों ने पीड़ति परिवार को उचित मदद करने का आश्वासन दिया। उसके बाद शवों का अंतिम संस्कार किया गया। गौरतलब है कि पिछली तीन मई को छपरौली थाना क्षेत्र के बाछौड़ गांव निवासी कान्ति नामक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री को गांव का ही यवक प्रिन्स लेकर फरार हो गया है। इस मामले में मंगलवार की रात पुलिस की दबिश के दौरान अभियुक्त की मां अनुराधा और दो बहनों स्वाति तथा प्रीति ने जहर खा लिया था। तीनों को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को स्वाति की जबकि बृहस्पतिवार को अनुराधा और प्रीति की मौत हो गई। अनुराधा के पति महक सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उसका बेटा प्रिंस यदि किसी युवती को लेकर चला गया तो बेटे के खिलाफ कार्वाई होनी चाहिए थी, लेकिन पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों को परेशान करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस कई बार उनके घर आई और परेशान किया, आए दिन पुलिस उसके परिवार के सदस्यों को थाने ले जाकर मारपीट करती थी। सिंह ने कहा कि उसकी पत्नी और दो बेटियों की मौत के बाद उसका तो परिवार ही उजड़ गया है।

## पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया पंडित नेहरु को याद

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिला कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने नेहरु के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के बाद हुई गोष्ठी में कहा कि चाचा नेहरु बच्चों के प्रिय थे। इसीलिए उन्हें चाचा नेहरु के नाम से जाना जाता है। शुक्रवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में पं नेहरु के पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि पं नेहरु के देश की प्रगति के कार्यो को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पं नेहरु देश को प्रगति के पथ पर आगे ले गये थे। पं नेहरु ने देश के विकास में अहम योगदान दिया था। पं नेहरु को बच्चे बहुत प्रिय थे। इसीलिए उन्हें चाचा नेहरु के नाम से भी जाना जाता है। गोष्ठी में जगजाहिर पटेल, कामता प्रसाद द्विवेदी, इन्द्रजीत उपाध्याय, अजीत मिश्रा एड, चुनबाद, मुकेश कुमार आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# अब हम तीन नहीं तीस हजार मंदिरों को वापस लेंगे: डॉ. राम विलास वेदांती

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**श्रीराम** जन्मभूमि के प्रणेता व पूर्व भाजपा सांसद नेता डा. रामविलास वेदांती ने कहा कि देश में 30 हजार मंदिर तोड़ कर मस्जिद बनाए गए। देश की 90 प्रतिशत पुरानी मस्जिद कोई न कोई मंदिर तोड़ कर ही बनीं हैं। अब समय आ गया है कि हम तीन नहीं बल्कि 30 हजार मंदिरों को वापस लेंगे। डॉ0 वेदांती शुक्रवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बात कर रहे थे। बताया कि 1984 में संतों और मुस्लिम धर्म गुरुओं आदि की बैठक हुई थी। उसमें हम सभी ने कहा था कि हमें अयोध्या में राम मंदिर, काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में श्री कृष्ण भूमि को वापस दे दें। हम चौथा मंदिर नहीं मांगेंगे। मंचों से लगातार तीन मंदिर की मांग करते रहे। मुस्लिम समाज राजी नहीं हुआ। अंततोगत्वा 464 वर्षों के संघर्ष के बाद वह दिन आया जब राम मंदिर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूमि पूजन किया।संस्कृत का ज्ञानवापी शब्द हिंदूपरक है। ज्ञानवापी कूप का निर्माण भगवान शंकर के त्रिशूल से होने का उल्लेख है। आज हम हिंदुओं का समय है लेकिन हमें ज्ञानवापी कूप आदि विशेश्वर शिवलिंग के लिए कानून और कोर्ट पर भरोसा है। कोर्ट जो फैसला करेगा हम उसका पालन करेंगे। मुसलमानों से आग्रह है कि जो स्वाभाविक रूप से मंदिर का हिस्सा है उसे हिंदुओं को सौंप दें। देश का हिंदू, इतिहासकार, नेता सभी जानते हैं कि ज्ञानवापी ही नहीं चारमीनार, कुतुबमीनार मंदिरों को तोड़कर बने हैं।

### राम जन्म भूमि आंदोलन की तर्ज पर ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए मांग होगी

**जरूरत** पड़ी तो काशी में संत सम्मेलन होगा। राम जन्म भूमि आंदोलन की तर्ज पर ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए मांग होगी। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता भी अब समय की मांग है। उन्होंने ओवैसी और अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि दोनों पाकिस्तान के रास्ते चल रहे हैं। दोनों के बयान देश तोडने् वाले हैं। उन पर देश द्रोह का मुकदमा हो।

# छिरिया सलेमपुर के किसानों ने 18 कुंतल भूसा दान किया

**संवाददाता।** जालौन (उरई)



**ग्राम छिरिया** सलेमपुर में प्रशासन के निर्देश पर भूसा दान यात्रा निकाली गई। इस दौरान गोशाला में संरक्षित पशुओं के लिए ग्रामीणों ने 18 क्विंटल भूसा दान किया।

गोशाला में संरक्षित पशुओं की भूख से मौत न हो और उन्हें पर्याप्त चारा पानी मिलता रहे। इसके लिए अब भूसा दान मांगा जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में ग्राम प्रधान सोनल तिवारी व प्रतिनिधि आशीष तिवारी द्वारा भूसा दान यात्रा का शुभारंभ किया। भूसा दान यात्रा में ग्रामीणों ने बढ़ चढकर सहयोग किया। जिसमें दर्शन सिंह, राजू गुप्ता, पप्पी गुप्ता, योगेश दोहरे, दरोगा कुशवाहा, माताप्रसाद दोहरे, गोपीचरण दोहरे, रामकेश ,राजेश दोहरे, रामप्रकाश दोहरे, नरेशदोहरे, सुरेश चौरसिया आदि ने सहयोग किया। इस दौरान कुल 18 क्विंटल भूसा एकत्रित किया गया। जिसे पशुओं के लिए गोशाला में सुरक्षित रखा गया। इस दौरान ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गोशाला में संरक्षित गोवंशी पशुओं को भूख की समस्या न हो। इसके लिए प्रत्येक किसान भूसा दान कर कुछ न कुछ सहयोग करें। कहा कि गोशालाओं में संरक्षित बेजुबान गोवंशी पशुओं के लिए अन्य भूसा दानदाताओं से प्रेरणा लेकर स्वयं सहयोग करें और दूसरों को भी दान करने को प्रेरित करें। किसान अपने-अपने जानवरों को खूंटे से बांधकर रखे, ताकि किसी अन्य किसान की फसल को नुकसान न हो।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों के निरीक्षण में भरा सैम्पल

**जालौन (उरई)।** शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बाजार में भ्रमण कर दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छेना पाउडर का नमूना भर कर सामग्री को सील कर दिया तथा बगैर पंजीकरण के दुकान चले दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल शर्मा ने शुक्रवार को नगर के बाजार में निरीक्षण के लिए आये। बाजार में उनके आने की खबर लगते ही कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों की शटरें थोड़ी देर के डाल दी तथा उनके जाने का इंतजार करने के बाद उन्होंने अपने प्रतिष्ठान खोले। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बैठगंज स्थिति खुली मिली किराना की संतोष गुप्ता, सतेन्द्र गुप्ता व संदीप की दुकान का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान दुकानदार अपना पंजीकरण नहीं दिखा सके।

# विवाह स्थल से परीक्षा देने सीधे विद्यालय पहुंची दुल्हन

**भाषा।** सोनभद्र

**उत्तर प्रदेश** के सोनभद्र जिले के शाहगंज स्थित एक महिला महाविद्यालय के लोग ताज्जुब में पड़ गए जब सजीधजी दुल्हन परीक्षा देने पहुंची। वह परीक्षा देने के लिए विवाह स्थल से सीधे कॉलेज आई थी और उसके बाद वहीं से उसकी विदाई हुई। परिवार से जुड़े लोगों ने इसकी जानकारी दी। सोनभद्र के घोरावल तहसील की सीमा से सटे मध्यप्रदेश के गढ़वा के खैडार की रहने वाली जुड़ावती वैश्य शाहगंज के कुशहरा स्थित श्री प्रमोद जी महिला महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। उसकी 26 मई को शादी थी। वह शुक्रवार सुबह दुल्हन के रूप में ही परीक्षा देने के लिए पहुंची। वह नजारा देखकर कॉलेज में शिक्षक और परीक्षार्थी हतप्रभ रह गए। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। छात्रा के पिता लालजी वैश्य ने बताया कि जुड़ावती ने उनसे कहा कि शादी की तिथि भले ही निर्धारित हो गई हो, लेकिन वह परीक्षा भी नहीं छोड़ेगी। अगर परीक्षा छूट गई तो उसकी पूरे साल की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बात को सुनकर वह परेशान हो गए कि लड़के पक्ष के लोग इस बात पर राजी होंगे या नही। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार 26 मई की रात सिंगरौली के आमचुना से बारात आई। उन्होंने बताया कि जयमाल के दौरान माला पहनाने से पहले दुल्हन ने अपने दूल्हे से परीक्षा के बाद ही विदाई होने की बात रखी। उन्होंने कहा कि इस पर दूल्हा और उसके परिवार के लोग राजी हो गए। उन्होंने बताया कि रात भर विवाह का कार्यक्रम चला और सुबह होने पर वह छात्रा दुल्हन के पहनावे में ही परीक्षा देने के लिए कार से महाविद्यालय पहुंच गई। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्र ने बताया कि जुड़ावती बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है और शुक्रवार को उसकी समाजशास्त्र विषय की परीक्षा भी थी।

## क्विक न्यूज

### मंदबुद्धि युवक की हत्या के आरोप में उसका सगा भाई गिरफ्तार

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के स्योहारा क्षेत्र मे एक व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर अपने छोटे भाई की हत्या कर उसका शव जलाने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि पिछली 23 मई को स्योहारा थाने के मुबारकपुर गांव मे एक युवक का अधजला शव मिला था। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान पंकज (22) के रूप मे हुई थी। घटना की जांच के दौरान मृतक के बड़े भाई अशोक(32) को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उसने अपने भाई की हत्या का गुनाह कुबूल कर लिया। सिंह के मुताबिक अशोक ने पूछताछ मे बताया है कि पंकज मन्दबुद्धि था और वह नग्न घूमता रहता था और घर में लड़ताझगड़ता रहता था। उन्होंने बताया कि पिछली 22 मई को पंकज गांव के बाकलवाला तालाब के पास बैठा था और घर चलने की बात कहने पर वह मारपीट करने लगा। उन्होंने बताया कि मारपीट होने से गुस्से में आए अशोक ने जेब मे रखे ब्लेड से पंकज की हत्या कर दी और शव पर गन्ने की पत्ती डालकर आग लगा दी।

**सर्राफा व्यवसाई की पत्नी और बेटे की हत्या मामले में मृतक की बहन समेत दो गिरफ्तार**

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के क्वारसी क्षेत्र स्थित सुरेंद्र नगर इलाके में बृहस्पतिवार रात एक सर्राफा व्यवसाई की पत्नी और बेटे की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में मृतक की बहन और उसके मंगेतर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि सुरेंद्र नगर निवासी ललित सर्राफ बृहस्पतिवार रात जब अपने घर लौटा तो खून से लथपथ पत्नी शिखा (37) और बेटे दिग्वांशु (9) को मृत अवस्था में पाया। सूत्रों के मुताबिक, ललित की दोनों बेटियां उसी दिन अपने किसी रिश्तेदार के घर गई थी और वारदात के समय घर मे मां-बेटे के अलावा कोई नही था। उन्होने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त फुटेज में दो नकाबपोश घर के अंदर जाते और कुछ देर बाद बाहर निकलते देखे गए। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को इस दोहरे हत्याकांड में मृत महिला की छोटी बहन अंजलि वर्मा और उसके मंगेतर सुमित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होने बताया कि ललित सर्राफ ने इन दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। मृतक मां-बेटे के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए है।

### डंपर ने तीन महिलाओं को कुचला, दो की मौत

**पीलीभीत (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के बीसलपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के सैर पर निकली तीन महिलाएं डंपर की चपेट मे आ गईं। इस हादसे मे दो महिलाओ की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के परसिया गांव निवासी दीनानाथ की पत्नी मुन्नी देवी (40), निर्मला देवी (38) और सोमवती देवी तड़के करीब चार बजे टहलने जा रही थी, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात डंपर ने तीनो को रौंद दिया। उन्होंने बताया कि हादसे मे मुन्नी देवी और निर्मला देवी की मौत हो गई, जबकि सोमवती देवी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीसलपुर के क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार के अनुसार, पुलिस ने दोनो महिलाओ के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

### शराबियों ने दंपति व उसके भाई से की मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** शराब के नशे में धुत गांव के ही तीन लोगों ने दंपति व उसके भाई के साथ अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बनियानी निवासी ज्ञान सिंह पुत्र रामभरोसे द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की शाम वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही बबलू, राज और रामअवतार ने शराब के नशे में धुत होकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उसके द्वारा मना करने पर उक्त गणों ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसकी पत्नी रेखा और भाई शेर सिंह को भी लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### रंजिश के चलते युवक को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असोलिया निवासी बृजेश कुमार पुत्र शिवेंद्र सिंह ने बताया है कि गांव के ही तीन लोगों ने रंजिश को लेकर खेत से घर लौटते समय उसे रास्ते में रोककर अभद्रता की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नहर में बही बालिका का शव 45 घंटे बाद हुआ बरामद

**कोंच (जालौन)।** दो दिन पूर्व जालौन शाख नहर में पड़री पुल के समीप पैर फिसलने के कारण नहर के पानी में लापता बालिका राखी का शव 45 घंटे बाद पुलिस ने बरामद कर लिया है। घटनास्थल से लगभग एक किमी दूर युवती का फूला हुआ शव पानी पर उतराता मिला। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौरतलब है कि बुधवार शाम करीब तीन बजे अपने ननिहाल ग्राम पड़री में रह रही लगभग 18 वर्षीय राखी पुत्री छिदामी बरार उस वक्त गांव के बाहर से निकली जालौन शाख नहर में डूब कर लापता हो गई थी जब वह हाथ पैर धोने के लिए नहर पर गई और अचानक उसका पैर फिसल गया था। राखी की खोज के लिए उसी दिन से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। नहर में जाल भी बंधवाए गए थे और ऊपर से नहर का पानी भी अधिकारियों ने कम कराया था। इसके अलावा डोंगियों की मदद से नहर में उगी झाड़ियों में भी राखी को खंगाला जा रहा था किंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। नहर का पानी कम हो जाने के बाद शुक्रवार को घटनास्थल से लगभग एक किमी दूर अचानक उसका फूला हुआ शव पानी पर उतराता दिखाई दिया। मौके पर मौजूद कोतवाल बलिराज शाही ने ग्रामीणों की मदद से शव को जैसे ही बाहर निकलवाया, वहां मौजूद राखी के परिजन फूट फूट कर रो पड़े। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बीडीओ ने हैंडपंपों से समरसेबिल हटाये जाने के दिए निर्देश

**कुठौंद (जालौन)।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत बिचौली में ग्रामीण जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य ग्राम से जुड़ी हुई समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना था। जन चौपाल में खंड विकास अधिकारी संदीप यादव, एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, जेई आरईएस अभिषेक कुमार ओमर, ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रभूषण सचान जेएमआई राजेंद्र यादव, तकनीकी सहायक सोनेलाल वर्मा, पर्यवेक्षक नवीन अवस्थी सिंचाई विभाग की उपस्थित में ग्राम प्रधान महेश कुमार, पंचायत मित्र प्रवीण सोलंकी, चरण सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार द्वारा ग्राम निधि, 15 वें वित्त, मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों को समस्त ग्रामीणों के समक्ष पढ़कर जानकारी दी गई। जन चौपाल में 10 हैंडपंप रिबोर, 60 मरम्मत नौ कुआं इसमें एक चालू है। इसके बाद प्रथम शिकायत श्याम सुंदर के दरवाजे पर हैंडपंप में समर्सिबल शीशपाल सिंह के दरवाजे हैंडपंप में समर्सिबल निकलवाने की बात ग्रामीणों ने रखी।

# सावधान! एटीएमों के आसपास सक्रिय हैं साइबर अपराधी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** यदि आप एटीएम कार्ड का उपयोग करते हैं तो उपयोग करते समय अपने आसपास साइबर अपराधियों से सतर्क रहें। क्योंकि नगर के अधिकांश एटीएम के आसपास नई उम्र के साइबर अपराधी एटीएम उपयोगकर्ताओं के साथ साइबर अपराध की घटना को अंजाम देकर हजारों रुपये का चूना लगा सकते हैं।

ऐसा ही एक मामला उस समय प्रकाश में आया जब नगर के जीटी रोड स्थित हिटाची के एटीएम पर रुपये निकालने गए अधिवक्ता को वहां पहले से ही मौजूद दो युवक दिखाई दिए। उन्होंने अधिवक्ता से एटीएम मशीन में कार्ड फसने की बात कही। लेकिन उनकी बात को दरकिनार कर अधिवक्ता ने अपना एटीएम कार्ड मशीन में लगाया। तो कार्ड फस गया। तभी मौके पर मौजूद साइबर अपराधियों ने अधिवक्ता को पास में पड़ी पर्ची दिखाते हुए कस्टमर केयर नंबर दिया। जो कि उनके ही एक साथी का नंबर था। लेकिन अधिवक्ता ने अपनी सूझबूझ के चलते एटीएम के खाते में जमा रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिया। इस दौरान दोनों साइबर अपराधी अधिवक्ता का एटीएम कार्ड निकाल कर फरार हो गए। एटीएम बंद होने पर जब एटीएम के संचालक ने वीडियो फुटेज खंगाले तो पूरा मामला सामने आया। कि दोनों युवकों ने कार्ड डालने वाली जगह पर एलपी भर दी और अपनी जेब से कस्टमर केयर की प्रतियां निकाल कर एटीएम पर रख देते हैं। जिससे कार्ड मशीन में फंस जाता है और साइबर अपराधियों के सुझाव पर एटीएम धारक कस्टमर केयर पर जो कि उनका तीसरा साथी है को फोन कर खाते से संबंधित एवं कोड से संबंधित जानकारी दे देते हैं। जिससे एटीएम धारक के मोबाइल पर रुपये की निकासी के मैसेज आना शुरू हो जाते हैं।

# भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में हुई योगी सरकार के बजट की सराहना

● **योगी के बजट से राम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास को मिलेगी नई उड़ान**

**रतन पटेल।** चित्रकूट



प्रतिक्रिया देते लोग — पायनियर

**योगी सरकार** द्वारा पेश किया गया छठवां बजट विकास परक बजट है। इसमें चित्रकूटधाम तीर्थक्षेत्र विकास के लिए 3.50 करोड़ की घोषणा एवं गोस्वामी तुलसीदास की जन्म स्थली व महर्षि वाल्मीकि आश्रम के चहुमुखी विकास के निर्णय की भगवान श्रीराम की तपोभूमि में जमकर सराहना हो रही है।लोगों का मानना है कि योगी सरकार ही सही मायने में सूबे का चहुमुखी विकास कर रहीं है। आपकों बता दे कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के बजट में बुन्देलखण्ड में ग्रीन कॉरीडोर निर्माण, चित्रकूट की हवाई पट्टी में जल्द उड़ान, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का जल्द शुभारंभ की बात शामिल किये जाने के अलावा किसानों के लिए 15 हजार सोलर पम्प, नमामि गंगे में 97 करोड़, प्रदेश के 34307 राजकीय नलकूपों से किसानों को मुफ्त सिंचाई जैसी घोषणाएं बजट को विकासपरक बनाती हैं। बुंन्देलखण्ड क्षेत्र की विशेष योजनाओं के लिए बजट में 500 करोड़ की व्यवस्था की गई है।योगी सरकार के बजट की धर्म नगरी के लोगों ने जमकर सराहना की है। चित्रकूट के प्रमुख संत डा0राम नारायण त्रिपाठी का कहना है कि योगी सरकार यूपी की पहली ऐसी सरकार बनी है,जिसने भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किये है। कहा कि नये बजट से चित्रकूट के विकास को नई दिशा मिलेगी। वहीं समाजसेवी श्रीमती ज्योति करवरिया ने कहा कि योगी सरकार यूपी के चहुमुखी विकास के साथ-साथ देश के करोडों हिन्दूओं के मान-सम्मान के लिए भी काम कर रहीं है। उन्होने कहा कि योगी सरकार के बजट में सभी वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखा गया है। वहीं सुनील सिंह पटेल एवं आनंद त्रिपाठी ने कहा कि योगी सरकार ने जितना विकास बुंदेलखंड का किया है।उतना आजादी के बाद से बनी किसी सरकार ने नही किया।उन्होने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे और एयरपोर्ट के चालू होने के बाद चित्रकूट की तकदीर और तस्वीर ही बदल जायेगी।इसके अलावा व्यापारी नेता रामबाबू गुप्ता एवं शारदा अग्रहरि ने बजट का स्वागत करते हुए कहा प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प की झलक इस बजट में दिखायी देती है। नये उद्योगों की स्थापना और उनके विस्तार से प्रदेश के विकास को एक नई गति और पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में किसान, नौजवान, महिला, अल्पसंख्यक, व्यापारी, अधिवक्ता, छात्र, सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है।उन्होंने कहा कि चित्रकूट के विकास पर जोर देने से पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

## लंबित विवेचनाओं को लेकर अधीनस्थों के एसपी ने कसे पेंच

**कोंच (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने गुरुवार की रात सर्किल कोंच के सभी चारों थानों का अर्दली रूम किया जिसमें लंबित विवेचनाओं को लेकर अधीनस्थों के पेंच कसे गए। अपराध समीक्षा के दौरान टॉप-10, गैंगस्टर, वांछितों की गिरफ्तारी आदि को लेकर जरूरी निर्देश दिए गए। कार्य में शिथिलता को लेकर कई इंचार्जो और थानेदारों को एसपी की फटकार भी खानी पड़ी। एसपी रवि कुमार ने गुरुवार की देर रात थाना कोतवाली में सर्किल के के सभी चारों थानों कोंच, नदीगांव, कैलिया व एट का अर्दली रूम किया, जिसमें समस्त विवेचकों से विवेचनाओं की प्रगति एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, टॉप-10, गैंगेस्टर एक्ट के प्रस्तावित प्रकरणों, मिशन शक्ति के कार्यों आदि की समीक्षा की गई। लंबे समय से लंबित पड़ीं विवेचनाओं को लेकर संबंधित विवेचकों को एसपी ने लंबा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। एसपी ने कहा, कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**गुदड़ी के लाल का कमाल, पुजारी का बेटा बना पीसीएस अफसर**

# सीतापुर के गांजरी इलाके का रहने वाला हरेन्द्र तिवारी बना पीसीएस अधिकारी

**संवाददाता।** रेउसा सीतापुर

● **राज्य कृषि सेवा परीक्षा 2020 में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक विकास शाखा समूह ए में हुआ चयन**

● **पिता करते हैं पांडित्य और भाई मजदूरी-किसानी, हरेन्द्र की कामयाबी पर उत्साहित है परिवार**

● **रेउसा के कनकारी गांव निवासी हरेन्द्र तिवारी ने परिवार, क्षेत्र व जनपद को किया गौरवान्वित**



**मंजिल** उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, परों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। इन लाइनों को सीतापुर के गांजर में रहने वाले हरेन्द्र तिवारी ने चरितार्थ कर दिया है। गुदड़ी के इस लाल ने ऐसा कमाल किया जिससे न सिर्फउसके बल्कि समूचे क्षेत्र और जनपद को गौरवान्वित कर दिया। बेहद साधरण परिवार में जन्में हरेन्द्र ने विपरीत हालातों का सामना करते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य कृषि सेवा परीक्षा 2020 में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (विकास शाखा) समूह ए में हरेन्द्र का चयन हुआ है। पुजारी का बेटा और मजदूर, किसान का भाई पीसीएस अफसर बन गया। हरेन्द्र की इस सफलता से उसका परिवार काफी उत्साहित है। सीतापुर के ब्लॉक रेउसा क्षेत्र के कनकारी में रहने वाले हरेन्द्र तिवारी उर्फ गुड्डू केटीम पहुंची तो बेहद खुशनुमा माहौल था। बेटे के पीसीएस अफसर बनने की खुशी पिता मूलचंद तिवारी की आंखों और उनकी बातों में साफ झलकी। आई इंडिया से बात करते हुए हरेन्द्र के पिता कई बार भावुक भी हो गए। दरअसल, पूजा-पाठ कर तीन बेटों और एक बेटी का पालन-पोषण कर रहे मूलचंद तिवारी की धर्मपत्नी का देहावसान उस समय हो गया था जब हरेन्द्र व उसकी बहन दिव्या छोटी ही थी। मूलचंद बताते हैं, कि धर्मपत्नी के देहावसान के बाद उसने मां और पिता दोनों की जिम्मेदारी निभाई। पांडित्य के अलावा डेढ़ एकड़ खेती में मेहनत मजदूरी कर जैसे भी बन पड़ा उसे पढ़ाया।कनकारी गांव में हरेन्द्र के पिता मूलचंद और उसके दो बड़े भाई रेशु तिवारी तथा वीरेन्द्र तिवारी रहते हैं। मां सविता का 18 साल पहले निधन हो चुका है। बहन दिव्या तिवारी भी एमए के बाद सिविल परीक्षा की तैयारी कर रही है। हरेन्द्र के परिवार की माली हालत कैसी है इसका अंदाजा आप उसका घर देखकर लगा सकते हैं। बड़े भाई रेशु ने बताया कि पैसों के अभाव में उसने हाईस्कूल के बाद पढ़ाई छोड़ दी और घर का खर्च चलाने में मदद करने के लिए मेहनज मजदूरी करने लगा। दूसरे भाई वीरेन्द्र ने भी संस्कृत से शास्त्री तक की पढ़ाई की है। हरेन्द्र पढ़ने में अच्छा था इसलिए उसकी पढ़ाई जारी रखी गई। इंटर तक की शिक्षा हरेन्द्र ने घर पर रहकर की है। फिर बीएसी हरदोई से की।

एमएससी सरदार बल्लभ भाई कृषि इंस्टिट्यूट मेरठ से की और टॉप किया। भाई रेशु ने बताया कि एमबीआरआई में नौकरी मिली तो हरेन्द्र ने जॉइन कर लिया। मगर उसका लक्ष्य कुछ और ही था, लिहाजा कुछ दिन बाद नौकरी छोड़कर फिर से तैयारी में जुट गया। पीएचडी में पहली रैंक हासिल की और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने में जुट गया। आखिरकार मेहनत रंग लाई और हरेन्द्र का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य कृषि सेवा परीक्षा 2020 में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (विकास शाखा) समूह ए में हो गया हैं।

# राजस्थान रॉयल्स फाइनल में, बटलर का चौथा शतक

## ● आरसीबी को सात विकेट से हराया

**भाषा।** अहमदाबाद

**राजस्थान रॉयल्स** ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर (नाबाद 106 रन) की तेज तर्रार शतकीय पारी से शुक्रवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर 29 मई को होने वाले फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना पदार्पण कर रही गुजरात टाइटंस से होगा।

इस सत्र में यह बटलर का चौथा शतक था जिसके लिए उन्होंने 59 गेंद में 10 चौके और पांच छक्के जड़े। फिर एक और छक्का जड़कर टीम को रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंचा दिया।

राजस्थान रॉयल्स ने खचाखच भरे स्टेडियम में पहले प्रसिद्ध कृष्णा (22 रन देकर तीन विकेट) और ओबेद मैकॉय (23 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से आरसीबी को आठ विकेट पर 157 रन के स्कोर पर रोक दिया था। फिर बटलर की 60 गेंद में 10 चौके और छह छक्के जड़ति नाबाद पारी से 18.1 ओवर में तीन विकेट 161 रन बनाकर जीत दर्ज की। राजस्थान रॉयल्स के लिए यशस्वी जायसवाल (21 रन) ने पहले ही ओवर में मोहम्मद सिराज पर दो छक्के और एक चौके से 16 रन जोड़कर तेज शुरूआत की। बटलर ने तीसरे ओवर में सिराज पर दो चौके और एक छक्का जबकि शाहबाज अहमद पर दो छक्के और एक चौका जड़ा। पर छठे ओवर की पहली गेंद पर जायसवाल (13 गेंद, एक चौका, दो छक्के) हेजलवुड की गेंद पर आउट हो गए और पहले विकेट के लिए बटलर के साथ 61 रन की साझेदारी भी खत्म हुई। बटलर ने टीम का मैच पर दबदबा बरकरार रखते हुए 23 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्हें जीवनदान भी मिला जब हर्षल पटेल की गेंद पर विकेटकीपर दिनेश कार्तिक कैच लपकने से चूक गए। राजस्थान रॉयल्स ने 9.1 ओवर में रनों का शतक पूरा किया। हसारंगा डिसिल्वा की गुगली पर कप्तान संजू सैमसन (23 रन) आउट हो गए जिससे बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी खत्म हुई। राजस्थान रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में 32 रन की जरूरत थी। बटलर ने 16वें ओवर में हसारंगा की चौथी गेंद पर छक्का जड़कर सत्र में 800 रन पूरे किए। फिर अंतिम गेंद पर लांग ऑन दूसरा छक्का जड़ा। बटलर अपने शतक की ओर बढ़ रहे थे, टीम ने देवदत्त पडीक्कल (09) के रूप में तीसरा विकेट गंवा दिया। इससे पहले पिछले एलिमिनेटर मैच में शतक जड़कर सुर्खियों में आए रजत पाटीदार (58 रन) के अर्धशतक के बावजूद आरसीबी बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सकी। पाटीदार ने छठे ओवर में मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 42 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के जड़े। कप्तान फॉफ डुप्लेसी ने 25 और ग्लेन मैक्सवेल (13 गेंद में, दो छक्के, एक चौका) ने 24 रन का योगदान दिया। कृष्णा ने पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ निराशाजनक गेंदबाजी प्रदर्शन से वापसी की और तीन विकेट झटके जिसमें विराट कोहली और दिनेश कार्तिक के विकेट शामिल थे। मैकॉय ने भी तीन विकेट झटके।




### स्कोरबोर्ड

**रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलोर** :कोहली का सैमसन बो प्रसिद्ध कृष्णा 07, डु प्लेसी का अश्विन बो मैकॉय 25,पाटीदार का बटलर बो अश्विन 58,मैक्सवेल का मैकॉय बो बोल्ट 24,लोमरोर का अश्विन बो मैकॉय 08,कार्तिक का पराग बो प्रसिद्ध कृष्णा 06,अहमद नाबाद 12,हसारंगा बो प्रसिद्ध कृष्णा 00, पटेल बो मैकॉय 01,हेजलवुड नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 15,**कुल** : 20 ओवर में आठ विकेट पर 157 रन,**विकेट पतन** :1-9, 2-79, 3-111, 4-130, 5-141, 6-146, 7-146, 8-154, **गेंदबाजी** : ट्रेंट बोल्ट 4-0-28-1,प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-22-3,ओबेद मैकॉय 4-0-23-3,रविचंद्रन अश्विन 4-0-31-1,युजवेंद्र चहल 4-0-45-0

**राजस्थान रॉयल्स** : यशस्वी का कोहली बो हेजलवुड 21,बटलर नाबाद 106 ,सैमसन स्टं कार्तिक बो डिसिल्वा 23, पडीक्कल का कार्तिक बो हेजलवुड 09,हेटमायर नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 00,**कुल** : 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 161 रन,**विकेट पतन** :1-61, 2-113, 3-148,गेंदबाजी : सिराज 2-0-31-0,हेजलवुड 4-0-23-2,मैक्सवेल 3-0-17-0,अहमद 2-0-35-0, पटेल 3.1-0-29-0, हसारंगा 4-0-26-1

# जापान से बदला चुकता करने उतरेगा भारत

## ● एशिया कप हॉकी का सुपर चार मुकाबला आज

**भाषा।** जकार्ता




**जोरदार वापसी** करके अगले दौर के जिए क्वालीफाई करने वाली आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को यहां एशिया कप के सुपर चार के अपने मैच में जपान से भिड़ेगी तो उसकी नजरें बेहतर प्रदर्शन करके इस टीम के खिलाफ ग्रुप चरण में मिली हार का बदला चुकता करने पर टिकी होंगी। अंतिम ग्रुप लीग मैच में इंडोनेशिया की कमजोर टीम का सामना करने के बावजूद सरदार सिंह के मार्गदर्शन में खेल रही युवा टीम की एक घंटे में 16 गोल दागने के लिए सराहना हो रही है। भारत को पाकिस्तान को पछाड़कर सुपर चार में जगह बनाने के लिए 15–0 या इससे बेहतर अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी और टीम ऐसा करने में सफल रही। भारत और पाकिस्तान दोनों के पूल ए में चार अंक रहे लेकिन गत चैंपियन भारत ने बेहतर गोल अंतर के कारण अगले दौर में जगह बनाई। इस ग्रुप में जापान शीर्ष पर रहा। पहले दो मैच में हालांकि भारत का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। मेजबान होने के नाते पहले ही अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के कारण भारत ने टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों को उतारने का फैसला किया जिससे कि उन्हें अनुभव मिल सके। भारतीय टीम में 12 ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने इससे पहले सीनियर स्तर पर कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला।

भारत ने पहले मैच में पाकिस्तान से 1–1 से ड्रॉ खेला और फिर उसे जापान के खिलाफ 2–5 की हार का सामना करना पड़ा जिससे उस पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। भारत ने हालांकि जोरदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की और अगले दौर में जगह बनाई। टीम को जापान से भी मदद मिली जिसने पाकिस्तान को अपने अंतिम ग्रुप मैच में 3–2 से हराया। भारतीय टीम सुपर चार चरण में अब बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी जहां जापान और उसके अलावा दक्षिण कोरिया और मलेशिया ने जगह बनाई है। ए सभी टीम एक दूसरे से एक बार भिड़ेंगी जिसके बाद शीर्ष दो टीम के बीच फाइनल होगा। भारत अब जापान से ग्रुप चरण में मिली हार का बदला लेना चाहेगा। टीम की राह हालांकि आसान नहीं होगी। जापान की टीम पलटवार करने में माहिर है और ग्रुप चरण में भारत के खिलाफ इसका नजारा पेश कर चुकी है।

पेनल्टी कॉर्नर पर अधिक गोल करने में नाकामी भारत की चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि टीम के पास रूपिंदरपाल सिंह और अमित रोहिदास जैसा ड्रैगफ्लिकर नहीं है। यहां तक कि इंडोनेशिया की कमजोर टीम के खिलाफ भी भारत 20 से अधिक पेनल्टी कॉर्नर में से आधों को भी गोल में नहीं बदल सका। भारत की रक्षापंक्ति को गति पर निर्भर जापान के खिलाड़ियों को रोकने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मिडफील्ड को भी गोल करने के अधिक मौके बनाने होंगे।

### साइ ने तीन सदस्ईय समिति का गठन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने जिम्नास्ट अरुणा बुद्ध रेड्डी के वीडियोग्राफी के आरोपो की जांच के लिए शुक्रवार को कार्यकारी निदेशक (टीम) राधिका श्रीमन की अध्यक्षता मे तीन सदस्ईय जांच समिति का गठन किया। अरुणा का आरोप है कि मार्च के महीने मे आयोजित एक शारीरिक फिटनेस परीक्षण के दौरान उनकी सहमति के बिना उनकी वीडियोग्राफी की गई। जांच समिति मे राधिका के अलावा कोच कमलेश तिवाना और उप निदेशक (संचालन) कैलाश मीणा भी शामिल है।

### माराडोना के सम्मान में बनेगा फ्लाइंग म्यूजियम

**ब्यूनर्स आयर्स।** अर्जेन्टीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना के सम्मान में जल्द ही आसमान मे फ्लाइंग म्यूजियम (उड़ता हुआ संग्रहालय) उड़ता हुए नजर आएगा। बुधवार रात टेंगो डी10एस विमान को पेश किया गया जो अर्जेन्टीना मे विभिन्न स्थलों पर जाएगा और माराडोना के प्रशंसको को मैदान पर आने के लिए प्रेरित करेगा। माराडोना का 2020 मे 60 साल की उम्र मे मस्तिष्क की सर्जरी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। विमान के बाहरी हिस्से मे माराडोना की तस्वीरें लगाई गई। इसमे 1986 की वह तस्वीर भी है जिसमे माराडोना अर्जेन्टीना की जर्सी पहने हुए है और विश्व कप ट्रॉफी को चूम रहे है।

### विशेष आम बैठक की अनुमति की मांग वाली जेओए की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विशेष आम बैठक आयोजित करने की अनुमति की मांग वाली झारखंड ओलंपिक संघ (जेओए) की याचिका को शुक्रवार को खारिज करते हुए इस मुद्दे पर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करने को कहा। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नही है। ऐसे मे विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने दलील दी कि दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने उन्हे मौका दिया था और कहा था कि खेल के व्यापक हित मे उन्हें (जेओए) चीजों को ठीक करने की आवश्यकता है।

### एशियाई खेलों के स्थगित होने से हमें सुधार करने का अधिक समय मिलेगा: सविता

**बेंगलुरू** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता को एशियाई खेलों मे अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है क्योंकि हांगझोउ मे होने वाले इन महाद्वीपीय खेलो के स्थगित होने से टीम को ट्रेनिंग और सुधार करने का अधिक समय मिलेगा जैसा तोक्यो ओलंपिक के एक साल के लिए स्थगित होने के दौरान हुआ था। ओलंपिक खेल 2020 को कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित किया गया था और इनका आयोजन 2021 मे हुआ था। भारतीय टीम को अब दोबारा इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि एशियाई खेलो को भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सविता ने हॉकी इंडिया के पोडकास्ट हॉकी ते चर्चा पर कहा, हम इन खेलो के स्थगित होने से एक बार फिर इस तरह निपटेंगे कि हम इसे एशियाई खेलों के लिए ट्रेनिंग और बेहतर तैयार होने के मौके के रूप मे लेंगे।

# चेसेबल मास्टर्स फाइनल: टाईब्रेक में डिंग लिरेन से हारे प्रज्ञानानंदा

**भाषा।** चेन्नई



युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को शुक्रवार को मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2020 आनलाइन टूर्नामेंट के फाइनल में कड़े मुकाबले में टाईब्रेकर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डिंग लिरेन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेन्नई के 16 साल के प्रज्ञानानंदा ने वापसी करते हुए पहला सेट गंवाने के बाद दूसरा सेट जीत लिया लेकिन इसके बाद वह दो बाजी के ब्लिट्ज टाईब्रेकर में हार गए। पहला सेट 1.5–2.5 से गंवाने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर ने वापसी करते हुए दूसरा सेट 2.5–1.5 से जीता जिसके कारण नजीजे के लिए ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लेना पड़ा। लिरेन ने इसके बाद अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए दूसरी टाईब्रेकर बाजी में प्रज्ञानानंदा को हरा दिया। टाईब्रेकर की पहली बाजी ड्रॉ रही थी लेकिन चीन के खिलाड़ी ने अगली बाजी 49 चाल में जीतकर प्रज्ञानानंदा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले मुकाबले को टाईब्रेक में खींचने के लिए प्रज्ञानानंदा को दूसरा सेट जीतना जरूरी था और उन्होंने महत्वपूर्ण जीत दूसरी बाजी में 79 चाल में दर्ज की। दूसरे सेट की अन्य बाजी बराबरी पर छूटी जिससे मुकाबले के नतीजे के लिए टाईब्रेक का सहारा लिया गया। प्रज्ञानानंदा सेमीफाइनल में नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीष गिरी को हराकर मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाहले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को दूसरी बार हराया और फिर क्वार्टर फाइनल में चीन के वेई ई को शिकस्त दी।

### पंत अगर 100 टेस्ट खेलते हैं तो उनका नाम हमेशा के लिए रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो जाएगा : सहवाग

**भाषा।** मुंबई

पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने शुक्रवार को कहा कि अगर ऋषभ पंत अपने नाम को हमेशा के लिए रिकॉर्ड बुक में दर्ज करना



चाहते हैं तो उन्हें देश के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने का प्रयास करना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरे शतक लगाने वाले देश के एकमात्र क्रिकेटर सहवाग उन 11 भारतीयों में शामिल हैं, जिन्होंने 100 से अधिक टेस्ट खेले हैं और 8500 से अधिक रन बनाए हैं। पंत भारत के इकलौते विकेटकीपर है जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं। उन्होंने अब तक 30 टेस्ट खेले हैं और 40.85 की औसत से 1920 रन बनाए हैं।

# फर्नांडो को छह विकेट, श्रीलंका ने श्रृंखला जीती

## ● बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया

**भाषा।** ढाका

**असित फर्नांडो** की तूफानी गेंदबाजी से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1–0 से जीत ली।

बांग्लादेश का स्कोर दूसरी पारी में एक समय पांच विकेट पर 156 रन था और लग रहा था कि मेजबान टीम मैच ड्रॉ कराने की ओर बढ़ रही है लेकिन फर्नांडो (51 रन पर छह विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के आगे टीम 169 रन पर ढेर हो गई। पहली पारी में 93 रन देकर चार विकेट चटकाने वाले फर्नांडो ने करियर में पहली बार मैच में 10 विकेट हासिल किए। श्रीलंका को 29 रन का लक्ष्य मिला जिसके बाद ओशादा फर्नांडो (नौ गेंद में नाबाद 21 रन) और कप्तान दिमुथ करूणारत्ने (नाबाद सात) ने तीसरे ओवर में ही मेहमान



टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 29 रन तक पहुंचाकर उसे जीत दिला दी। अनुभवी शाकिब अल हसन (58) और लिटन दास (52) ने इससे पहले बांग्लादेश से पारी के हार के खतरे को टाला। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 34 रन से की। इस समय टीम को पारी की हार का खतरा टालने के लिए 107 रन की दरकार थी। टीम ने दिन के आठवें ओवर में ही अच्छी फॉर्म में चल रहे मुशफिकुर रहीम (23) का विकट गंवा दिया जिन्हें कासुन रजिता (40 रन पर दो विकेट) ने नीची रहती गेंद पर बोल्ड किया। श्रीलंका की पारी में 96 रन पर पांच विकेट चटकाने वाले शाकिब ने इसके बाद मोर्चा संभाला और कुछ आकर्षक शॉट खेले। पहली पारी में करियर की सर्वश्रेष्ठ 141 रन की पारी खेलने वाले लिटन ने सतर्कता से बल्लेबाजी की। उन्हें मैदानी अंपायर ने नौ रन के निजी स्कोर पर आउट दिया लेकिन डीआरएस की मदद लेने पर मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन ने बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रम की गेंद पर एक रन के साथ अपने 33वें टेस्ट में दो हजार रन पूरे किए। शाकिब ने तेजर्तार पारी खेलते हुए आफ स्पिनर धनंजय डिसिल्वा पर चौके के साथ 62 गेंद में 27वां अर्धशतक पूरा किया। लिटन ने भी 130 गेंद में 13वां अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके तुरंत बाद फर्नांडो को उन्हीं की गेंद पर वापस कैच थमा दिया जिसके बाद बांग्लादेश की पारी ढह गई।

उन्होंने शाकिब के साथ छठे विकेट के लिए 103 रन जोड़े और अपनी पारी के दौरान 135 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके मारे। शाकिब भी फर्नांडो की गेंद पर विकेटकीपर निरोशन डिकवेला को कैच दे बैठे जिससे बांग्लादेश की टेस्ट ड्रॉ कराने की रही सही उम्मीद भी टूट गई। शाकिब ने 72 गेंद का सामना करते हुए सात चौके मारे। फर्नांडो ने इसके बाद ताइजुल इस्लाम (01) और खालिद अहमद (00) को पवेलियन भेजकर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 365 रन बनाए थे जिसके जवाब में श्रीलंका ने 506 रन का स्कोर खड़ा किया था।

# छेत्री की वापसी से जोर्डन के खिलाफ मैत्री मैच में भारत के पास बेहतर मौका

**भाषा।** दोहा

**भारतीय फुटबॉल** टीम शनिवार को यहां अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जोर्डन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले में जब मैदान में उतरेगी तो करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री की चोट से वापसी से उसका उत्साह बढ़ा हुआ होगा। सैंतीस साल के छेत्री ने पिछली बार अक्टूबर 2021 में सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में नेपाल पर 3–0 से जीत के दौरान भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उसके बाद से वह चोट के कारण टीम से बाहर थे। एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर 2023 से पहले यह मैच भारत के लिए तैयारी का आखिरी मौका होगा।



एशियाई कप क्वालीफायर के मैच आठ जून से कोलकाता में खेले जाएंगे। भारतीय टीम फीफा रैंकिंग में 106 वें स्थान पर है जबकि जोर्डन की फीफा रैंकिंग 91 है। भारतीय टीम इस मुकाबले के लिए बुधवार को यहां पहुंची। कोच इगोर स्टिमक ने कहा, मजबूत टीम के साथ एक और मैच खेलना मददगार होगा। क्वालीफायर से पहले यह हमारा आखिरी मैत्री मैच है और हम टीम में कुछ मुद्दों का हल तलाश रहे हैं। हमारे कुछ युवाओं के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक अनुभव हासिल करने का शानदार अवसर होगा। प्रतिद्वंद्वी टीम के रूप में जोर्डन के बारे में, कोच ने कहा, जोर्डन की रैंकिंग बेलारूस (फीफा रैंकिंग 93) से बेहतर है, लेकिन उनके खिलाड़ी शारीरिक रूप से बेलारुस की तरह मजबूत नहीं हैं इसलिए हमारे लिए गेंद को अपने पास रखना थोड़ा आसान होना चाहिए। भारतीय टीम मार्च में बेलारुस के खिलाफ खेली थी जिसमें उसे 0–3 से हार का सामना करना पड़ा था। मैच भारतीय समयानुसार रात 9:30 बजे खेला जाएगा।

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता 29 मई से कोयंबटूर में

**कोयंबटूर।** रेलवे और वायुसेना समेत देश भर की बड़ी टीमें यहां 29 मई से शुरू हो रहे अखिल भारतीय पुरुष और महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट में खिताब के लिए दावेदारी पेश करेंगी। पुरुषों के लिए नचिमुथु गौंडर कप के 55वें सत्र में नौ टीमें हिस्सा लेंगी तो वहीं महिलाओं के वर्ग में 19वीं सीआरआई पंप्स ट्रॉफी में आठ टीमों के बीच मुकाबला होगा। आयोजकों ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुरुष वर्ग में खिताब की दावेदार भारतीय रेलवे के अलावा भारतीय वायु सेना (नई दिल्ली), भारतीय नौसेना, लोनावाला, केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) और केरल पुलिस (दोनों तिरुवनंतपुरम), बैंक ऑफ बड़ौदा, बेंगलुरु स्पोर्ट्स हॉस्टल ऑफ एक्सीलेंस और टीएनबीए, टीआरडब्ल्यू (दोनों चेन्नई) और कोयंबटूर जिला बास्केटबॉल संघ (सीडीबीए) की टीमें चुनौती पेश करेंगी।

# हरियाणा और एसएससीबी चैंपियन

## ● सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप

**भाषा।** बेल्लारी (कर्नाटक)

**सेना खेल** नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) और हरियाणा के मुक्केबाजों ने 2022 सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में यहां क्रमश: लड़कों और लड़कियों के वर्ग का टीम चैंपियनशिप खिताब जीता। गत राष्ट्रीय एलीट पुरुष चैंपियन एसएससीबी ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया। टीम के सभी नौ मुक्केबाज सर्वसम्मति से अपने मुकाबले जीतने में सफल रहे जिससे उसने लड़कों की टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। एसएससीबी ने 73 अंक जुटाए और 10 पदक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। एसएससीबी के आकाश बधवार सबसे प्रभावी मुक्केबाज रहे। उन्होंने लड़कों के 40 किग्रा फाइनल में हरियाणा के विनीत कुमार को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। आकाश को चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुना गया। हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने क्रमश: 58 और 24 अंक के साथ लड़कों के वर्ग में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा के महेश (46 किग्रा) को सबसे प्रतिभावान मुक्केबाज जबकि झारखंड के अनीष कुमार सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ चैलेंजर पुरस्कार दिया गया। लड़कियों के वर्ग में हरियाणा ने 60 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। टीम 10 पदक के साथ शीर्ष पर रही। पुणे की आर्या को सबसे प्रतिभावान मुक्केबाज चुना गया जबकि मणिपुर की जॉयश्री देवी को सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुना गया।





फ्रेंच ओपन में शाट लगाते नोवाक व जीत के बाद प्रतिक्रिया देते डिएगो

# तेज गेंदबाजों और बटलर की तारीफ की सैमसन ने

**भाषा।** अहमदाबाद

**राजस्थान रॉयल्स** के कप्तान संजू सैमसन ने शुक्रवार को यहां आईपीएल के फाइनल में पहुंचने के बाद तेज गेंदबाजों और जोस बटलर (नाबाद 106 रन) की प्रशंसा की। राजस्थान रॉयल्स ने दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी को सात विकेट से हराकर 29 मई को होने वाले फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना पदार्पण कर रही गुजरात टाइटंस से होगा। सैमसन ने मैच के बाद कहा, आईपीएल में हम उछाल भरी पिचों पर खेलने के आदी हो गए हैं। यह लंबा टूर्नामेंट है जिसमें उतार चढ़ाव चलता रहता है। विकेट से पहले तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिल रही थी। उछाल अच्छा था। उन्होंने कहा, लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने वास्तव में काफी अच्छी गेंदबाजी की। बटलर की पारी पर उन्होंने कहा, हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे पास जोस (बटलर) है।

### बाबर सभी प्रारूपों में नंबर एक बनने वाला पहला बल्लेबाज बन सकता है : कार्तिक

**दुबई।** भारत के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि बाबर आजम जल्द ही सभी प्रारूपों में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन सकते हैं और पाकिस्तान के कप्तान को अपनी बल्लेबाजी तकनीक में बदलाव का फायदा मिल रहा है। तीनों प्रारूपों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाबर अभी टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक बल्लेबाज हैं और कार्तिक को भरोसा है कि बाबर खेल के इतिहास में तीनों प्रारूप में शीर्ष पर काबिज होने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं। कार्तिक ने द आईसीसी रिव्यु पर कहा, शत प्रतिशत हो सकता है (वह तीनों प्रारूप में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने में सक्षम है)।

### आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कार्तिक को फटकार

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को कोलकाता में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी टीम के एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रेस विज्ञप्ति में हालांकि यह जिक्र नहीं है कि असल में उन्होंने क्या अपराध किया।

### आईपीएल जैसी लीग की अवधि बढ़ाने से द्विपक्षीय श्रृंखलाओं के लिए समय कम होगा: बार्कले

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने शुक्रवार को कहा कि अगर आईपीएल जैसी टी20 लीग की आयोजन अवधि बढ़ेगी तो अंतरराष्ट्रीय टीमों के बीच द्विपक्षीय मुकाबले कम हो सकते हैं। आईपीएल में इस सत्र में दो नई टीमों के जुड़ने के बाद मैचों की संख्या 74 हो गई। पिछले सत्र में कुल 60 मैच खेले गए थे। यह पूछे जाने पर कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए बार्कले ने कहा, यह एक अच्छा प्रश्न है। आईपीएल और इस तरह की कुछ अन्य घरेलू लीग के मैचों में बढ़ोतरी के साथ नई लीग भी शुरू होगी।

### धोनी सर का विश्व कप विजई शॉट हर मैच में छक्के जड़ने के लिए प्रेरित करता है: किरण

**पुणे।** महेंद्र सिंह धोनी का विश्व कप जिताने वाला छक्का भारतीयों के दिल और दिमाग में बसा हुआ है और इस शॉट ने कई लोगों की जिंदगी बदल दी थी जिसमें सोलापुर की एथलीट किरण नवगिरे भी शामिल है। एथलेटिक्स का नुकसान इसके बाद क्रिकेट का फायदा बन गया जब महाराष्ट्र की राज्य स्तर की पूर्व एथलीट किरण ने फैसला किया कि अगर वह अपने आदर्श की तरह लंबे शॉट नहीं खेल पाई तो फिर क्या मजा। धोनी के उस शॉट के 11 साल बाद नगालैंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली 28 साल की किरण ने तुरंत सुर्खियां बटोरी जब उन्होंने बड़े शॉट खेलने की अपनी क्षमता से प्रभावित किया। महिला टी20 चैलेंज में दाएं हाथ की बल्लेबाज किरण ने अपनी टीम वेलोसिटी की ओर से सबसे तेज अर्धशतक जड़ा और उनकी 34 गेंद में 69 रन की पारी को लंबे समय तक याद रखा जाएगा।